पटना, शनिवार
18.07.2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 4 संवत 2083
पृष्ठ 18, मूल्य : ₹ 4
वर्ष : 31, अंक : 76
रजिस्ट्रेशन : आर एन 66055/96

# प्रभात खबर

बिहार जागे... देश आगे

नगर संस्करण

पटना । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । रांची । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । कोलकाता से प्रकाशित

facebook.com/prabhat.khabar | twitter.com/prabhatkhabar | instagram.com/prabhat.khabar | youtube.com/c/PrabhatKhabartv

बिहार सरकार

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

विकसित भारत - समृद्ध बिहार

## श्री सम्राट चौधरी

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार

के कर-कमलों द्वारा

## बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना

के

## तृतीय दीक्षांत समारोह

का

## आयोजन

### विशिष्ट अतिथि

**श्री विजय कुमार चौधरी**
माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार

**श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव**
माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्रीमती शीला कुमारी**
माननीया मंत्री, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार

**श्री मिथिलेश तिवारी**
माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार

दिनांक- 18 जुलाई, 2026 | समय- 4:00 बजे अपराह्न | स्थान- ज्ञान भवन, पटना

PR_No-008180(Sci. & Tech.)D.2026-27







एक्सक्लूसिव

- रुकनपुरा के दक्षिणी फ्लैंक पर सड़क किनारे लगे पेड़ों को हटाने के लिए वन विभाग को भेजा गया पत्र
- नये ट्रैफिक प्लान से बेली रोड पर रोजाना गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही होगी आसान

# सगुना मोड़ से पाटलिपुत्र जंक्शन जाने वालों के लिए रुकनपुरा में बनेगा यू-टर्न

राजधानी के व्यस्ततम बेली रोड पर रुकनपुरा और राजा बाजार पुल के आसपास लगने वाले जाम से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है. यातायात पुलिस ने इस दिशा में अहम पहल करते हुए रुकनपुरा के दक्षिणी फ्लैंक पर सड़क किनारे स्थित तीन पेड़ों को हटवाने के लिए प्रभागीय वन पदाधिकारी को पत्र भेजा है. साथ ही रूपसपुर रेलवे ओवरब्रिज और राजा बाजार पुल के बीच एक नया यू-टर्न बनाने की योजना तैयार की गयी है. अधिकारियों का मानना है कि इन दोनों कदमों से प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले 10 हजार से अधिक वाहनों की आवाजाही सुगम होगी और लंबे समय से बनी जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी.

रुकनपुरा के दक्षिणी फ्लैंक पर सड़क किनारे स्थित तीन पेड़ों को हटवाने के लिए प्रभागीय वन पदाधिकारी को पत्र लिखा गया है. पेड़ हटने के बाद आवागमन में सुविधा होगी. इसके साथ ही कुछ हद तक जाम पर भी काबू पाया जा सकेगा.

**-सागर झा,** यातायात एसपी




*तीन पेड़ों के हटने के बाद आवागमन में सुविधा होगी. इसके साथ ही कुछ हद तक जाम पर भी काबू पाया जा सकेगा.*




## जाम की बड़ी वजह...

सगुना मोड़ की ओर से आने वाले अधिकांश वाहन रूपसपुर रेलवे ओवरब्रिज से उतरने के बाद पाटलिपुत्र स्टेशन जाने के लिए पुल के समीप ही गलत दिशा में यू-टर्न ले लेते हैं. इसी मार्ग से पाटलिपुत्र स्टेशन की ओर से आने वाले वाहन भी राजा बाजार की तरफ बढ़ते हैं, जिससे दोनों दिशाओं का ट्रैफिक एक-दूसरे में उलझ जाता है. इसका सीधा असर रूपसपुर पुल और राजा बाजार पुल पर पड़ता है और पीक आवर में वाहनों की लंबी कतार लग जाती है.इसी समस्या के समाधान के लिए पुल के आगे नया यू-टर्न बनाया जाएगा, ताकि वाहन निर्धारित स्थान से सुरक्षित तरीके से मुड़ सकें और पुल के समीप अनावश्यक दबाव कम हो.

## स्कूली बस और एंबुलेंस भी फंस रहे जाम में

यातायात पुलिस ने वन विभाग को भेजे गये पत्र में कहा है कि रुकनपुरा के दक्षिणी फ्लैंक पर स्थित तीन पेड़ों के कारण सड़क चौड़ीकरण और ट्रैफिक प्रबंधन प्रभावित हो रहा है. सुबह, दोपहर और शाम के व्यस्त समय में यहां स्कूली बसें, एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं. इससे मरीजों, विद्यार्थियों और आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है. पुलिस ने सार्वजनिक हित और निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने के लिए पेड़ों को हटवाने का अनुरोध किया है.

## सीएनजी वाहनों की कतार भी बढ़ा रही परेशानी

रुकनपुरा के समीप राजा बाजार पुल के बगल में स्थित पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में वाहन पहुंचते हैं. सड़क तक लगने वाली लंबी कतार के कारण सर्विस लेन और मुख्य मार्ग दोनों प्रभावित होते हैं. रूपसपुर पुल से उतरने वाले वाहनों को राजा बाजार पुल पर चढ़ने या सर्विस लेन में प्रवेश करने में भारी दिक्कत होती है. मौके पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के बावजूद सीएनजी वाहनों की लंबी लाइन के कारण यातायात सुचारु रखना चुनौती है.

# शिकायत पर सिविल सर्जन ने एएनएम से मांगी लाइव लोकेशन

- दानापुर प्रखंड के मखदूमपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की जांच के दौरान गायब मिली एएनएम मंजू कुमारी, हुई कार्रवाई

**संवाददाता, पटना**

**मखदूमपुर** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की शिकायत पर सिविल सर्जन डॉ योगेंद्र प्रसाद ने एएनएम को फोन कर लाइव लोकेशन मांगी. लाइव लोकेशन में एएनएम सेंटर पर मौजूद नहीं मिलीं. इस मामले में सिविल सर्जन ने जांच के आदेश देते हुए एएनएम की चार दिनों की उपस्थिति काट दी.स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के निर्देश के बाद जिला स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की निगरानी तेज कर दी गयी है. इसी क्रम में शुक्रवार को दिन में 2:30 बजे सिविल सर्जन ने दानापुर प्रखंड के मखदूमपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण किया.

**सीएचओ से भी मांगी यी उपस्थिति** : सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) अमृता कुमारी की भी जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा लाइव उपस्थिति मांगी गयी. अमृता कुमारी ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की. बता दें कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए सिविल सर्जन द्वारा नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जा रहा है.

# गंगा का बढ़ा जलस्तर, 40 मीटर पहुंचा



**संवाददाता, पटना**

राजधानी में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. अब नदी का पानी पक्के घाटों तक पहुंचने लगा है. आमतौर पर भीषण गर्मी के दिनों में पानी अधिकांश घाटों से काफी दूर चला जाता है, लेकिन अब स्थिति बदलने लगी है. दीघा घाट पर गंगा का जलस्तर 40 मीटर तक पहुंच गया है, हालांकि यह अभी खतरे के निशान से काफी नीचे है. दीघा घाट पर डेंजर लेवल 50.45 मीटर निर्धारित है. इसी तरह गांधी घाट पर भी नदी का जलस्तर बढ़कर 40 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि यहां खतरे का निशान 48.60 मीटर पर है. दोनों मुख्य घाटों पर जलस्तर फिलहाल नियंत्रण में है.

## 46 वाहनों पर 68,100 रुपये का जुर्माना

**पटना.** राजधानी में पटना यातायात पुलिस ने शुक्रवार को विशेष एस ड्राइव अभियान चलाया. इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर कुल 46 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 68,100 रुपये का जुर्माना एवं पेंडिंग चालान वसूला गया. साथ ही सात ऑटो और इ-रिक्शा जब्त किये गये. एयरपोर्ट ओपी क्षेत्र के जू गेट नंबर-1 के पास चलाये गये अभियान में पांच ऑटो-इ-रिक्शा जब्त किये गये.15 वाहनों पर 33,000 रुपये का पेंडिंग चालान काटा गया, जबकि ओपी प्रभारी ने नौ वाहनों से 4,600 रुपये का जुर्माना वसूला. फुलवारी शहीद चौक गोलंबर के पास दो इ-रिक्शा जब्त किये गये.

# 33 से अधिक संक्रामक बीमारियों पर पैनी नजर रखेगा एमएसयू, छह सदस्यीय विशेषज्ञ नियुक्त

**संवाददाता, पटना**



तैयार हुआ मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट की अत्याधुनिक प्रयोगशाला.

**पटना** नगर निगम क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण को मजबूत करने के लिए राजाघाट में मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट की अत्याधुनिक प्रयोगशाला (बीएसएल-II लैब) और डेटा सेंटर बनकर तैयार हो गया है. इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आइडीएसपी) के तहत स्थापित की जा रही इस यूनिट से शहर की जनस्वास्थ्य निगरानी प्रणाली को बड़ी मजबूती मिलेगी. इस अत्याधुनिक सर्विलांस यूनिट का मुख्य काम पटना शहर में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी करीब 33 अधिसूचित संक्रामक बीमारियों की सतत निगरानी करना है. इसके साथ ही कोविड-19, इबोला और निपाह जैसी नयी और उभरती संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावनाओं, उनके पैटर्न और प्रकोप पर भी यह यूनिट पैनी नजर रखेगी.

**छह सदस्यीय विशेषज्ञ टीम की हुई नियुक्तिः** इस पूरे कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए छह सदस्यीय विशेषज्ञ टीम की नियुक्ति प्रक्रिया भी पूरी कर ली गयी है. इस विशेषज्ञ टीम में पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, वित्त विशेषज्ञ, आईटी मैनेजर, डेटा मैनेजर और मल्टीपर्पस वर्कर शामिल हैं.

**एम्स : शुगर पीड़ित नेत्र रोगियों का बनेगा डाटाबेस, तैयार हो रहा सॉफ्टवेयर**

# एआइ से शुगर पीड़ित नेत्र रोगियों की होगी पहचान

**संवाददाता, पटना**

**एम्स** का नेत्र रोग विभाग डायबिटीज से होने वाली आंखों की गंभीर बीमारी डायबिटीक रेटिनोपैथी की समय से पूर्व पहचान के लिए एआइ सॉफ्टवेयर बना रहा है. नेत्र रोग विभाग 50000 से अधिक शुगर पीड़ित नेत्र मरीजों का डेटाबेस तैयार कर रहा है. इसके आधार पर बीमारी की पहचान के लिए विजुअल प्रोग्नोसिस सिस्टम के तहत सॉफ्टवेयर तैयार होगा. इससे बीमारी की पहचान शुरुआत में में ही हो जायेगी. वर्तमान में दिल्ली एम्स ने ऐसा साफ्टवेयर तैयार किया है, उसके आधार पर गोरखपुर एम्स और पटना एम्स में भी तैयारी की जा रही है.

**समय पर जांच व इलाज नहीं मिलने से अंधेपन का बढ़ा खतरा** : एम्स के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने बताया कि डायबिटिक रेडिनोपैथी शुगर मरीजों में निकट दृष्टि दोष और अंधेपन का एक सबसे बड़ा कारण है. समय पर जांच और इलाज नहीं मिलने से मरीज की आंखों की रोशनी तक चली जाती है. इसी को लेकर डेटाबेस तैयार किया जा रहा है. इसमें मरीजों की रेटिना की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें, चिकित्सकीय जानकारी और इलाज संबंधी पूरी जानकारी ली जायेगी. इन आंकड़ों के आधार पर मशीन लर्निंग और एआइ तकनीक का उपयोग करते हुए मशीन आधारित विजुअल प्रोग्नोसिस सिस्टम विकसित किया जायेगा. यह तकनीक रेटिना की तस्वीरों का विश्लेषण कर बीमारी की गंभीरता को भी अच्छे से पता लगायेगी, ताकि मरीजों का इलाज और आसान हो सके.

## आइजीआइएमएसः एंबुलेंस को दिखायी हरी झंडी

**पटना.** आइजीआइएमएस में इलाज कराने आने वाले गंभीर मरीजों को एंबुलेंस सेवा देने के लिए दो नयी एंबुलेंस सुविधा का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया. अब विभिन्न विभागों के मरीजों के त्वरित स्थानांतरण, रेफर करने व आपातकालीन परिस्थितियों में शीघ्र चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी. अत्याधुनिक एंबुलेंस एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय ने प्रदान की है. आइजीआइएमएस के निदेशक प्रो डॉ बिंदे कुमार व उपनिदेशक डॉ विभूति प्रसन्न सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया. मौके पर डॉ बिंदे कुमार ने कहा कि पहले से उपलब्ध चार अत्याधुनिक एंबुलेंस के साथ अब दो और एंबुलेंस संस्थान को मिल गयी हैं. इससे स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी. गंभीर और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी. इस अवसर पर उपनिदेशक प्रो. डॉ विभूति प्रसन्न सिन्हा ने एनटीपीसी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल संस्थान की आपातकालीन सेवाओं को और प्रभावी बनायेगी. कार्यक्रम में एनटीपीसी बाढ़ के कार्यकारी निदेशक सत्य रामा कृष्ण, मानव संसाधन पूर्वी क्षेत्र-एक मुख्यालय के महाप्रबंधक विल्सन अब्राहम, मानव संसाधन बाढ़ सुपर थर्मल पावर स्टेशन के अपर महाप्रबंधक प्रशांत कुमार सामल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

फुटबॉल का महाकुंभ
फीफा विश्व कप 2026

पटना, शनिवार
18.07.2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 4 संवत 2083
पृष्ठ 18, मूल्य : ₹ 4
नगर संस्करण
वर्ष : 31, अंक : 76, रजिस्ट्रेशन : आर एन 66055/96

# प्रभात खबर

बिहार जागे... देश आगे

पटना | मुजफ्फरपुर | भागलपुर | रांची | जमशेदपुर | धनबाद | देवघर | कोलकाता से प्रकाशित






स्पोर्ट्स — जिस रोहित को बाहर करने की तैयारी, वह नंबर-2 स्कोरर... 15

देश-विदेश — देश में 60% लोग एआइ से कर रहे ऑनलाइन सर्च की शुरुआत...14



प्रभात खबर
सुपर मानसून धमाका 2026
जुलाई कूपन नं. - 17


**अंदर पढ़ें...**

संसद का मॉनसून सत्र 20 से, सात विधेयक होंगे पेश

पढ़ें पेज 14 पर

## तबादला : 5.81 लाख शिक्षकों के लिए 29 से खुलेगा पोर्टल, पांच अगस्त तक आवेदन

संवाददाता, पटना

**राज्य** के 5.81 लाख से अधिक शिक्षकों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित तबादला प्रक्रिया अब शुरू होने जा रही है. शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत स्थानांतरण की विस्तृत



अधिसूचना जारी कर दी. इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन से लेकर अंतिम स्थानांतरण सूची जारी होने तक का पूरा कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है. इसके तहत 29 जुलाई से पोर्टल खुलेगा और पांच अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे. इस दौरान शिक्षक समायोजन/समानुपातीकरण और पारस्परिक स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकेंगे. इसके बाद स्थानांतरण प्रक्रिया को तीन चरणों में पूरा किया जायेगा. शिक्षा विभाग ने समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है.

### तीन चरणों में पूरी होगी तबादला प्रक्रिया

**पहला चरण**
सात अगस्त से नौ सितंबर तक समायोजन और समानुपातीकरण की प्रक्रिया चलेगी. इस अवधि में सूची का प्रकाशन, आपत्तियों की सुनवाई और उनके निष्पादन का कार्य होगा.

**दूसरा चरण**
10 से 14 सितंबर तक जिला, प्रमंडल और राज्य स्थापना समितियां पारस्परिक स्थानांतरण के मामलों का निष्पादन करेंगी.

**तीसरा चरण**
सामान्य स्थानांतरण होगा. इसके लिए 16 सितंबर को स्कूलवार संशोधित रिक्तियों की सूची जारी होगी. इसके बाद शिक्षक 17 से 23 सितंबर तक पसंद के स्कूलों का चयन कर सामान्य स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. 24 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच सामान्य स्थानांतरण सूची का प्रकाशन, अपीलों का निस्तारण और अंतिम आदेश जारी होंगे.



यह शिक्षक हित में बड़ा कदम है. पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन, पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से होगी. 24 जून को नयी तबादला नीति को मंजूरी के बाद विभाग ने क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की है.
-मिथिलेश तिवारी, शिक्षा मंत्री

## विश्वविद्यालयों से अलग होंगे डिग्री कॉलेज, मॉनसून सत्र में आ सकता है बिल

# यूजी कॉलेज होंगे सरकार के अधीन, पीजी व यूनिवर्सिटी का संचालन लोकभवन से

- पटना विवि अधिनियम 1976 और बिहार राज्य विवि अधिनियम, 1976 को एकीकृत कर नयी व्यवस्था लागू करने की तैयारी

संवाददाता, पटना

**बिहार** की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की तैयारी शुरू हो गयी है. राज्य सरकार आगामी मॉनसून सत्र में एक नया उच्च शिक्षा विधेयक लाने जा रही है, जिसके जरिये राज्य के लगभग 481 सरकारी डिग्री कॉलेजों को विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक नियंत्रण से अलग कर सीधे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन लाने का प्रस्ताव है.

यदि यह कानून लागू होता है, तो विश्वविद्यालयों की भूमिका मुख्य रूप से स्नातकोत्तर (पीजी) शिक्षा और शोध तक सीमित हो जायेगी, जबकि स्नातक (यूजी) कॉलेजों का संचालन, नियुक्तियां और प्रशासन सीधे सरकार के नियंत्रण में होगा. राज्य के 12 विश्वविद्यालयों के अधीन अंडर ग्रेजुएट कॉलेज का संचालन होता है. इन सभी विवि के अधीन कॉलेज अब उच्च शिक्षा के अधीन होगा. यानी यूजी कॉलेज अब सरकार के अधीन होंगे और पीजी व यूनिवर्सिटी का संचालन लोकभवन से होगा.

### जानिए, नये उच्च शिक्षा विधेयक से क्या-क्या हो सकते हैं बदलाव

#### कॉलेजों पर उच्च शिक्षा विभाग का नियंत्रण

प्रस्तावित व्यवस्था के तहत राज्य के नये और पुराने सभी सरकारी डिग्री कॉलेज सीधे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन आ जायेंगे. शिक्षकों की नियुक्ति, स्थानांतरण, पदोन्नति, सेवा शर्तों और प्रशासनिक निर्णयों का अधिकार विश्वविद्यालयों से हटाकर विभाग के पास होगा. वर्तमान में ये अधिकार संबंधित विश्वविद्यालयों के पास हैं. साथ ही बिहार में लागू पटना विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 और बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 को एकीकृत कर नयी व्यवस्था लागू करने की तैयारी है.



#### जिले में तैनात होंगे उच्च शिक्षा पदाधिकारी

स्कूल शिक्षा की तर्ज पर प्रत्येक जिले में कॉलेजों की निगरानी के लिए एक उच्च शिक्षा पदाधिकारी नियुक्त करने का भी प्रस्ताव है. यह अधिकारी जिले के सभी सरकारी डिग्री कॉलेजों की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की निगरानी करेगा.

#### विवि प्रोफेसर बनने का रास्ता होगा बंद

नयी व्यवस्था लागू होने के बाद डिग्री कॉलेजों में कार्यरत शिक्षक विश्वविद्यालय स्तर पर प्रोफेसर बनने के पात्र नहीं होंगे. अब तक बिहार में कॉलेज शिक्षक अनुभव और पदोन्नति के आधार पर विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर बनने का अवसर ले सकते थे. साथ ही, डिग्री कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता नेट के साथ स्नातकोत्तर डिग्री प्रस्तावित है. पीएचडी को अनिवार्य योग्यता से हटाने का प्रस्ताव भी शामिल है.

#### शिक्षक राजनीतिक गतिविधि में नहीं होंगे शामिल

प्रस्तावित कानून में शिक्षकों के लिए भी कई नये प्रावधान किये गये हैं. कॉलेज शिक्षकों को किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग लेने या किसी राजनीतिक विचारधारा का सार्वजनिक समर्थन, प्रचार अथवा लेखन करने की अनुमति नहीं होगी.

> विश्वविद्यालय से संबंधित नये नियम को मॉनसून सत्र में लाया जायेगा.
> -दीपक कुमार सिंह, प्रधान सचिव, राज्यपाल

#### क्या होगा फायदा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए यह प्रयास किये जा रहे हैं और इसी दिशा में नया कानून तैयार किया गया है. राज्यपाल और विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैय्यद अता हसनैन ने भी हाल में संकेत दिया था कि उच्च शिक्षा से जुड़ा नया विधेयक विधानसभा के आगामी सत्र में पेश होगा.

#### 211 नये कॉलेजों के उद्घाटन के बीच प्रस्ताव

इसी बीच राज्य सरकार ने 211 नये सरकारी डिग्री कॉलेजों का उद्घाटन किया है. सरकार का लक्ष्य राज्य के सभी 534 प्रखंडों में एक-एक डिग्री कॉलेज स्थापित करना है. नये कॉलेजों के शुरू होने के बाद बिहार में सरकारी डिग्री कॉलेजों की संख्या 481 से अधिक हो जायेगी. ऐसे में सरकार इन सभी कॉलेजों के लिए एक केंद्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था लागू करेगी.

## जरूरत के हिसाब से बिहार बनायेगा अपना स्वदेशी एआइ मॉडल : सीएम

- सूचना प्रावैधिकी विभाग ने सरवम डॉट एआइ और भारत जीपीटी के साथ किया समझौता

संवाददाता, पटना

**मुख्यमंत्री** सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, तेज, सरल और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए एआइ आधारित समाधान विकसित किये जायेंगे. बिहार की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी एआइ मॉडल तैयार किया जायेगा. राज्य में बड़े पैमाने पर एआइ कौशल विकास और क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे. मुख्यमंत्री ने यह बातें शुक्रवार को सूचना प्रावैधिकी विभाग और सरवम डॉट एआइ (एक्सोनवाइज प्राइवेट लिमिटेड) सहित भारत जीपीटी (कोरोवर प्रालि) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर कार्यक्रम के बाद कहीं.

इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री के समक्ष मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में किया गया था. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल बिहार के निर्माण और विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है. एआइ आधारित स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा.

**ये रहे मौजूद** : इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, सूचना प्रावैधिकी विभाग के विशेष सचिव अरविंद कुमार चौधरी, भारत जीपीटी (कोरोवर प्राइवेट लिमिटेड) के वाइस प्रेसिडेंट शशांक शेखर ठाकुर, सरवम डॉट एआइ (एक्सोनवाइज प्राइवेट लिमिटेड) के सीओओ राज चौहान सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे.



शुक्रवार को एमओयू के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा और कंपनियों के अधिकारी.

#### जानिए, समझौता से क्या होगा फायदा

1. राज्य में हर नागरिक और सरकारी अधिकारी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की पहुंच सुलभ और आसान होगा.
2. एआइ के बेहतर उपयोग और उसके विकास के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने में भी मदद मिलेगी.
3. भारत में बने बुनियादी एआइ मॉडल्स और एप्लिकेशन्स तक राज्य के विभागों की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगा.

#### स्थानीय बोलियों में बेहतर शोध में मदद

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के स्वीकृत शोधकर्ताओं को भारतीय भाषाओं और स्थानीय बोलियों में अपनी एआइ रिसर्च क्षमताओं को मजबूत करने में सहूलियत होगी. स्थानीय भाषाओं में स्थानीय समस्याओं का समाधान खोजकर, बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर एआइ संचालित शासन के मॉडल के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी. सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और एक स्थानीय भागीदार इकोसिस्टम तैयार हो सकेगा. इससे लंबे समय तक एआइ विकास को बल मिलेगा.

### क्विक बाइट्स

#### ऑलराउंडर गारफील्ड सोबर्स का निधन



**ब्रिजटाउन.** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक और सर गारफील्ड सोबर्स का शुक्रवार को निधन हो गया. वह 89 वर्ष के थे. इस महान क्रिकेटर के निधन की पुष्टि उनके बेटे डैनियल ने की. दस दिन बाद उनका 90वां जन्मदिन होता. एक सोबर्स ने मार्च, 1954 से अप्रैल 1974 के बीच 93 टेस्ट खेले और 57.78 की औसत से 8,032 रन बनाये.

विस्तृत पेज 15 पर

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | ₹ 1,40,350 | 500 |
| सोना (खरीद) | ₹ 1,40,250 | 500 |
| चांदी | ₹ 2,21,500 | 2500 |

## पटना व बांका में बालू खनन मामले में इडी ने की छापेमारी

संवाददाता, पटना

**प्रवर्तन** निदेशालय (इडी) ने बिहार में 131 करोड़ रुपये के कथित अवैध बालू खनन से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पटना और बांका समेत तीन राज्यों में छापेमारी की. इडी अधिकारियों ने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बांका और पटना के अलावा राजस्थान के श्रीगंगानगर और जयपुर तथा दिल्ली में कुल आठ ठिकानों पर तलाशी ली गयी.

इडी के अधिकारियों ने इस बारे में बताया कि यह जांच बिहार के बांका जिला स्थित महादेव एन्क्लेव नामक कंपनी से संबंधित है. इस कंपनी का नियंत्रण श्रीगंगानगर निवासी अशोक चांडक और उनके पुत्र राघव चांडक के हाथ में है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कंपनी ने बिहार के खनन विभाग की जानकारी के बिना बांका जिले में कथित तौर पर अवैध रूप से बालू खनन किया.

#### 131 करोड़ की बालू का हुआ अवैध खनन

इडी के पटना क्षेत्रीय कार्यालय ने अक्टूबर 2024 में आइआइटी, पटना से बांका जिले के नदी घाटों का भू-स्थानिक विश्लेषण करने का अनुरोध किया था. अधिकारियों के अनुसार, आइआइटी की रिपोर्ट में पाया गया कि कंपनी ने 2015-16 से 2022-23 के दौरान कथित तौर पर 131 करोड़ रुपये मूल्य की बालू का अवैध खनन किया है. इडी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत यह जानकारी पटना स्थित बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड के साथ साझा की.इसके बाद राज्य के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने अगस्त 2025 में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करायी. अधिकारियों ने बताया कि धनशोधन का यह मामला इसी पुलिस प्राथमिकी के आधार पर दर्ज किया गया है.

## भारतीय निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर अमेरिका का तीसरा हमला

नेशनल कंटेंट सेल

अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर हवाई हमले किये. उसने फिर चाबहार पोर्ट को निशाना बनाया. चाबहार पोर्ट के विकास में भारत का भारी निवेश है. इसका संचालन भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कर रही है. चाबहार पोर्ट भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम है. हमले में पोर्ट का कंट्रोल टावर ढह गया. पिछले एक हफ्ते में चाबहार और इस टावर पर अमेरिका का यह तीसरा हमला है. अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हमले में ढहे कंट्रोल टावर की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है. चाबहार बंदरगाह भारत के लिए सिर्फ एक निवेश नहीं, बल्कि अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पाकिस्तान को दरकिनार कर पहुंचने का रणनीतिक मार्ग है.

हालांकि अमेरिका का मुख्य उद्देश्य भारत को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि ईरान की सैन्य और आर्थिक क्षमता पर दबाव बढ़ाना माना जा रहा है, लेकिन इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव भारत के हितों पर पड़ना स्वाभाविक है. इससे भारत एक कठिन कूटनीतिक स्थिति में है, क्योंकि उसके अमेरिका और ईरान- दोनों के साथ महत्वपूर्ण संबंध हैं.

#### प्रभात नॉलेज — चाबहार बंदरगाह के विकास में भारत का कितना लगा पैसा

**12** करोड़ अमेरिकी डॉलर उपकरण में प्रत्यक्ष निवेश

**25** करोड़ अमेरिकी डॉलर आधारभूत संरचना पर

**भारतीय बजटीय आवंटन**
- 2016-17 से 2023-24 तक 400 करोड़ (जिनमें से 201.5 करोड़ खर्च)
- 2025-26 में 400 करोड़ रुपये

**चाबहार पर अमेरिकी हमले का मकसद क्या?**
- ईरान की सैन्य आपूर्ति को बाधित करना
- होर्मुज पर दबाव बनाना

## वांगचुक का ऑर्गन फेलियर का खतरा बढ़ा, पर अनशन तोड़ने से इनकार

**नयी दिल्ली.** दिल्ली के जंतर-मंतर पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुक्रवार को 20वें दिन भी जारी रही. डॉक्टरों ने कहा कि वांगचुक के ऑर्गन फेलियर का खतरा बढ़ गया है. डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि लंबे समय से चल रहा उनका उपवास अब गंभीर स्थिति में पहुंच गया है. उनका वजन लगभग 9.5 किलोग्राम तक गिर गया है. वहीं, जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे तीन आइसा कार्यकर्ताओं की हालत शुक्रवार को और बिगड़ गयी.

**20 तक जिंदा रहूंगा** : वांगचुक ने कहा कि उनका संकल्प अडिग है. मैं बाहर से कमजोर हूं, लेकिन अंदर से बहुत मजबूत हूं. हमें 20 जुलाई के लिए इस ऊर्जा की जरूरत है, जब हम संसद तक शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे. मैं किसी भी हाल में 20 जुलाई तक जिंदा रहूंगा. 20 का प्रदर्शन सफल नहीं हुआ, तो मैं भूत बनकर वापस आऊंगा.






### नीट-यूजी : बिहार के 49.23% अभ्यर्थियों को ही मिली सफलता

## पिछले छह साल में बिहार से इस बार सबसे कम सफल

संवाददाता, पटना

नीट-यूजी को लेकर बिहार के छात्रों में क्रेज तो बरकरार है, लेकिन पासिंग प्रतिशत में कमी आयी है. पिछले छह वर्षों के आंकड़ों के अनुसार राज्य में नीट देने वाले छात्रों की संख्या में भारी उछाल के बावजूद पास प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गयी है. 2026 में बिहार का पास प्रतिशत पिछले छह सालों में सबसे कम 49.23% रहा. 2025 में 50.86% अभ्यर्थी पास हुए थे. पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 19,088 कम विद्यार्थी पास हुए हैं.

जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में राज्य के छात्रों का पासिंग प्रतिशत बेहतर रहा था. वर्ष 2022 में 98,668 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 55,709 विद्यार्थी सफल हुए थे. वर्ष 2022 में सफलता की दर 56.46% थी. वर्ष 2022 के बाद से पासिंग प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गयी है. वर्ष 2023 में पास होने वाले अभ्यर्थियों की संख्य घटकर 54.77% और 2024 में 49.98% हो गयी थी.

देखें पेज 07 भी

#### नीट यूजी में पिछले छह वर्षों में बिहार का प्रदर्शन

| वर्ष | फॉर्म भरा | परीक्षा दी | पास | पासिंग% |
|---|---|---|---|---|
| 2021 | 95,150 | 83,038 | 46,327 | 55.79 |
| 2022 | 1,03,691 | 98,668 | 55,709 | 56.46 |
| 2023 | 1,21,647 | 1,18,533 | 64,916 | 54.77 |
| 2024 | 1,54,461 | 1,49,494 | 74,716 | 49.98 |
| 2025 | 1,64,186 | 1,59,167 | 80,954 | 50.86 |
| 2026 | 1,52924 | 1,40079 | 68968 | 49.23 |

#### 22 जुलाई से शुरू हो सकती है काउंसेलिंग

एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसेलिंग प्रक्रिया जल्द शुरू होगी. अभ्यर्थियों को रैंक के अनुसार ऑल इंडिया कोटा और राज्य कोटा की काउंसेलिंग में भाग लेना होगा. काउंसेलिंग प्रक्रिया 22 जुलाई से शुरू होने की संभावना है.

बिहार सरकार
BIHAR TOURISM Blissful Bihar

विकसित भारत - समृद्ध बिहार

# श्री सम्राट चौधरी

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार

के कर-कमलों द्वारा

## मुख्यमंत्री बिहार हेली - टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना 2026 के अंतर्गत पटना जॉय राइड

का



## शुभारंभ



### विशिष्ट अतिथि

**श्री विजय कुमार चौधरी**
माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार

**श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव**
माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार

### अध्यक्षता

**श्री केदार प्रसाद गुप्ता**
माननीय मंत्री, पर्यटन विभाग





**दिनांक**
18 जुलाई 2026

समय: 03:00 बजे अपराह्न | स्थान: स्टेट हैंगर, पटना

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट विजिट करें
https://tourism.bihar.gov.in | https://bstdc.bihar.gov.in

बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
द्वारा संचालित

Follow us: @tourismbihargov

PR_No-008185(Tourism)D.2026-27

शहरों का तापमान पटना: अधिकतम 36.3°C न्यूनतम 29.2°C prabhatkhabar.com

प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन
प्रभात खबर लेकर आया है देश दुनिया, आपके राज्य व शहर की ताजातरीन खबरें.
क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपडेट रहें.
www.prabhatkhabar.com
प्रभात खबर की वेबसाइट पर जाएं और यूट्यूब चैनल youtube.com/@PrabhatKhabartv सब्सक्राइब करें.

# मोनी किन्नर, शंकर व सोनू की गिरफ्तारी के लिए मिला वारंट

संवाददाता, पटना

बहुचर्चित बंटी हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया है. वारंट मिलने के बाद पटना पुलिस ने तीनों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी है. शुक्रवार को कोतवाली थाना के अनुसंधानकर्ता ने मोनी किन्नर, शंकर कुमार और सोनू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया. वारंट जारी होने के बाद पुलिस को आरोपितों की गिरफ्तारी, न्यायालय में पेशी कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित स्थानों की तलाशी लेने का कानूनी अधिकार मिल गया है.



बंटी हत्याकांड

**पुलिस जांच कर रही है कि शंकर साजिश में साझेदार था या फिर लालच में ऑटो उपलब्ध कराया**

### अवैध कारोबार से होने वाली कमाई के बंटवारे को लेकर था विवाद

पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपित रवीश को मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया था. उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है. पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में रवीश ने बताया है कि बंटी और उसके बीच अवैध कारोबार से होने वाली कमाई के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था. इसी विवाद के चलते उसने योजनाबद्ध तरीके से बंटी की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया. हालांकि पुलिस स्वतंत्र रूप से सत्यापन कर रही है.

### हत्याकांड में मोनी किन्नर की भूमिका भी अहम

हत्याकांड में मोनी किन्नर की भूमिका अहम मानी जा रही है. जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपित रवीश के साथ मिलकर वह पटना जंक्शन के आसपास अवैध गतिविधियों का संचालन करती थी. जांच में यह भी सामने आया है कि शंकर कुमार के ऑटो का इस्तेमाल बंटी के अपहरण में किया गया था. पुलिस जांच कर रही है कि शंकर साजिश में साझेदार था या फिर लालच में अपना ऑटो उपलब्ध कराया. वहीं फरार सोनू की भूमिका की भी गहन जांच हो रही है.

## सिटी बाइट्स

### बिना ओटीपी आये दो के खाते से 12.5 लाख उड़े

**पटना.** बिना ओटीपी व मैसेज आये दो लोगों के खाते से 12.55 लाख से अधिक रुपये की निकासी साइबर बदमाशों ने कर ली. पीड़ितों ने साइबर थाने में केस दर्ज करा दिया है. खाजेकलां निवासी अवधेश कुमार सक्सेना के खाते से बदमाशों ने तीन बार में 10.90 लाख रुपये व मसौढ़ी निवासी राजेश कुमार आर्य के खाते से 1.65 लाख रुपये की निकासी कर ली. दोनों लोगों ने बताया कि बिना ओटीपी व मैसेज आये खाते से राशि की निकासी हो गयी. पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

### स्वच्छ हुई शहर की हवा 63 पर पहुंचा एक्यूआइ

**पटना.** शहर की हवा शुक्रवार को स्वच्छ हुई और एक्यूआइ घट कर 63 पर पहुंच गया. शहर के छह में से पांच मॉनिटरिंग स्टेशन का एक्यूआइ 100 के नीचे रहा. राजवंशीनगर और डीआरएम कार्यालय दानापुर का एक्यूआइ सबसे कम रहा जो क्रमशः 33 और 39 रहा. 50 से नीचे एक्यूआइ होने के कारण इन दोनों जगहों की हवा अच्छी श्रेणी में दर्ज की गयी. तारामंडल, मुरादपुर और राजकीय उच्च विद्यालय चौक शिकारपुर का एक्यूआइ क्रमशः 60, 71 और 73 रहा. सबसे अधिक समनपुरा का 104 रहा.

# स्कूल, कॉलेजों व मॉल में आज से फायर ऑडिट व मॉक ड्रिल

**पटना.** पटना जिले में आगजनी की घटनाओं से निबटने की तैयारियों को मजबूत करने के लिए शनिवार से स्कूलों, कॉलेजों, मॉल, उद्योगों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फायर ऑडिट और मॉक ड्रिल अभियान शुरू किया जायेगा. जिला अग्निशमन विभाग ने जिले के सभी नौ फायर स्टेशनों को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं.

अभियान के पहले चरण में एएन कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज, सायंस कॉलेज समेत प्रमुख शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था का ऑडिट किया जायेगा. साथ ही विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रबंधन को मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने की स्थिति में बचाव, सुरक्षित निकासी और प्रारंभिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जायेगा. पहले चरण में जिले के 419 अस्पतालों, 225 कोचिंग संस्थानों और 380 होटलों का फायर ऑडिट पूरा किया जा चुका है. जांच के दौरान सुरक्षा मानकों में कमी मिलने पर करीब 300 संस्थानों को प्रथम एवं द्वितीय चरण का नोटिस जारी किया गया है. विभाग ने लोदीपुर, कंकड़बाग, सचिवालय, दानापुर, फुलवारीशरीफ, पटना सिटी, पालीगंज, बाढ़ और मसौढ़ी फायर स्टेशनों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक स्टेशन प्रतिदिन अपने क्षेत्र के कम से कम दो स्कूल या कॉलेज तथा दो मॉल, उद्योग या अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फायर ऑडिट और मॉक ड्रिल आयोजित कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भेजे. इस प्रकार प्रतिदिन करीब 18 स्कूल-कॉलेज और 18 अन्य संस्थानों की जांच की जायेगी.

## पूर्व सीएम लालू प्रसाद इलाज करवाने आइजीआइएमएस पहुंचे

संवाददाता, पटना

पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव शुक्रवार को आइजीआइएमएस पहुंचे. उन्होंने संस्थान के क्षेत्रीय चक्षु संस्थान में जाकर अपनी आंख की जांच करायी. इसके हृदय की जांच कार्डियोलॉजी विभाग में करायी. डॉक्टरों ने बताया कि उनका स्वास्थ्य ठीक है, रुटीन चेकअप कराने के लिए वह आइजीआइएमएस आये थे. वहीं अस्पताल प्रशासन सूत्रों की मानें तो लालू प्रसाद यादव शाम लगभग छह बजे आइजीआइएमएस पहुंचे थे.






This monsoon brings more than refreshing showers. It brings the perfect opportunity to begin your Kia journey. Enjoy exclusive ownership benefits this July and experience a more rewarding way to drive home your favourite Kia. Visit your nearest Kia dealership today.

| Model | Sonet | Carens Clavis | Carens Clavis EV |
|---|---|---|---|
| Total benefits | ₹60 000 | ₹1 40 000 | ₹95 000 |

*Benefits available on other Kia cars as per applicability.

For more information, visit our dealership or contact:
1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

*Terms & condition apply. Benefits shown are the combination of exchange, loyalty, corporate, scrappage and special benefits, which are applicable on select stock, which may vary from model to model and region to region. The product shown is for representation purposes only. Actual features, colors, and specifications may not be part or standard fitment and may vary. Kia India Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/ discontinue any offer/ scheme/ service without prior notice. Kia urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details.

**Amar Jyoti Kia:** Saguna More, Patna, Tel: 08069451800 **Amar Jyoti Kia :** Exhibition Road, Patna, Tel: 9606970220 **Prema Kia :** Anishabad, Patna, Tel: 9264497634 **Goberdhan Kia :** Dariyapur Kafen, Muzaffarpur, Tel: 9297932601 **Goberdhan Kia :** Darbhanga, Tel: 9031677499, 9297932603 **Kosi Kia :** NH 31, Barsoni, Purnia, Tel: 7283000470 **Raj Kia :** NH-83, Near Tekuna Farm, Gaya, Tel: 9031057100 **Mavra Kia:** NH 27, Gopalganj, Tel: 9117155005 **Mavra Kia:** NH-28, Near GD Goenka Public School, Motihari, Tel: 9117155002 **Budhav Kia:** Hajipur, Vaishali 9031069721/22 **Broadway Kia:** Kiratpur, Begusarai, Tel: 8709214055




Talk to our jewellery expert to know more 1800 2966 677 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

Showrooms at Patna - Hathwa Market, Tel: 8102928892; Anishabad, Tel: 8920458414; Boring Road, Tel: 9147736873; Kankarbagh, Tel: 9262998904; Frazer Road, Tel: 9308906422; Saguna-Khagaul Road, Tel: 9031207462; Jagdeopath, Tel: 9334134345; Patna Sahib, Tel: 8539974090; Jehanabad, Tel: 9031638001; Hajipur, Tel: 9525000080





## 35 दिन में म्यूटेशन नहीं होने पर रुकेगा वेतन, होगी कार्रवाई

**पटना**. पटना नगर निगम ने म्यूटेशन मामलों के समय पर निबटारे को लेकर सभी अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारियों और राजस्व पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है. इसके अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन का अधिकतम 35 दिनों के भीतर निबटारा करना है. ऐसा नहीं करने पर संबंधित कर्मी या पदाधिकारी की लापरवाही मानी जायेगी और उनका वेतन स्थगित कर दिया जायेगा. इसके अलावा अनुशासनिक कार्रवाई भी होगी. यह आदेश 17 जुलाई यानी शुक्रवार को से लागू किया गया है.

**शिकंजा.** पटना, बिहटा व मोकामा में शराब तस्करों की तरकीबों पर पुलिस पड़ी भारी

# शर्ट के अंदर, तो कहीं केले में छिपा तस्करी

## पढ़ने आया था पटना, बन गया तस्कर

संवाददाता, पटना


शर्ट के अंदर छिपायी गयी शराब .

**कोतवाली** पुलिस ने यूपी से शराब की तस्करी करने वाले युवक सुधांशु झा को गिरफ्तार कर लिया. युवक मूल रूप से कटिहार के नगर थाने की अफसर कॉलोनी का रहने वाला है और पटना के बोरिंग रोड स्थित एक हॉस्टल में रहता है. वह पढ़ाई करने के लिए पटना आया था. वह एएन कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष में एडमिशन लेने वाला था. लेकिन एक्स्ट्रा पैसा कमाने और जल्दी अमीर बनने के चक्कर में शराब तस्कर बन गया. उसे पुलिस टीम ने कोतवाली थाने के हनुमान मंदिर के समीप टीओपी के पास पकड़ा. वह प्रयागराज से दिल्ली से गोड्डा जाने वाली हमसफर ट्रेन से पटना जंक्शन पर उतरा और शराब की खेप लेकर नाला रोड जा रहा था. हनुमान मंदिर के पास वह पुलिस को देख कर लपकते हुए निकलने लगा. उसकी हरकत देख कर पुलिस को शक हुआ और उसे पकड़ लिया गया. इस दौरान उसके पास से शराब की बोतल बरामद की गयी. उसने अपने शरीर में शराब की बोतलों को प्लास्टिक के टेप से बांध रखा था. इसके अलावा उसके पास मिठाई के डिब्बे भी थे, जिसमें भी शराब की बोतल छिपा कर रखी गयी थी. इसके बाद उसे पकड़ कर कोतवाली थाना लाया गया, जहां उससे पुलिस ने पूछताछ की तो नाला रोड के रहने वाले अमन नाम के एक युवक का नाम सामने आया. अमन के इशारे पर ही सुधांशु प्रयागराज, बनारस से ट्रेन से शराब की खेप लेकर पटना आता था.

## कार की डिक्की से 100 लीटर शराब जब्त

**बिहटा.** बिहटा थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने शराब ढोने में प्रयुक्त लाल रंग की कार भी जब्त कर लिया है, जिसकी डिक्की में शराब छिपायी गयी थी. आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनेर की ओर से एक लाल रंग की कार की डिक्की में देसी शराब की खेप लायी जा रही है. सूचना के आधार पर गुलाममिलचक स्थित कृष्ण मंदिर के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया. इसी दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गयी, जिसमें 100 लीटर देसी शराब बरामद हुई. मौके से कार चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया.


कार की डिक्की में छिपायी गयी थी शराब .

## एनएच पर केला लदे पिकअप से तस्करी


केले में छिपाकर ले जाई जा रही थी शराब .

**मोकामा.** मरांची थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात थाना क्षेत्र अंतर्गत बादपुर के निकट एनएच 80 के किनारे केला लदे पिकअप में छिपाकर ले जा रहे लाखों की शराब, पिकअप और चालक को धर दबोचा. इस संबंध में थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि उन्हें शराब की बड़ी खेप के एनएच 80 से गुजरने की गुप्त सूचना मिली थी. संदेह के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पेट्रोल पंप के निकट सड़क किनारे खड़ी केला लदे एक पिकअप की तलाशी ली गयी तो 141 कॉर्टन में 3384 बोतल बियर बरामद की गयी. जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए है. गिरफ्तार चालक जशकरण जोशी पश्चिम बंगाल का निवासी है. चालक ने बताया कि वो आसनसोल से शराब लेकर समस्तीपुर जा रहा था.





शपथ पत्र
AFFIDAVIT

**AFFIDAVIT**

I, **Mahendra Prasad Singh**, Father of Army No.-**14661869M**, Rank - **Hav**, Name- **Mukesh Kumar**, R/o- Village- Rajepur Berai, P.O.- Bhojpatty, P.S.-Sarai, Teh.- Rajapakar, Dist.- Vaishali (Bihar)-844125 have corrected my Date of Birth from 01-07-1955 to 05-01-1955 vide Affidavit No.- 3719 Dated 09.07.2026

**शपथ-पत्र**

मैं, संजीत कुमार सिंह, पिता स्व० गोपाल सिंह, ग्राम कोचेया, पो०+थाना-इमामगंज, जिला गयाजी, बिहार, पिन कोड 824206, आधार नं.- 3348 5128 1344, शपथ पत्र सं. 20276 दिनांक 16.07.26 द्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री शिवन्या शर्मा (SHIVANYA SHARMA) के DAV CANTT. AREA, GAYAJEE में नामांकण के समय मेरा नाम SANJEET KUMAR SINGH भुल वश अंकित हो गया था जो गलत है। जबकि मेरा सहीं नाम नाम SANJIT KUMAR SINGH है।

**शपथ-पत्र**

मैं आकाश कुमार उर्फ राजेश प्रसाद पिता श्यामलाल यादव ग्राम +पोस्ट+ थाना रहुई जिला नालंदा का स्थाई निवासी हूं. मेरा नाम आधार कार्ड पैन कार्ड एवं बैंक खाता में राजेश प्रसाद तथा एलआईसी पॉलिसी संख्या 513 962410 में आकाश कुमार दर्ज है शपथ पत्र संख्या 22702 दिनांक 11/07 2026 द्वारा घोषणा करता हूं कि उक्त दोनों नाम मेरा ही है.

**AFFIDAVIT**

I, MD RAKIB, S/o Mohammad Hasib, R/o Isopur, Phulwari Sharif, Patna, hereby declare that my name was wrongly recorded as "RAKIB". My correct name is "MD RAKIB". Henceforth, I shall be known as MD RAKIB for all official purposes.

**शपथ-पत्र**

मैं अब तक रोहिणी झा (पुराना नाम), पिता-अशोक कुमार खान की बेटी हूँ पता-अभियंता नगर, पो॰ - दानापुर कैंट, थाना- - रूपसपुर, जिला - पटना में रहती हूँ, मैं अपना नाम बदल लिया है और अब से मैं रोहिणी (नया नाम) के नाम से जानी जाऊँगी। यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने इस संबंध में नाम बदलने और कानूनी आवश्यकताओं का पालन किया है। शपथ-पत्र सं॰ - 7826, दिनांक - 17.07.2026.

**शपथ-पत्र**

मैं, श्रवण चौहान पिता- रामदेव चौहान, ग्राम- मांगी, पो०- रजब्ररिया कला थाना- नवीनगर जिला-औरंगाबाद (बिहार) का स्थायी निवासी हूं. मेरा आधार कार्ड सं.- 4279 9762 2223 है. मेरा पॉलिसी नं.- 514409230 में नाम श्रवण चौहान (Shrwan Chauhan) के स्थान पर श्रवण कुमार नोनिया (Sharwan Kumar Noniya) दर्ज है, तथा मेरे पिता का नाम रामदेव चौहान (Ramdev Chauhan) के स्थान पर नागदेव नोनिया (Nagdev Noniya) दर्ज है, जबकि मेरा आधार एवं पैन कार्ड में मेरा नाम श्रवण चौहान (Shrwan Chauhan) एवं मेरे पिता का नाम रामदेव चौहान (Ramdev Chauhan) दर्ज है, जो कि सही है. उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है. शपथ पत्र सं.-18892 दिनांक-13.7.2026

शपथ पत्र
AFFIDAVIT

**शपथ-पत्र**

मैं, विन्दा देवी उर्फ रतनी देवी, पति प्रभु साव, ग्राम-महुअरी, थाना-बाराचट्टी, जिला-गया का निवासी हूं, शपथ पत्र सं.-13012 दिनांक-08.5.26 द्वारा घोषणा करता हूं, मेरा जिवन बिमा निगम (L.I.C) पॉलीसी बॉण्ड कागजात में मेरा नाम रतनी देवी नाम दर्ज है, लेकिन मेरा पंजाब नैशनल बैंक नदरपुर बाराचट्टी बैंक के खाता नं० 2824001700100511 में मेरा नाम विन्दा देवी दर्ज है. विन्दा देवी उर्फ रतनी देवी दोनों नाम मेरा ही है. मैं ही दोनों नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं. मेरे अलावा मेरे गॉव मे कोई दुसरा व्यक्ति नही है.

**शपथ-पत्र**

मैं, जितेन्द्र सिंह पिता जग नारायण सिंह पता- ग्राम- बरूना, पो० बसुधर , थाना इटाढ़ी, जिला बक्सर (बिहार) का निवासी हूं, मैं आसाम राइफल्स 4 एम.जी.आर. में कार्यरत हूं। मेरा आई कार्ड नं0 219735, RFM \GD No. 5012608 है. मैं अपने विभाग में अपने माता पिता पत्नी पुत्र पुत्री का नाम अपने सर्विस बुक मे दिया था जिसमें कुछ त्रुटीयाँ है. उस सर्विस बुक में मुझे अपने माता-पिता, पत्नी, पुत्र-पुत्री का नाम अपने सर्विस बुक मे सही दर्ज करना है. मेरे पिता -JAGNARAYAN SINGH तथा जन्म तिथि 01/01/1949, माता का सही नाम एवं जन्म तिथि FULAGENA DEVI जन्म तिथि 01/01/1948, पत्नी का सही नाम एवं जन्म तिथि SHILA DEVI जन्म तिथि 01/01/1985. पुत्री का नाम एवं जन्म तिथि - Sangita Kumari जन्मतिथि-20.09.2007, 05.06.2014 गलत है. पुत्री का सही सही नाम एवं जन्मतिथि Raj Roshan Singh जन्मतिथि 10.03.2014 गलत जन्मतिथि 15.06.2011 दर्ज है. मेरा आधार नं. 5925 9516 7140 है. शपथ पत्र सं.-17623/16.7.26

**शपथ-पत्र**

मैं, हरिवंश राय, पिता कृष्ण देव राय, वर्तमान निवासी बड़ी मठिया, रामरेखा घाट, थाना- बक्सर नगर, जिला- बक्सर (बिहार) तथा स्थायी निवासी ग्राम- चैलाहाँ पड़रिया, थाना- बंजरिया, जिला- पूर्वी चंपारण (बिहार), एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी पुत्री का सही नाम एंजल कुमारी है, जिसकी जन्मतिथि 30.12.2013 है। वह कैम्ब्रिज स्कूल, बक्सर में अध्ययनरत है। विद्यालय के नामांकन अभिलेख में त्रुटिवश उसका नाम श्रेया कुमारी दर्ज हो गया है, जबकि उसका सही एवं वास्तविक नाम एंजल कुमारी है। अतः शपथ पत्र सं. 16907/08.07.2026 के माध्यम से यह घोषणा की जाती है कि भविष्य में सभी शैक्षणिक, सरकारी एवं गैर-सरकारी अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम एंजल कुमारी तथा जन्मतिथि 30.12.2013 ही दर्ज एवं मान्य किया जाए।

**शपथ पत्र**

मैं, मो. अशफाक आलम, पुत्र– मो. सोहराब, निवासी वार्ड नंबर –04, पोस्टः पहुंसी, लिलोखर गरैया, वीटीसीः लोलोखुर, पोस्टः कुआरी, उप–जिलाः कुर्साकांटा, जिलाः अररिया, राज्यः बिहार – 854332, ने नोटरी रूपेश कुमार, पटना के समक्ष दिनांक 07.07.2026 को दिए गए शपथ–पत्र संख्या 661 के माध्यम से सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर 'अशफाक आलम' कर लिया है।

**शपथ-पत्र**

मैं सबीता देवी SABITA DAVI उर्फ सबीता SAWETA पति दिनेश कुमार ग्राम हुसैनपुर थाना रहुई जिला नालंदा वर्तमान पता. वाटर पार्क 2140 ए ब्लॉक पी एच 2 मेट्रो बिहार होईनवी कला नॉर्थ दिल्ली. का निवासी हूं मेरा नाम आधार कार्ड में सबिता SAWETA जन्मतिथि 01.01.1987 तथा एल आई सी पॉलिसी में सबीता देवी SABITA DAVI जन्मतिथि 01.06.1974 अंकित है. शपथ पत्र संख्या 20326 दिनांक 2026 द्वारा घोषणा करती हू कि उक्त दोनों नाम मेरा ही है.

**शपथ-पत्र**

मैं रवीन्द्र कुमार पिता-स्व त्रिवेणी दास,ग्राम- कजपा, पो. जाखिम थाना-रफीगंज जिला- औरंगाबाद(बिहार) का स्थायी निवासी हू. यह कि मैं Distance Mode से SAM Higgi Bottom Univercity of Agriculture Technology & Sciences Allahabad से M.A IN English Grade A + के तहत सन 2016 में उर्तिण किया हू. जिसका Enroll No-G 2135201808 है.यह कि मेरा Previous Year का Marksheet पानी मे भींग कर नष्ट हो गया है, उक्त विश्वविद्यालय Univercity से रवीन्द्र कुमार पिता त्रिवेणी दास Enroll No-G 2135 201808 से योग्यता प्राप्त करने वाला दूसरा कोई अन्य व्यक्ति मेरे गांव मुहल्ला में नही है. यह कि यह शपथ पत्र Previous Year द्वितीयक मार्क सिट (Markseet) निकासी हेतु बनवया हू. एफडिविट नबर-11907 दिनाक-9.7.26

शपथ पत्र
AFFIDAVIT

**AFFIDAVIT**

SHIVA SHANKAR RAY F/O NO JC-777325 A, Rank-SUB, NAME ABHITESHWAR RAY R/O vill-Panapur Post-Kanhouli, ps-mahua, Dist-Vaishali, state - Bihar, PIN-844122 Have change my name and D.O.B SHIVA SHANKAR RAY and 01 may 1952 (Name & D.O.B as in record of EME) to SHIVSHANKAR RAY & 01 Jan 1956 New name & DOB in Aadhar & Pancard. Affidavit No. 329/14.7.26

**शपथ-पत्र**

मैं, हेमचन्द्र कुमार पिता- इन्द्रकान्त राय, उम्र 35 वर्ष, ग्राम नीरपुर, पो०- धनकौल, थाना-पातेपुर, जिला- वैशाली शपथ पत्र संख्या 16582/8.7.26 द्वारा ब्यान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं, मेरी पुत्री सौम्या सोनी का पूर्व से आधार कार्ड सं- 33771040 9883 निर्गत है जिसमें मेरी पुत्री का नाम भूलवश सोमिया (SOMIA) एंव जन्मतिथि- 07/11/2012 अंकित हो गया है जो पूर्णरूप से गलत है. सौम्या सोनी (SOUMYA SONI) मेरा पुत्री है जिसका जन्मतिथि-07/11/2013 है.

**AFFIDAVIT**

I, Diwakar Prasad Sinha, S/o Siddheshwar Prasad Sinha, R/O Savitri Place Madhusudan Colony Road No 5 Bypass Near SBI ATM P.S- Vishnupadh Dist.- Gaya (Bihar)-823001, Aadhar Number is 6229 1176 8092. do hereby declare that, my Aadhar Card my name mention is Diwakar Prasad Sinha. That my Daughter Name Vaishnavi and DOB is 14/04/2012. My Daughter DOB old certificate my name mention is Diwaker Prasad Sinha. That my Daughter DOB Current Certificate my name mention is Diwakar Prasad Sinha. Affidavit No. 01/2414 Dtd-8/7/26

**शपथ-पत्र**

मैं, अशोक कुमार श्रीवास्तव (Ashok Kumar Srivastava), पिता स्व. नंद किशोर प्रसाद (Late Nand Kishore Prasad), निवासी नई बाजार, बक्सर, यह घोषणा करता हूँ कि श्रीमती लालमुनी देवी (LALMUNI DEVI) की एलआईसी पॉलिसी सं. 512975931 में उनका नाम लालबुची देवी (LALBUCHI DEVI), उनके पति का नाम दीना नाथ प्रसाद (DINA NATH PRASAD) तथा ससुर का नाम जगदेव राम (JAGDEO RAM) अंकित है, जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक अभिलेख एवं अन्य सरकारी दस्तावेजों में क्रमशः लालमुनी देवी (LALMUNI DEVI), दीनानाथ प्रसाद (DINANATH PRASAD) तथा जगदेव साह (JAGADEV SAH/JAGDEV SAH) दर्ज है। शपथ-पत्र संख्या 17574/15.07.2026 के आधार पर उक्त एलआईसी पॉलिसी में सही नाम एवं विवरण संशोधित करने की कृपा की जाए।

**AFFIDAVIT**

I, Gita Devi legally wedded spouse of Army Service No. 4290179A Rank - Nk, Name - Bipul Kumar Singh, Unit - HQ 17 Mountain Division Camp, R/o Vill.- Haldi Chhapra, Nayaka Tola, P.O. + P.S. Maner, Dist. - Patna (Bihar)- 801108, Aadhar Card No. 5991 1908 4421. That, I have changed my name from GEETA DEVI to GITA DEVI due to inclusion of first name, middle name and surname. That, I am producing this Affidavit for the purpose of evidence for my name. That both names GEETA DEVI and GITA DEVI pertain to one and the same person. Affidavit No. 16000 Dtd-13/07/2026

**AFFIDAVIT**

I, Asim, S/O- Dr. Brajendra Narayan Prasasd, R/O- Kaushalya Devi bhawan, D.N.Das Lane, P.O- Bankipur, P.S- Kadamkuan, District-Patna 800004, Bihar, do hereby declare that have changed my new name as Asim Narayan in place of my previous name Asim.That in future I will be known by my name i.e. Asim Narayan in future for all the purpose. Afdt no-8657 Date-15/07/2026

**शपथ-पत्र**

मैं रीता देवी उर्फ रेणु देवी पति कुलेश्वर महतो उर्फ कुलेश्वर प्रसाद ग्राम पहलौआ पो खानपुरा थाना गिरियक जिला नालंदा का निवासी हूं. मेरा नाम आधार कार्ड में रीता देवी पति कुलेश्वर महतो तथा एल आई सी पॉलिसी संख्या 517023749 में रेणु देवी दर्ज है शपथ पत्र संख्या 19667 दिनांक 13.06.2026 द्वारा घोषणा करती हूं कि उक्त दोनों नाम मेरा ही है.

**शपथ-पत्र**

मैं, Uttam Bhushan Singh, पिता- शशि भूषण सिंह, निवासी- चिताब खुर्द, गया (पताः हाउसिंग कॉलोनी, थाना- रामपुर, जिला- गया), शपथ-पत्र संख्या 4748 (दिनांक 23.1.25) के माध्यम से यह घोषणा करता हूँ कि आधार कार्ड (संख्या 2394 0104 3214) के अनुसार मेरी बेटी का सही नाम ' Shreyshi Bhushan' है, लेकिन स्कूल रजिस्टर में उसका नाम गलत तरीके से 'Shareshi Bhushan' दर्ज हो गया है। इसलिए, यह शपथ-पत्र मेरी बेटी के सही नाम के संबंध में है।

खोया–पाया
LOST & FOUND

**खोया-पाया**

मैं अमन कुमार, पिता स्व० ओमप्रकाश वर्णवाल, मोहल्ला, आनन्द नगर, सीवान का निवासी हूँ, 14.07.2026 को अपने दूकान राजेन्द्र पथ स्थित ओम शान्ति इन्टरप्राईजेज से बरहनी स्थित अपने जमीन का मूल कागजात, जिसका दस्तावेज संख्या- 7881 है, लेकर फोटो कॉपी कराने जा रहा था, तभी रास्ते में कहीं गिर गया. काफी खोजबीन किया गया, लेकिन नहीं मिला. SDE NO-865/26, दिनांक- 16/07/26.

**खोया-पाया**

मैं मुंद्रिका प्रसाद वल्द बंसी प्रसाद ग्राम सिरसाव थाना वो पोस्ट दरौंदा जिला- सिवान शपथ पूर्वक ब्यान वो एकरार करता हूं। यह कि शपथकर्ता दि. 28.07.1999 को श्री मति राधिका देवी पिता सूरज सिंह पति ललन सिंह से खाता नं. 125 सर्वे 570 थाना नं. 199 में तीन कठा भूमि शपथकर्ता जिसके नाम से बैनामा तहरीर कराया था जो दिनांक 5.7.2026 दरौंदा बाजार से अपना बैनामा वाले दस्तावेज को फोटो कॉपी कराने गया था जो रास्ते में कहीं गिरकर गुम हो गया. यह कि शपथकर्ता अपनी उक्त मूल दस्तावेज गुम होने के संबंध में दरौंदा थाना में सनहा नंबर 275/26 09-07-2026 को दर्ज कराया है.

**आवश्यकता WANTED**

Indian Security को जमशेदपुर, खड्गपुर, घाटशिला हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर की आवश्यकता. न्यूनतम योग्यता - मैट्रिक, वेतनमान : 17000 - 25000. M-7061866007, 7061855007.

C-20844(RNC)

**सूचना**

पाठकों से यह अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों से संबंधित पैसे का लेन-देन या किसी भी एकाउन्ट में पैसे ट्रांसफर करने से पहले स्वयं तथ्यों की जांच-परख कर लें. **क्योंकि नौकरी, आवश्यकता, व्यापार, मोबाईल नेटवर्किंग, लोन एवं फाईनेंस के नाम पर कुछ लोग धोखाधड़ी एवं ठगी का कारोबार चला रहे हैं**, इसके लिए अखबार प्रबंधन जिम्मेवार नहीं होगा.

विज्ञापन प्रबंधक




**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय में,
भुमि सुधार उप समाहर्ता
दानापुर

भूमि विवाद निराकरण वाद संख्या 15 वर्ष 2026-27

राम तबक्या सिह उर्फ राम तबक्या यादव ....
आवेदक / वादी
वनाम
दरोगा यादव वगैरह .. प्रतिवादीगण

नोटीस वनाम् (1) दरोगा यादव वल्द स्व. तेजन यादव (2) लाला यादव वल्द स्व० राजदेव यादव दोनो निवासी ग्राम - ब्रहमस्थानी, बभनलई, थाना- आई० आई० टी० अमहारा जिला - पटना । चूँ आवेदक / वादी ने आपलोगो के विरूद्ध उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में लाया है जिसमे आपलोगो की उपस्थिति हेतु नोटिस डाक से भेजा गया है उसके बावजुद आपलोग इस वाद मे उपस्थित नही हुए है । अतः इस प्रकाशन से आप लोगो को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 20/07/2026 को दिन के 10.30 बजे मेरे न्यायालय मे वकालतन या असालतन उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति मे एक पक्षीय सुनकर उचित आदेश पारित किया जायगा।

इसे आवश्यक समझे

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है ।

भुमि सुधार उप समहर्ता
दानापुर


## झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा को लेकर चलेंगी पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

संवाददाता, पटना

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा के मद्देनजर रेलवे ने पांच जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया है. यह जानकारी पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी है.

**इन ट्रेनों का होगा परिचालन :**

- गाड़ी सं 08624 रांची–पटना 19 जुलाई को, गाड़ी सं 08623 पटना–रांची 20 जुलाई को.
- गाड़ी सं 08619 रांची–दुमका अनारक्षित 19 जुलाई को, गाड़ी सं 08620 दुमका–रांची अनारक्षित 20 जुलाई को.
- गाड़ी सं 08103 टाटा–हजारीबाग रोड अनारक्षित 19 जुलाई को, गाड़ी सं 08104 हजारीबाग रोड–टाटा अनारक्षित 20 जुलाई को
- गाड़ी सं. 08604 रांची–गढ़वा रोड मेमू 18 जुलाई को, गाड़ी सं. 08603 गढ़वा रोड–रांची मेमू 19 जुलाई को
- गाड़ी सं 08602 रांची–गढ़वा रोड 19 जुलाई को, गाड़ी सं 08601 गढ़वा रोड–रांची 20 जुलाई को

### रांची-भागलपुर के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**पटना.** श्रावणी मेला पर श्रद्धालुओं की सुविधा व मांग को देखते हुए रेलवे की ओर से सुलतानगंज के रास्ते रांची और भागलपुर के मध्य दो जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन जायेगा. गाड़ी सं 08690 रांची–भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 26 जुलाई से 09 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को, 08646 रांची–भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 27 जुलाई से 11 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को रांची से चलेगी.

### चार स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार

**पटना.** चार स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है. गाड़ी सं 05506 सहरसा–पूर्णिया कोर्ट स्पेशल 31 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को तथा 05505 पूर्णिया कोर्ट–सहरसा स्पेशल 03 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चलेगी. 22 जुलाई को अहमदाबाद से पटना के लिए गाड़ी सं 09447 अहमदाबाद–पटना स्पेशल तथा 24 जुलाई को पटना से अहमदाबाद के लिए 09448 पटना–अहमदाबाद स्पेशल चलेगी.

## ड्यूटी के दौरान महिला सिपाही का सिर फोड़ने वाला जवान सस्पेंड

संवाददाता, पटना

**राजेंद्रनगर** रेलवे स्टेशन पर स्थित आरपीएफ पोस्ट पर महिला सिपाही के साथ मारपीट और सिर फोड़ने के आरोपित जवान अमित कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गयी है.

अमित पर आरोप है कि उसने 10 जुलाई को एक महिला सिपाही के साथ मारपीट कर सिर फोड़ कर वहां से भाग गया. इस संबंध में निरीक्षक प्रभारी पंकज प्रकाश द्वारा जीआरपी, राजेंद्रनगर में जवान अमित कुमार के खिलाफ में केस दर्ज कराया गया था. आरपीएफ कमांडेंट ने सस्पेंड किये जाने की पुष्टि की और बताया कि विभागीय जांच भी चल रही है. राजेंद्र नगर जीआरपी इंचार्ज दीपनारायण प्रसाद ने बताया कि आरोपी सिपाही की तलाश की जा रही है. जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

### जूते का फीता बांधने के दौरान कुर्सी से हमला

घटना 10 जुलाई 2026 की रात 9 :50 बजे की है. महिला सिपाही ड्यूटी पर थीं. इसी बीच अगली शिफ्ट क्यूआरटी ड्यूटी के लिए आरक्षी अमित कुमार वहां पहुंचे. दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस होने लगी. इसी दौरान जब महिला सिपाही अपने जूते का फीता ठीक करने नीचे झुकी, तभी अमित कुमार ने पास रखी लकड़ी की कुर्सी उठाकर उनके सिर पर दे मारी. हमले के कारण महिला का सिर फट गया और तेजी से खून बहने लगा. शिकायत के अनुसार मामले की जांच आरपीएफ निरीक्षक ने की और सीसीटीवी फुटेज खंगाला. जिसमें महिला सिपाही से मारपीट व हमले की घटना की पुष्टि हो गयी. जबकि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सिपाही अमित कुमार रात में ही अपनी ड्यूटी और पोस्ट छोड़कर मौके से फरार हो गया था.

## 158 गिरफ्तार, 2438 लीटर शराब, गांजा व हथियार जब्त

संवाददाता, पटना

**पटना** पुलिस ने जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर कुल 158 आरोपितों को गिरफ्तार किया. एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान 2 हत्या, 21 हत्या के प्रयास, 1 पुलिस पर हमला, 1 एससी-एसटी एक्ट, 25 अन्य विशेष कांड, 54 अन्य कांड, 22 शराब तस्कर तथा 32 शराब पीने वाले गिरफ्तार किये गये.

वहीं बरामदगी में 1726.05 लीटर विदेशी शराब, 712 लीटर देसी शराब, 377 ग्राम गांजा, 11 ग्राम स्मैक, 2 अग्नेयास्त्र, 4 जिंदा कारतूस, 7 वाहन, 9 मोबाइल फोन और 15,010 रुपये नकद जब्त किये गये. साथ ही एक मैगजीन, तीन खोखा, लोहे का पाइप, 120 सीएफटी बालू, एक पिलेट और एक एसी मोटर भी बरामद की गयी. इसके अलावा न्यायालय से जारी 56 जमानती वारंट, 94 गैर-जमानती वारंट तथा 14 कुर्की वारंट का भी निष्पादन किया गया.

## गर्दनीबाग में किराये के मकान में रहने वाले डिलीवरी ब्वॉय ने फंदे पर झूल कर ली खुदकुशी

संवाददाता, पटना

**गर्दनीबाग** थाने के सरिस्ताबाद के अकलू चौक स्थित एक मकान में किराये का कमरा में डिलीवरी ब्वॉय ने फांसी के फंदे में झूल कर अपना जीवन समाप्त कर लिया. युवक का शव कमरे से दुर्गंध आने पर मिला. उसकी पहचान मसौढ़ी निवासी 22 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है. वह छह माह से उस कमरे में रह कर डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था. राहुल अकलू चौक स्थित जोगेंद्र प्रसाद के मकान में रहता था. एक-दो दिनों से घर में दुर्गंध आ रही थी. लेकिन पता नहीं चल रहा था. शुक्रवार को योगेंद्र प्रसाद को फिर से दुर्गंध आने ने खोजबीन में राहुल के कमरे दुर्गंध मिली. इसके बाद उन्होंने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई रिस्पांस नहीं मिला. शक होने पर पुलिस को सूचना दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे को खोला तो अंदर राहुल फांसी के फंदे में लटक रहा था और मृत हो चुका था. अत्यधिक गर्मी से त्वचा गलनी शुरू हो गयी थी. जिसे दुर्गंध फैल रहा था.

**चचेरा भाई भी रहता था साथ में, चला गया था गांव**

राहुल के साथ कमरे में उसका चचेरा भाई भी रहता था, जो कुछ दिनों पहले गांव चला गया था. इसी दौरान राहुल ने खुदकुशी कर ली. शव को देखने से यह लग रहा है कि उसने चार-पांच दिन पहले खुदकुशी की थी. राहुल के बड़े भाई राकेश कुमार ने बताया कि राहुल से 13 जुलाई को मां की बात हुई थी. ऐसी कोई बात भी नहीं हुई थी, जिससे उसके खुदकुशी के कारण की जानकारी दी जा सके. पुलिस ने घटनास्थल की एफएसएल से जांच करायी है.

# उम्मीदवार एक वेंडर को 10 हजार से अधिक नकद भुगतान नहीं कर सकेंगे

बांकीपुर उपचुनाव 2026

संवाददाता, पटना

**बांकीपुर** विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम कुंदन कुमार ने पटना हाइस्कूल में चल रहे मतदान कर्मियों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण का जायजा लिया. उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों व पदाधिकारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया. 16 से 18 जुलाई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में मतदान दलों को चुनाव के नियमों के साथ-साथ इवीएम और वीवीपैट के संचालन की जानकारी दी जा रही है. दूसरी ओर, समाहरणालय सभाकक्ष में व्यय-लेखा कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी राजीव रंजन प्रभाकर ने अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों को चुनाव खर्च के संधारण की जानकारी दी. उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी अभ्यर्थी किसी एक वेंडर को 10 हजार रुपये से अधिक का नकद भुगतान नहीं कर सकता है. चुनाव संबंधी सभी खर्चे नामांकन से परिणाम की तिथि तक दैनिक रूप से दर्ज करने होंगे, जिसके लिए अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता के नाम से एक नया बैंक खाता खोलकर चेक, ड्राफ्ट या आरटीजीएस से ही लेन-देन करना होगा. व्यय प्रेक्षक द्वारा इस खर्च का निरीक्षण 20, 24 और 27 जुलाई को होगा. किसी भी प्रचार सामग्री पर प्रकाशक व मुद्रक का नाम और पता होना अनिवार्य है.

### घर-घर पहुंचकर जनसंवाद कर रहे हैं एनडीए प्रत्याशी नीरज

**पटना.** एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क सह संवाद अभियान चलाया. उन्होंने अभियान की शुरुआत गौतम बुद्ध मंडल के श्रीकृष्णा नगर पार्क (वार्ड-25) से की. इसके बाद राजापुर पेट्रोल पंप और दुजरा मछली बाजार क्षेत्र में व्यापारियों, युवाओं व महिलाओं से मुलाकात की. दोपहर में उन्होंने पटना उच्च न्यायालय परिसर जाकर अधिवक्ताओं से संवाद किया. जक्कनपुर मंडल के वार्ड 16 और 17 तथा संध्या समय गोलघर मंडल क्षेत्र में जनसंपर्क किया. किदवइपुरी स्थित ठाकुर प्रसाद सामुदायिक भवन में उन्होंने संघ परिवार के सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति और बूथ स्तर की मजबूती पर चर्चा की. स्थानीय लोगों ने एनडीए सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए समर्थन का भरोसा दिया.

### चुनाव के लिए 500 वाहनों की जरूरत

**पटना.** विधान सभा उपचुनाव में लगभग 500 वाहनों की जरूरत पड़ेगी. इसमें 100 का अधिग्रहण हो चुका है और उसे दो दिन पहले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के मूवमेंट के लिए भेजा भी जा चुका है. शेष वाहनों की जरूरत 24-25 जुलाई से होगी. अधिग्रहित वाहनों में बस, ट्रक, पिकअप, स्कॉर्पियो, बोलेरो, टिवस्टा जैसे वाहन शामिल होंगे. इनमें लगभग 300 बस, ट्रक जैसे बड़े वाहन और 200 एसयूवी और कार शामिल होंगे.

### वोटरो की संख्या बढ़कर 3.79 लाख

**पटना.** बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 14 दिनों में 73 पुरुष व 72 महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है. अब कुल 379533 वोटर हो गये हैं. इसमें 260000 पुरुष और 179450 महिला और 23 थर्ड जेंडर हैं. इनमें 18 से 19 वर्ष के 4998, जबकि 85 वर्ष से अधिक उम्र के 3166 मतदाता हैं. सेवा मतदाता 269 है. बांकीपुर विधान सभा उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को कुल 422 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी.

### जन सुराज को मिला "स्कूल का बस्ता"

**पटना .** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए जन सुराज पार्टी को "स्कूल का बस्ता" चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है. यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने पार्टी कार्यालय में दी. चुनाव चिह्न मतपत्र पर क्रम संख्या नौ पर है. मनोज भारती ने आगे कहा कि पिछले कुछ दिनों में विपक्षी दलों द्वारा आदर्श आचार संहिता का जिस प्रकार उल्लंघन किया जा रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है.


Loot Blink
SATURDAY
WEEKEND DHAMAKA!
MAST DEALS. BADI BACHAT!
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED | EASY RETURNS
SABSE BADI BACHAT!
UP TO 90% OFF
HUGE DISCOUNTS
TOP BRANDS • BEST QUALITY • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR LO SABSE BADI LOOT DEALS!
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹22,301
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
boAt Airdopes 141 ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) ₹40,990 ₹4,499 89% OFF YOU SAVE ₹36,491
ZEBRONICS Headphones ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 ₹6,400 91% OFF YOU SAVE ₹599
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 ₹699 91% OFF YOU SAVE ₹3,300
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 90% OFF YOU SAVE ₹13,500
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITN BADHI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAUGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

# पटना मेट्रो : रुकनपुरा व विकास भवन स्टेशन बनने का काम शुरू

संवाददाता, पटना

**पटना** मेट्रो के बेली रोड पर रूकनपुरा और विकास भवन अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है. शुक्रवार को इसके सिविल वर्क की शुरुआत की गयी. भूमिगत और एलिवेटेड दोनों कॉरिडोर पर विभिन्न स्थानों पर एक साथ निर्माण कार्य जारी है. परियोजना के तहत रूकनपुरा और विकास भवन के भूमिगत स्टेशनों के साथ-साथ एलिवेटेड सेक्शन पर भी महत्वपूर्ण निर्माण गतिविधियां शुरू हुई हैं. मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि रूकनपुरा भूमिगत स्टेशन पर ग्रिड-15 और ग्रिड-16 के बीच गाइड वॉल के रिइन्फोर्समेंट का कार्य किया जा रहा है. वहीं विकास भवन भूमिगत स्टेशन पर गाइड वॉल की कंक्रीटिंग का काम तेजी से चल रहा है. यह कार्य स्टेशन की संरचना को मजबूती देने के साथ आगे की खुदाई और निर्माण प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

## निर्माण में तेजी... भूमिगत और एलिवेटेड पर एक साथ चल रहा काम





विकास भवन स्टेशन के लिए फाउंडेशन.

- रुकनपुरा से पटना जंक्शन तक लगभग 10 .5 किमी का भूमिगत ट्रैक प्रस्तावित है.
- सुरंग निर्माण के लिए टीबीएम का उपयोग किया जा रहा है.
- पटना जंक्शन स्टेशन कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 का इंटरचेंज स्टेशन होगा.
- अधिकांश स्टेशन आइलैंड प्लेटफॉर्म डिज़ाइन के होंगे.

### दोनों कॉरिडोर का होना है समय पर निर्माण

दूसरी ओर एलिवेटेड सेक्शन में प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीइबी) की रूफ पर्लिन्स लगाने का कार्य जारी है. इसके पूरा होने के बाद स्टेशनों की छत निर्माण की दिशा में तेजी आयेगी और स्टेशन भवन अंतिम स्वरूप लेने लगेंगे. पटना मेट्रो के विभिन्न हिस्सों में समानांतर रूप से चल रहे निर्माण कार्य से परियोजना की रफ्तार बढ़ी है.

## सिटी बाइट्स

### एसबीआइ ऑफिसर्स की ओर से रक्तदान शिविर



**पटना.** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन पटना मंडल ने लगातार 25वीं बार रक्तदान शिविर लगाया. आयोजन प्रधान कार्यालय पटना के कैंटीन, आंचलिक कार्यालय पटना के कैंटीन, आंचलिक कार्यालय गयाजी, आंचलिक कार्यालय रांची, आंचलिक कार्यालय भागलपुर, एवं पूर्णिया में किया गया. स्थानीय प्रधान कार्यालय में शिविर की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, अजीत कुमार मिश्रा, पूर्व महासचिव, योगेंद्र शेल्के, महाप्रबंधक दक्षिण बिहार, विजय कुमार शामल, महाप्रबंधक उत्तर बिहार, अमरेश विक्रमादित्य, महासचिव, रंजन कुमार सिंह, अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण पासवान महासचिव सेवा ने सम्मिलित रूप से की. कुल मिलाकर 211 यूनिट रक्त विभिन्न ब्लड सेंटर को प्रदान किया.

### बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर हेल्थ कैंप



**पटना.** बैंक ऑफ बड़ौदा 20 जुलाई को अपना 119वां स्थापना दिवस मनायेगा. इस मौके पर शुक्रवार को अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक पटना अंचल सुब्रत कुमार स्वाईं के नेतृत्व में एसके पुरी पार्क में बैंक ऑफ बड़ौदा पटना क्षेत्र ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया. इस दौरान क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक पटना क्षेत्र नलिन कुमार ने उपस्थित ग्राहकों को बैंक ऑफ बड़ौदा के 119वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा बैंक की गौरवशाली 119 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला. शिविर में निःशुल्क रक्तचाप (बीपी), ब्लड शुगर सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच की की गयी. मौके पर उप महाप्रबंधक ( अनुपालन व आश्वासन ) पटना अंचल प्रिय रंजन, उप क्षेत्रीय प्रमुख व सहायक महाप्रबंधक सुरेश कुमार एवं कार्यपालकगण उपस्थित थे.

### सागरमल ज्वेलर्स की 5वीं वर्षगांठ पर भारी छूट

**पटना.** आभूषण प्रतिष्ठान सागरमल ज्वेलर्स ने ग्राहकों के विश्वास और सहयोग के साथ सफल पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अपनी 5वीं वर्षगांठ एनिवर्सरी कार्निवल की शुरुआत की है. इस विशेष अवसर पर गोल्ड,




डायमंड और सिल्वर ज्वेलरी पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की गयी है. कंपनी के अनुसार इस कार्निवल के तहत गोल्ड ज्वेलरी पर मात्र 6.99% फ्लैट मेकिंग चार्ज का लाभ मिलेगा. वहीं डायमंड ज्वेलरी पर डायमंड मूल्य पर फ्लैट 20% की छूट के साथ मेकिंग चार्ज पर भी अतिरिक्त 20% की छूट दी जा रही है. इसके अलावा सिल्वर ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में फ्लैट 40% की छूट भी उपलब्ध है. यह विशेष ऑफर पटना स्थित कंकडबाग, जगदेव पथ और अनीसाबाद शाखाओं में सीमित अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा.

### साइकिल प्योर अगरबत्ती ने उतारे चार नये प्रोडक्ट



**पटना.** साइकिल प्योर अगरबत्ती ने शुक्रवार को राजधानी पटना के लेमन ट्री होटल में अपने चार नये उत्पाद उतारे. इस दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. इसमें कंपनी के चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर अमरनाथ दत्ता ने बताया कि साइकिल प्योर अगरबत्ती 77वां वर्षगांठ मना रहा है. इस मौके पर साइकिल अगरबत्ती ने त्योहारी सीजन को देखते हुए बांस रहित सॉलिड धूप और मेदिनी जुदवा प्रीमियम कप समब्राणी की नयी श्रृंखला लांच की है. कंपनी ने कुल चार दशहरा, यागना, वुड्स, मेदिनी जुदवा कप समब्राणी सहित कुल चार प्रोडेक्ट लांच किये हैं. पटना में उद्घाटन मौके पर अमरनाथ दत्ता ने कहा कि यह अगरबत्ती पूरी तरह से सौ प्रतिशत कार्बन रहित है. बिहार हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और यहां प्रीमियम सुगंध उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है. वहीं कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट डी दास ने कहा कि कंपनी बिहार के गया जिले में साइकिल प्योर अगरबत्ती की प्रोडक्शन यूनिट लगाने पर विचार कर रही है. इस मौके पर बिहार झारखंड के मार्केटिंग हेड गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

### बीपीएससी सदस्य अरुण व दीप्ति सेवानिवृत्त

**पटना.** बीपीएससी के वरीय सदस्य प्रो अरुण कुमार भगत और प्रो दीप्ति कुमारी शुक्रवार को सेवानिवृत हो गये. प्रो भगत का कार्यकाल 18 जुलाई 2020 को शुरू हुआ था. वह छह साल के लंबे कार्यकाल को पूरा करने के बाद वे सेवानिवृत हुए. आयोग के सभाकक्ष में संपन्न विदाई समारोह में दोनों सदस्यों को स्मृति चिन्ह, शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बीपीएससी अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार, सचिव हेमंत कुमार और सदस्य पंकज कुमार, निशीथ वर्मा और मुरली प्रसाद सिंह मौजूद थे. विदाई समारोह में रांची विवि के प्रो जंग बहादुर पांडेय ने प्रो अरुण भगत के सम्मान में अभिनंदन पत्र भी पढ़ा.

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग में पटना सदर पीछे, अथमलगोला आगे

एक्सक्लूसिव

अंबर, पटना

जिले के सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) के तहत स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने में पटना सदर के स्कूल फिसड्डी साबित हो रहे हैं. इस मामले में प्रखंडों का स्तर पटना सदर की तुलना में बेहतर है. पटना के सदर के स्कूलों में इसके तहत स्कूलों में शिक्षक बच्चों को पढ़ा तो रहे हैं. लेकिन, डीइओ ऑफिस को अवगत नहीं करा रहे हैं. डीइओ ऑफिस ने सभी एचएम को इससे संबंधित फोटो एवं वीडियो दीक्षा एप पर अपलोड करने के सख्त निर्देश दिया है. पटना सदर में कक्षा छह से आठवीं के कुल 132 स्कूलों में छह स्कूलों ने ही प्रोजेक्ट पूरा किया हैऔर पांच स्कूलों ने पीबीएल का साक्ष्य दीक्षा पर अपलोड किया है. जबकि अथलमलगोला के कुल 22 स्कूलों में 17 स्कूलों ने पीबीएल के साक्ष्य को अपलोड किया है. पटना सदर के पांच, अथमलगोला के 77, पालीगंज के 53, पंडारक के 41 और घोषवारी के 41 प्रतिशत स्कूलों ने पीबीएल के साक्ष्य को अपलोड किया है. डीइओ ऑफिस ने शहरी क्षेत्र के स्कूलों को 31 जुलाई तक साक्ष्य को अपलोड करने के निर्देश दिये हैं.

**विज्ञान और गणित को बेहतर ढंग से समझाने के लिए तैयार करना है प्रोजेक्ट** : कक्षा छह से आठवीं के बच्चों को विज्ञान और गणित के पाठ्यक्रम को समझ कर पढ़ाने के लिए पीबीएल तैयार करना है. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कृतिका वर्मा ने बताया कि हाल ही में हुई समीक्षा में पटना सदर के अधिकांश स्कूलों में पीबीएल कार्यक्रम में लापरवाही पायी गयी. सभी संबंधित स्कूलों को पीबीएल गतिविधियों का समुचित संचालन करते हुए उससे जुड़े फोटो एवं वीडियो साक्ष्य 31 जुलाई तक हर हाल में दीक्षा एप पर अपलोड करने के निर्देश दिये गये हैं. विभाग से कार्य पूरा होने के बाद दीक्षा एप से प्राप्त प्रमाणपत्रों को संबंधित विद्यालय एवं प्रखंडस्तरीय पीबीएल व्हाट्सएप समूह में साझा करना होगा. निर्धारित अवधि तक कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, संकुल संचालक एवं समन्वय, तकनीकी टीम सदस्य, प्रधानाध्यापक के साथ ही विज्ञान और गणित विषय के शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी.

## केजीबीवी के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों का इंटरव्यू 22 से होगा

**पटना.** जिला शिक्षा कार्यालय ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के नियोजन के लिए इंटरव्यू की तिथि जारी कर दी. जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि इंटरव्यू 22 जुलाई से एक अगस्त तक होगा. काउंसेलिंग में शामिल अभ्यर्थियों का साइकिंग, पाक विज्ञान प्रक्रिया और साक्षात्कार जिला शिक्षा कार्यालय में निर्धारित तिथि पर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक होगी. अनुवेशक पद के लिए 22 और 23 जुलाई, मुख्य रसोइया के लिए 24 जुलाई, सहायक रसोइया के लिए 25 जुलाई, रात्रि प्रहरी के लिए 27 से एक अगस्त तक साक्षात्कार होगा. साक्षात्कार प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए केजीबीवी बरियारपुर के लेखापाल दीपक कुमार शर्मा को प्रतिनियुक्त किया गया है.

## सूफी-भक्ति आंदोलन ने जनभाषाओं को दिलायी प्रतिष्ठा : प्रो रत्नेश्वर

**पटना.** खुदाबख्श लाइब्रेरी ने 'बिहार के साहित्य, संस्कृति और समाज पर सूफी-भक्ति आंदोलन के प्रभाव' विषय पर संगोष्ठी की. इसमें मुख्य वक्ता व विख्यात इतिहासकार प्रो रत्नेश्वर मिश्र ने कहा कि सूफी-भक्ति आंदोलन की जड़ें भले ही प्राचीन काल से जुड़ी हों, लेकिन इसका असली उत्कर्ष 16वीं शताब्दी में हुआ. इस आंदोलन ने जन भाषाओं को सम्मान और प्रतिष्ठा प्रदान की, जिसका क्षेत्रीय भाषाओं पर गहरा प्रभाव पड़ा. इसी प्रेरणा के चलते महाकवि विद्यापति ने मैथिली भाषा को गौरव प्रदान किया, जबकि शेख शरफुद्दीन याह्या मनेरी के माध्यम से आध्यात्मिक चिंतन को एक व्यापक अभिव्यक्ति मिली. बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष इम्तियाज अहमद करीमी ने कहा कि सूफी-भक्ति आंदोलन भारत और खासकर बिहार के साहित्य, संस्कृति व समाज पर गहरा असर छोड़ गया.

## एएन कॉलेज में पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने पर हुआ व्याख्यान



**पटना.** एएन कॉलेज में शुक्रवार को पर्यावरण संपोषणीयता व पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देना विषय पर विशेष व्याख्यान हुआ. मुख्य वक्ता अमेरिका की लोयोला यूनिवर्सिटी, शिकागो के स्कूल ऑफ एन्वायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी के एसोसिएट प्रोफेसर ब्रदर मार्क जे मैकी थे. उन्होंने वैश्विक पर्यावरणीय संकट, सतत विकास तथा प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि मनुष्य और प्रकृति का संबंध अत्यंत गहरा एवं परस्पर निर्भर है. इस संबंध को समझना और प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना समय की आवश्यकता है. यदि हम प्रकृति को महसूस करना सीख जाएं, तो पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों को सहज रूप से प्राप्त किया जा सकता है. इस अवसर पर तरुमित्र से देवप्रिया, महाविद्यालय के बर्सर डॉ अभिषेक दत्त, प्रो शैलेश कुमार सिंह, प्रो कलानाथ मिश्र आदि मौजूद रहे.



## दो माह से लापता दो किशोरी धनबाद से बरामद

**खगौल.** दो माह पूर्व लापता दो किशोरी छात्राओं को पुलिस ने झारखंड के धनबाद से बरामद किया. पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों छात्राओं को धनबाद से बरामद किया. इस संबंध में 22 मई 2026 को किशोरी की मां ने स्थानीय थाना में गुमशुदगी का लिखित शिकायत की थी. दिए आवेदन में बताया कि दोनों छात्रा स्कूल जाने के लिए घर से निकली . देर शाम तक दोनों घर वापस नहीं आयी. थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मोबाइल लोकेशन अन्य साक्ष्यों के आधार 16 जुलाई को झारखंड के धनबाद के होटल से दोनों छात्राओं को सकुशल बरामद किया गया.


### पूर्व मध्य रेल

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी०)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये क्षेत्रीय कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रुप में आमंत्रित करती है:–

**(1) निविदा सूचना सं. टी.सी.–62–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/नरकटियागंज के अधीन कर्मचारी अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रिय कार्य। जोन–1–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 67,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे) :** 1,34,000/– **(2) निविदा सूचना सं. टी.सी.–63–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/नरकटियागंज के अधीन कोचींग डीपो को छोड़कर स्टेशन एवं सरकारी भवनों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–2–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 55,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे) :** 1,10,000/– **(3) निविदा सूचना सं. टी.सी.–64–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/नरकटियागंज के अधीन सड़क कार्य (समपार फाटकों को छोड़कर) का क्षेत्रीय कार्य। जोन–3–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 54,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे) :** 1,08,000/– **(4) निविदा सूचना सं. टी.सी.–65–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/नरकटियागंज के अधीन समपार फाटकों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–4–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 20,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे) :** 40,000/– **(5) निविदा सूचना सं. टी.सी.–66–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/नरकटियागंज के अधीन जलापूर्ति एवं सेनीटरी कार्य हेतु क्षेत्रिय कार्य । जोन–5–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 27,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे) :** 54,000/– **(6) निविदा सूचना सं. टी.सी.–67–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** (1) सहायक मंडल इंजीनियर/बापूधाम मोतिहारी के अधीन कर्मचारी अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। (2) सहायक मंडल इंजीनियर/बापूधाम मोतिहारी के अधीन सड़क कार्य (समपार फाटकों को छोड़कर) का क्षेत्रीय कार्य। जोन–6–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 45,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे) :** 90,000/– **(7) निविदा सूचना सं. टी.सी.–68–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** (1) सहायक मंडल इंजीनियर/बापूधाम मोतिहारी के अधीन स्टेशन एवं सरकारी भवनों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। (2) सहायक मंडल इंजीनियर/बापूधाम मोतिहारी के अधीन जलापूर्ति एवं सेनीटरी कार्य हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–7–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 62,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,24,000/– **(8) निविदा सूचना सं. टी.सी.–69–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/बापूधाम मोतिहारी के अधीन समपार फाटकों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–8–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 20,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 40,000/– **(9) निविदा सूचना सं. टी.सी.–70–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** (1) सहायक मंडल इंजीनियर/I/दरभंगा के अधीन कर्मचारी अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। (2) सहायक मंडल इंजीनियर/I/दरभंगा के अधीन सड़क कार्य (समपार फाटकों को छोड़कर) का क्षेत्रीय कार्य। जोन–9–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 40,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 80,000/– **(10) निविदा सूचना सं. टी.सी.–71–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** (1) सहायक मंडल इंजीनियर/ I/दरभंगा के अधीन दरभंगा में कोचींग डीपो को छोड़कर स्टेशन एवं सरकारी भवनों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। (2) सहायक मंडल इंजीनियर/I/दरभंगा के अधीन समपार फाटकों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–10–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 51,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,02,000/– **(11) निविदा सूचना सं. टी.सी.–72–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/I/दरभंगा के अधीन जलापूर्ति एवं सेनीटरी कार्य हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–11–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 38,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 76,000/– **(12) निविदा सूचना सं. टी.सी.–73–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** (1) सहायक मंडल इंजीनियर/II/दरभंगा के अधीन कर्मचारी अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। (2) सहायक मंडल, इंजीनियर/II/दरभंगा के अधीन जलापूर्ति एवं सेनीटरी कार्य हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–12–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 32,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 64,000/– **(13) निविदा सूचना सं. टी.सी.–74–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/II/दरभंगा के अधीन कोरचींग डीपो को छोड़कर स्टेशन एवं सरकारी भवनों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–13–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 38,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 76,000/– **(14) निविदा सूचना सं. टी.सी.–75–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/II/दरभंगा के अधीन सड़क कार्य, (समपार फाटकों को छोड़कर) का क्षेत्रीय कार्य। जोन–14–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 25,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 50,000/– **(15) निविदा सूचना सं. टी.सी.–76–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/II/दरभंगा के अधीन समपार फाटकों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–15–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 31,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 62,000/–, **(16) निविदा सूचना सं. टी.सी.–77–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** (1) सहायक मंडल इंजीनियर/समस्तीपुर के अधीन कर्मचारी अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। (2) सहायक मंडल इंजीनियर/समस्तीपुर के अधीन जलापूर्ति एवं सेनीटरी कार्य हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–16–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 23,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 46,000/– **(17) निविदा सूचना सं. टी.सी.–78–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** (1) सहायक मंडल इंजीनियर/समस्तीपुर के अधीन स्टेशन एवं सरकारी भवनों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। (2) सहायक मंडल इंजीनियर/समस्तीपुर के अधीन समपार फाटकों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–17–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 24,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 48,000/– **(18) निविदा सूचना सं. टी.सी.–79–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/समस्तीपुर के अधीन सड़क कार्य (समपार फाटकों को छोड़कर) का क्षेत्रीय कार्य। जोन–18–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 33,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 66,000/– **(19) निविदा सूचना सं. टी.सी.–80–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/सहरसा के अधीन कर्मचारी अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–19–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 53,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,06,000/– **(20) निविदा सूचना सं. टी.सी.–81–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/सहरसा के अधीन सहरसा में कोरचींग डीपो को छोड़कर स्टेशन एवं सरकारी भवनों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–20–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 30,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 60,000/– **(21) निविदा सूचना सं. टी.सी.–82–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/सहरसा के अधीन सड़क कार्य (समपार फाटकों को छोड़कर) का क्षेत्रीय कार्य। जोन–21–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 57,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,14,000/– **(22) निविदा सूचना सं. टी.सी.–83–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/सहरसा के अधीन समपार फाटकों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–22–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 33,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 66,000/– **(23) निविदा सूचना सं. टी.सी.–84–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण :–** सहायक मंडल इंजीनियर/सहरसा के अधीन जलापूर्ति एवं सेनीटरी कार्य हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–23–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 37,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 74,000/– **(24) निविदा सूचना सं. टी.सी.–85–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन गल्फ फिल्ड कालोनी, मेडिकल कालोनी, हॉसपीटल कालोनी एवं स्टेडियम कालोनी के कर्मचारी आवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–24–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 51,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,02,000/– **(25) निविदा सूचना सं. टी.सी.–86–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन गाँधी पार्क कॉलोनी, डी एस कॉलोनी, आर पी एफ कॉलोनी, एवं ब्रेक डाउन कॉलोनी के कर्मचारी अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–25–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 48,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 96,000/– **(26) निविदा सूचना सं. टी.सी.–87–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन गंडक कालोनी, स्टेशन कालोनी एवं जितवारपुर कालोनी कर्मचारी के अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–26–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 41,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 82,000/– **(27) निविदा सूचना सं. टी.सी.–88–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** (1) सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन अधिकारियों के अवासों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। (2) सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के मंडल रेल प्रबन्धक भवन, अधिकारी विश्रामालय एवं अस्पताल की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–27–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 36,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 72,000/– **(28) निविदा सूचना सं. टी.सी.–89–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, अधिकारी विश्रामालय, अस्पताल एवं यांत्रिक कारखाना छोड़कर समस्तीपुर स्टेशन के दक्षिणी तरफ सरकारी भवनों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–28–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 44,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 88,000/– **(29) निविदा सूचना सं. टी.सी.–90–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के कोचींग डीपो एवं डीजल शेड को छोड़कर अधीन समस्तीपुर स्टेशन के उत्तर तरफ समस्तीपुर स्टेशन एवं अन्य सरकारी भवनों की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–29–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 30,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 60,000/– **(30) निविदा सूचना सं. टी.सी.–91–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन सड़क कार्य का क्षेत्रीय कार्य। जोन–30–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 54,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,08,000/– **(31) निविदा सूचना सं. टी.सी.–92–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन जलापूर्ति एवं सेनीटरी कार्य हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–31–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 55,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,10,000/– **(32) निविदा सूचना सं. टी.सी.–93–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन बागवानी कार्य हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–32–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 10,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 20,000/– **(33) निविदा सूचना सं. टी.सी.–94–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/नरकटियागंज के अधीन कोचींग डिपो रक्सौल की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–33–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 5,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 10,000/– **(34) निविदा सूचना सं. टी.सी.–95–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/I/दरभंगा के अधीन कोचींग डिपो दरभंगा की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–34–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 5,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 10,000/– **(35) निविदा सूचना सं. टी.सी.–96–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/II/दरभंगा के अधीन कोचींग डिपो जयनगर की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–35–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 5,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 10,000/– **(36) निविदा सूचना सं. टी.सी.–97–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/सहरसा के अधीन कोचींग डिपो सहरसा की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–36–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 5,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 10,000/– **(37) निविदा सूचना सं. टी.सी.–98–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन डीजल शेड की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–37–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 10,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 20,000/– **(38) निविदा सूचना सं. टी.सी.–99–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन कोचींग डिपो की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–38–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 5,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 10,000/– **(39) निविदा सूचना सं. टी.सी.–100–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** सहायक मंडल इंजीनियर/भूमि/समस्तीपुर के अधीन यांत्रिक कारखाना की मरम्मती एवं अनुरक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्य। जोन–39–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 10,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 20,000/– **(40) निविदा सूचना सं. टी.सी.–101–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/लाईन/मुजफ्फरपुर के अधीन (1) सम० (छोड़कर)– मुज० (छोड़कर)– जोनल ट्रेनिंग स्कूल छोड़कर मुजफ्फरपुर पश्चिम क्षेत्र में जोनल कार्य। (2) एन आर पी ए फेट डिपो क्षेत्र में जोनल कार्य। जोन–40–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 75,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,50,000/– **(41) निविदा सूचना सं. टी.सी.–102–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/लाईन/मुजफ्फरपुर के अधीन (1) आवासीय भवन एवं जेड आर टी आई होस्टल को छोड़कर मुजफ्फरपुर स्टेशन कॉम्प्लेक्स एवं मुजफ्फरपुर दक्षिण क्षेत्र में जोनल कार्य। (2) मुजफ्फरपुर कोचिंग डिपो क्षेत्र में जोनल कार्य। जोन–41–2026–27। **निविदा लागत (रूपये मे):** 58,00,001/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1,16,000/– **(42) निविदा सूचना सं. टी.सी.–103–2026 एस.पी.जे., कार्य का विवरण:–** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/लाईन/मुजफ्फरपुर के अधीन मुजफ्फरपुर में जेड आर टी आई होस्टल एवं जेड आर टी आई स्कूल भवन में जोनल कार्य। जोन–42–2026–27, **निविदा लागत (रूपये मे):** 28,00,000/–, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 56,000/–

**(1) आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रुप में निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–** 06–08–2026 को 12.00 बजे तक। **(2) ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय :–** 06–08–2026 को 12.00 बजे के बाद। **(3) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :–** वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**पीआर/0561/एसपीजे/ईएनजीजी/टी/26–27/360** **वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय, पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**


# होटल में चल रहा था सेक्स रैकेट, दो किशोरी समेत नौ पकड़े गये

**रामकृष्ण नगर**

प्रतिनिधि, फुलवारीशरीफ

**रामकृष्ण** नगर थाना क्षेत्र के बैरिया बस स्टैंड के समीप स्थित एक होटल में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो किशोरी समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस को सूचना मिली थी कि होटल में सेक्स रैकेट संचालित की जा रही है. पुलिस के अनुसार 15 जुलाई को सूचना मिलने के बाद सत्यापन के लिए टीम का गठन किया गया. छापेमारी के दौरान होटल से तीन वयस्क महिलाएं, दो किशोरी और चार पुरुष संदिग्ध स्थिति में मिले, जिन्हें हिरासत में लिया गया. सभी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजन कुमार ने कारवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की सूचना मिलने पर तत्काल छापेमारी कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच जारी है.

जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि होटल में किस प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं. अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की शिकायत मिलने पर आगे भी अभियान जारी रहेगा.



छापेमारी में पकड़ी गयी महिलाएं.

## फुलवारीशरीफ में स्मैक और देसी शराब के साथ 11 तस्कर गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ.** सुखा नशा और अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने 45 पुड़िया स्मैक, 300 लीटर देसी शराब, 12,200 रुपये, एक मोबाइल फोन तथा दो वाहन जब्त किये हैं. पुलिस को सूचना मिली थी कि टमटम पड़ाव और आसपास के इलाकों में लंबे समय से स्मैक और देसी शराब का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा है. गिरफ्तार आरोपितों में राज कुमार (26), शशि कुमार (27), राकेश मांझी (45), मोहम्मद जमाल (45), मोहम्मद सुल्तान (45), छोटन मांझी (48), मोहम्मद छोटू (48), विकास कुमार (23), सूरज कुमार (28), प्रभु दास (26) और विक्की कुमार (35) शामिल हैं. सभी आरोपित फुलवारीशरीफ और नौबतपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं.

### सोने के 12 लॉकेट, दो ढोलना, एक कनबाली, दो जोड़ी टॉप्स व 4 मोबाइल जब्त

# ट्रेन में लूट व चेन स्नैचिंग गिरोह का खुलासा, स्वर्णकार समेत पांच धराये

**बाढ़**

प्रतिनिधि, बाढ़

**दानापुर** रेल मंडल के पूर्वी क्षेत्र में चलती ट्रेन में भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के गले से सोने की चेन उड़ाने वाले बड़े गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है. इस मामले में पुलिस ने लाखों के जेवर बरामद करते हुए गैंग के चार शातिर को गिरफ्तार किया है. साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले एक स्वर्णकार को भी गिरफ्तार किया गया है. सोने के कई आभूषण और चार मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं.

पकड़ गये सभी आरोपित खुसरूपुर इलाके के निवासी हैं. इनकी पहचान खुसरूपुर थाने के वार्ड नंबर 7 कुआं बाजार निवासी दिलीप कुमार पिता स्वर्गीय रामप्रवेश प्रसाद, छोटा हसनपुर निवासी पंकज कुमार पिता प्रमोद सिंह, खुसरूपुर तालाब के पास निवासी सूरज कुमार पिता खाजू पासवान, वार्ड नंबर 9 मीर नगर निवासी विशाल कुमार पिता भूषण प्रसाद तांती और स्वर्ण व्यवसायी भुसकी मोहल्ला निवासी देवराज कुमार पिता केदार प्रसाद के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, मोकामा निवासी ललन कुमार 13 जुलाई को पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन से बाढ़ से मोकामा जा रहे थे. इसी दौरान अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन काट लिया. इस संबंध में मोकामा थाने में केस दर्ज किया गया था. बाढ़ रेल थाना में रेल डीएसपी पटना पूर्वी विनोद राम ने बताया कि मोकामा निवासी यात्री की शिकायत पर मामला दर्ज कर लगातार छापेमारी की गयी. अनुसंधान के आधार पर दिलीप कुमार, पंकज कुमार, सूरज कुमार और विशाल कुमार को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह लूटे गए जेवरात स्वर्णकार देवराज कुमार को बेचता था, जिसे भी गिरफ्तार कर लिया गया. उसके पास से सोने के 12 लॉकेट, दो ढोलना, एक कनवाली, दो जोड़ी टॉप्स और चार मोबाइल बरामद हुए हैं.



## पारा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या के घर से जेवर चोरी

**पटना सिटी.** निजी पारा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या के घर से पांच लाख रुपये के स्वर्ण आभूषण चोरी हो गयी . त्रिलोक नगर निवासी निजी पारा मेडिकल कॉलेज प्राचार्या साधना कुमारी ने पुलिस को बताया कि बीते दो जुलाई को आभूषण पहनी थी. बाद में आभूषण अलमारी में रख दी थी. इसी बीच जब वह अलमारी की तलाशी ली, तो उसमें आभूषण गायब था. चोरी गये आभूषण में सोने का चेन, हीरे की अंगूठी, सोने की तीन अंगूठी, आठ नथिया, चार जोड़ी सोने की बाली है, जिसकी कीमत पांच लाख रुपये से अधिक है.

## शादी का झांसा देकर महिला से यौन शोषण के आरोप में युवक गिरफ्तार

**दानापुर.** इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर एक शादीशुदा महिला का यौन शोषण करने के आरोप में पुलिस ने भोजपुर निवासी आकाश कुमार को गिरफ्तार किया है. पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर दानापुर के एक होटल में उसके साथ संबंध बनाये. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज के अनुसार, गुप्त सूचना पर होटल में छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया और पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया. दूसरी ओर, आरोपी आकाश ने आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि महिला ने ही उसे बहला-फुसलाकर संबंध बनाये. पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

# मुसल्लहपुर बाजार समिति में लगेंगे हर जगह सीसीटीवी

प्रतिनिधि, पटना सिटी

कृषि विभाग के निदेशक मुकेश लाल के नेतृत्व में गठित उच्चस्तरीय समिति ने शुक्रवार को कृषि उत्पादन बाजार समिति, मुसल्लहपुर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान समिति ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया.

इस दौरान निदेशक ने बाजार समिति परिसर में प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके. बैठक में पटना फ्रूट एंड वेजिटेबल एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिकांत प्रसाद के नेतृत्व में व्यापारियों ने बाजार समिति की चारदीवारी का निर्माण, दोनों मुख्य प्रवेश द्वारों पर मजबूत लोहे के गेट लगाने, प्रशासनिक भवन की सुरक्षा बढ़ाने, कोल्ड स्टोरेज के पास मौसमी फल व्यापारियों के लिए छह शेडयुक्त प्लेटफॉर्म बनाने तथा जलमीनार और डीप बोरिंग की व्यवस्था करने की मांग रखी.



निरीक्षण करते अधिकारी व अन्य.

## व्यवसायी की मौत की गुत्थी सुलझाये पुलिस

**पटना सिटी.** टेंट पंडाल का कारोबार करने वाले आशीर्वाद डेकोरेशन के मालिक मनोज कुमार की रहस्यमय मौत की गुत्थी पुलिस सुझलाये, इसी मांग को लेकर पटना लाइट डेकोरेटर्स कल्याण समिति का शिष्टमंडल आलमगंज थानाध्यक्ष से मिला और मौत की गुत्थी सुलझाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा. समिति के अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद व सचिव उपेंद्र कुमार ने कहा कि समिति के सदस्य रहे मनोज सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले व्यक्ति थे. वो सुसाइड नहीं कर सकते हैं. समिति ने मौत की गुत्थी सुलझाने की मांग की है. बताते चले कि 15 जुलाई को व्यवसायी का शव फतुहा फोरलेन के नरैना स्थित पुनपुन नदी पुल के नीचे मिला था. मृतक की पत्नी कंचन देवी उर्फ मुन्नी ने 14 जुलाई को थाने में केस दर्ज कराया था.

## लंदन में एडमिशन के नाम पर ठगी का आरोपी गाजियाबाद से धराया

**बख्तियारपुर** . लंदन के एक यूनिवर्सिटी में एडमिशन कराने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोपी विवेक भटनागर उर्फ़ विवेक कुमार को पुलिस ने गाजियाबाद जिले के साहिबावाद से गिरफ्तार कर लिया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि रानीसराय गांव निवासी रौशन कुमार और गिरफ्तार आरोपी के बीच मई 2025 में ही लंदन में एक यूनिवर्सिटी में एडमिशन कराने, जॉब दिलाने व वीजा बनवाने के एवज में 8, 26,000 रुपये में बात तय हुई थी. रौशन पत्नी मेनका का वहां एडमिशन कराना चाहता था. एडवांस के रूप में 3,85,500 रुपये दिया. ठगों ने एडमिशन का जाली कागजात बनाकर भी रौशन कुमार को दे दिया. संदेह होने पर रौशन कुमार ने उक्त यूनिवर्सिटी से संपर्क साधा, तो पता चला कि मेनका नाम से किसी का भी वहां एडमिशन नहीं हुआ है.

### सैलून में फायरिंग व मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**दानापुर.** पिछले दिनों आरकेपुरम में ग्लैम बॉक्स सैलून के मालिक के साथ मारपीट व फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है. डीएसपी अजीत कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि मुबारकपुर कृषि फार्म निवासी गुड्डु कुमार उर्फ ऋषि यादव व संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है. पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## धनौती चोरीकांड में चार आरोपित गिरफ्तार, जेवर व नकदी बरामद

**मसौढ़ी**

**मसौढ़ी.** धनौती गांव में 15 जुलाई की रात बंद घर का ताला तोड़कर जेवर व नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण व नकद बरामद की गयी है. मामले में फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. नवपदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 राघव दयाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस ने धनौती निवासी निवास कुमार व विफन कुमार को गिरफ्तार किया. पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी की चांदी की पायल मसौढ़ी बाजार में बेच दी गयी थी.

आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने के आरोप में दो सर्राफा कारोबारियों को भी गिरफ्तार किया. इनमें जहानाबाद जिले के तेतरिया निवासी रविशंकर कुमार व मसौढ़ी डीह निवासी राजेन्द्र प्रसाद हैं. पुलिस ने उनके पास से 4.970 ग्राम वजन की सोने की चेन, 195 ग्राम वजन की एक जोड़ी चांदी की पायल, 44 ग्राम वजन का चांदी की हार, 29 ग्राम वजन की एक अन्य जोड़ी चांदी की पायल और 3,500 रुपये बरामद किये हैं.

# पेपरलेस जमीन रजिस्ट्री के विरोध में दस्तावेज नवीस संघ ने किया प्रदर्शन

प्रतिनिधि, दानापुर

**दस्तावेज** नवीस संघ ने पेपर लेस जमीन के दस्तावेजों के निबंधन की व्यवस्था के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है. शुक्रवार को निबंधन कार्यालय के मुख्य गेट पर दस्तावेज नवीसों ने प्रदर्शन कर सरकार के पेपर लेस प्रणाली का विरोध किया.

दस्तावेज नवीस संघ के पूर्व सचिव सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि अस्तित्व बचाने के लिए सभी कातिब मजबूती के साथ संघर्ष करेंगे. उन्होंने ने किसी भी प्रणाली में दस्तावेज लेखकों की भूमिका को स्पष्ट करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में कातिबों को बेरोजगार करने की सरकार की मंशा को सफल नहीं होने दिया जायेगा. कातिब राजू कुमार ने कहा कि इस पॉलिसी से बिहार के दस्तावेजनवीस बेरोजगार हो जाएंगे. कहा कि नवीस संघ द्वारा शनिवार को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है. विरोध करने वालों में बिहार दस्तावेज नवीस संघ के सदस्य शामिल है. निबंधन पदाधिकारी कुमारी स्वीटी ने बताया कि अभी तक संघ द्वारा कोई लिखित नहीं दिया गया है.



विरोध जताते बिहार दस्तावेज नवीस संघ के सदस्य.

## नशा छिड़क कर उड़ायी सोने की चेन मोबाइल व रुपये

**पटना सिटी.** अगमकुआं थाना क्षेत्र के बस पड़ाव के समीप में मुजफ्फरपुर जाने के लिए वैशाली के बेलसर गांव निवासी मणिकांत ओझा को नशा छिड़क कर सोने की चेन, मोबाइल व रुपये उड़ा लिया है. पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि बस में भीड़ अधिक होने की स्थिति में वह बस में सवार नहीं हुए. समीप में खड़े ऑटो में बस स्टैंड जाने के लिए बैठ गये. ऑटो में दो व्यक्ति पहले से सवार थे. दोनों ने पॉकेट से कुछ निकाल कर छिड़काव किया, जिससे बेहोशी की स्थिति बन गयी. इसके बाद बदमाशों ने मोबाइल, पांच हजार रुपये, सोने की चेन निकाल कर बस पड़ाव के पास उतार कर फरार हो गये.

## सिटी बाइट्स



### इनर व्हील ने सामाजिक कार्य का लिया संकल्प

**पटना सिटी.** हाजीगंज स्थित अरोड़ा हाउस में इनर व्हील क्लब पटना सिटी की ओर से 2026 -27 की चयनित अध्यक्ष रश्मि अरोड़ा ने निवर्तमान अध्यक्ष रीता रस्तोगी से पदभार ग्रहण करते हुए सामाजिक कार्य की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. पदभार ग्रहण करते ही अध्यक्ष ने नयी टीम की घोषणा की. इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर सीता साहू ने करते हुए कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सेवा ही धर्म है, जो क्लब के स्तर पर होता है. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निभा कुमारी, विमला सिन्हा और अंजू ढीगरा ने विचार रखे. आयोजन में क्लब की डिस्ट्रिक्ट वोकेशनल चेयरमैन रूचि अरोड़ा, कविता अरोड़ा उपस्थित थीं. कार्यक्रम का संचालन शालू गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन सुधा गुप्ता ने किया.



### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कायस्थ समाज

**पटना.** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन में कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर समर्थन की घोषणा की है. सहाय सदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि नीरज कुमार सिन्हा शिक्षित, सरल और जनसरोकारों से जुड़े हुए उम्मीदवार हैं. कायस्थ चित्रगुप्त सेना, बिहार प्रदेश के अध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएगा. यह भी घोषणा की गयी कि 18 जुलाई को सहाय सदन, बेली रोड में वृहद समागम आयोजित किया जाएगा. मौके पर सुजीत कुमार वर्मा, डॉ. एम. पी. नारायण, राकेश कुमार सिन्हा, पुष्कर श्रीवास्तव, मनहर अतुल कृष्णा, प्रो. निर्मल श्रीवास्तव, सुदामा सिन्हा, राकेश रौशन 'बब्लू', गोपाल कृष्णा, मनीष आनंद, संजीव कर्ण, रौशन प्रियदर्शी आदि थे.



### वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

**फुलवारीशरीफ.** एसडीवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी भाषा में अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में कक्षा नौ और 10 के विद्यार्थियों ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए. पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन और खेल भावना का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गयी. विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन और प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

### दानापुर में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, जुर्माना

**दानापुर .** शुक्रवार को खनन विभाग व शाहपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर राजा ईंट भट्ट से एक ओवर लोड बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है. थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है. उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर मालिक को एक लाख पांच हजार जुर्माना लगा कर छोड़ दिया गया है.

### मालसलामी से दो किशोरी बहन हुईं लापता

**पटना सिटी.** मालसलामी थाना क्षेत्र से दो किशोरी बहन लापता है. परिजनों ने गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज करायी है. पुलिस ने बताया कि 16 वर्षीया व 14 वर्ष की किशोरी बीते 14 जुलाई को घर से सुबह चार बजे निकली हैं. इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा है. परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने बताया कि छानबीन की जा रही है.

### नोटबंदी से जुड़े मामले में बैंककर्मी को किया गिरफ्तार

**पटना.** आर्थिक अपराध इकाई ने 2016 के नोटबंदी मामले में शुक्रवार को अप्राथमिकी अभियुक्त अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया है. श्री कुमार की गिरफ्तारी झारखंड के कोडरमा स्थित बैंक ऑफ इंडिया, फुलवरिया शाखा से की गयी.इओयू द्वारा जारी सूचना के अनुसार, अरविंद कुमार के विरुद्ध निगरानी, पटना के न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट जारी था. वे मूल रूप से दानापुर के पंचवटी नगर के निवासी हैं.उनके खिलाफ यह मामला नोटबंदी के दौरान हुई गड़बड़ी से संबंधित है. घटना के समय अरविंद कुमार बैंक ऑफ इंडिया, गया मुख्य शाखा में पदस्थापित थे. आरोप है कि उनके तथा अन्य अभियुक्तों द्वारा वादी राजेश कुमार के बैंक खाते में खाताधारक की जानकारी के बिना लाखों रुपये का लेन-देन किया गया.

### छह मरीजों को एम्स में मिला व्हीलचेयर

**फुलवारीशरीफ.** एम्स पटना ने शुक्रवार को स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से पीड़ित छह मरीजों को व्हीलचेयर प्रदान किया. व्हीलचेयर का वितरण एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने किया. उधर, **दानापुर** में सुल्तानपुर पुलिस चौकी के पास पूर्व पार्षद अमित कुमार के आवास पर एलिम्को की ओर से दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पार्षद अमित कुमार व प्रतिनिधि टिंकू कुमार ने की. शिविर में दिव्यांग बच्चों व वृद्ध के बीच विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया गया.

## सिटी बाइट्स

### एलन के टॉप 10 में पांच व टॉप 100 में 46 स्टूडेंट



**पटना.** नीट-यूजी 2026 के परिणामों में टॉप-10 में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के पांच स्टूडेंट्स शामिल हैं. परिणामों में टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं. एलन के आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से 720 में से 715 अंक हासिल किये हैं. टाइब्रेकर रूल की प्राथमिकता के आधार पर आर्यन गुप्ता को ऑल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को ऑल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया है. पंशुल बंसल एलन के दो साल से रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं तथा आर्यन गुप्ता एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े हैं. इसके साथ ही एलन क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-4 हासिल की है. एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के स्टूडेंट आर्यन दुबे ने एआइआर-7, वहीं एलन क्लासरूम स्टूडेंट गौरव सिंह ऑल इंडिया रैंक-9 हासिल की है. एलन के सीइओ नितिन कुकरेजा ने बेहतर परिणामों पर सभी स्टूडेंट्स और उनके परिजनों को बधाई दी है.

### नीट यूजी में बायोम संस्थान का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पटना.** नीट यूजी री-एग्जाम 2026 के परिणाम में रांची के बायोम संस्थान के अक्षय सिन्हा ने रैंक-224 (इडब्ल्यूएस), श्रेया सुमन रैंक-359 (इडब्ल्यूएस), अर्पणा रैंक-462 (इडब्ल्यूएस), अमृत राज रैंक-765 (इडब्ल्यूएस), साकिब अहमद रैंक-815 (ओबीसी), जतिन कुमार रैंक-883 (इडब्ल्यूएस), अक्षत प्रेम रैंक-1074 (जेनरल), सुमित रैंक-1422 (ओबीसी), मयंक राज रैंक-1607 (ओबीसी), हर्ष कुमार रैंक-1658 (ओबीसी), अंकित रैंक-2304 (ओबीसी), आसिफ रजा रैंक-2698 (ओबीसी), तरुण तेजपाल रैंक-3036 (ओबीसी), ऋषिका पांडे रैंक-3038 (जेनरल), हर्षवर्धन रैंक-3117 (ओबीसी), आयुष सिंह रैंक-108 (एससी), अमृता रैंक-3270 (जेनरल), शिवम कुमार रैंक-3376 (ओबीसी), ऋषभ तिवारी रैंक-3509 (जेनरल) आदि सफल छात्र हैं.

### लीड्स एशियन स्कूल में अलंकरण समारोह



**पटना.** लीड्स एशियन स्कूल ने शुक्रवार को अलंकरण समारोह कर विद्यार्थियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंप कर कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दिलाया. स्कूल के चेयरमैन रामेश्वर सिंह ने कहा कि परफेक्ट और मॉनिटर्स के माध्यम से हम बच्चों के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करना चाहते हैं. मौके पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को बैज पहनाकर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी. इस अवसर पर सचिव पुष्पा सिन्हा ने कहा कि आज के बच्चे कल के भारत का भविष्य हैं. विद्यालय एक ऐसा मंच है, जहां बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है. प्राचार्य अजय कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन और कर्तव्यपालन की शपथ दिलवायी.

### मेंटर्स एडुसर्व के कई छात्रों को ऑल इंडिया टॉप रैंक




**पटना.** नीट-यूजी 2026 के घोषित परिणाम में पटना स्थित मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों ने बेहतर अंक हासिल किया. विभिन्न श्रेणियों में ऑल इंडिया स्तर पर रैंक हासिल की है. संस्थान के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम के विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है. संस्थान के टॉप प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अर्पणा ने ऑल इंडिया रैंक (एआइआर) 462, मासूम ने 538, देवांशु ने 709, कुणाल ने 884, भाव्या ने 1623, नौशाद ने 1628 तथा रोहित ने 1830वीं रैंक हासिल किया है. मेंटर्स एडुसर्व के निदेशक आनंद कुमार जायसवाल ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की. नीट-यूजी 2027 की तैयारी के लिए नया रिपीटर बैच 23 व 30 जुलाई 2026 से शुरू होगा.

### नीट यूजी : एल-वन कोचिंग का शानदार प्रदर्शन



**पटना.** नीट 2026 की परीक्षा में एल-वन कोचिंग के डायरेक्टर ब्रिजेश सिंह ने बताया कि एल-वन कोचिंग के छात्र उमंग ने 446, अरपित ने 463, सुभाजीत ने 751, उत्कर्ष ने 768, अनीकिनी ने 1096, अदित्य ने 1229, चान्दमनि ने 1704, स्मृति ने 1818, पंकज ने 3275, मिनहाजुल ने 3504, श्रेया ने 3766 तथा अनकुर ने 3998 रैंक विभिन्न कैटेगरी में प्राप्त किया. मेडिकल में प्रवेश पाने के लिये पर्सनल डाउट दूर होना जरूरी है जो कि एल-वन कोचिंग में भलि-भांति की जाती है. उन्होंने बताया कि बैच की शुरुआत 27 जुलाई और तीन अगस्त से शुरू होगा. इसके साथ-साथ इस साल एल-वन में रीपिटर बैच भी शुरू किया जायेगा.

### शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

**पटना.** टीआरइ-4 (शिक्षक भर्ती) के अभ्यर्थियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है. एक वर्ष से टीआरइ-4 अभ्यर्थियों द्वारा कई बार आंदोलन किया गया है लेकिन अभी तक विज्ञापन नहीं जारी किया गया है. बिहार स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष छात्र नेता दिलीप कुमार ने शुक्रवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से मांग की कि अपने वादे के अनुसार जुलाई अंत तक टीआरइ-4 का विज्ञापन प्रकाशित करना चाहिए. कहा कि अगर जुलाई अंत तक विज्ञापन नही आया तो मजबूरन बिहार के सभी जिलों में और राजधानी पटना में चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा. प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टूडेंट लीडर प्रियंका पटेल आदि छात्र थे.

**नीट यूजी . 2300 से 2500 रैंक वालों को एम्स में नामांकन मिलने की संभावना**

# पिछले साल से अधिक रहेगा कटऑफ

### अधिक छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश का अवसर मिलने की उम्मीद

संवाददाता, पटना

नीट यूजी 2026 में इस बार एम्स में दाखिले की कटऑफ पिछले वर्ष की तुलना में कुछ ऊपर जा सकती है. अनुमान है कि लगभग 2300 से 2500 ऑल इंडिया रैंक तक के अभ्यर्थियों को एम्स में प्रवेश मिलने की संभावना है.

गोल के एक्सपर्ट बिपिन सिंह ने जानकारी दी कि पिछले वर्षों के काउंसेलिंग ट्रेंड, सीटों की उपलब्धता और इस वर्ष की मेरिट के आधार पर लगाया गया है. बिपिन सिंह ने बताया कि बिहार में मेडिकल कॉलेजों की सीटों में बढ़ोतरी हुई है. ऐसे में राज्य कोटे की काउंसेलिंग के दौरान कई सरकारी मेडिकल कॉलेजों की कट ऑफ रैंक पिछले वर्ष की तुलना में कुछ नीचे (अधिक रैंक तक) जा सकती है, जिससे अधिक छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश का अवसर मिलने की उम्मीद है. हालांकि अंतिम कट ऑफ काउंसेलिंग के दौरान अभ्यर्थियों की पसंद, सीट मैट्रिक्स और श्रेणीवार प्रतिस्पर्धा पर निर्भर करेगी.

**पिछले वर्ष के आंकड़े**

ऑल इंडिया 15% कोटा (2025)

| श्रेणी | एमबीबीएस | बीडीएस |
|---|---|---|
| सामान्य | 27,360 | 64,023 |
| ईडब्ल्यूएस | 30,921 | 62,574 |
| ओबीसी | 27,421 | 66,849 |
| एससी | 1,39,123 | 2,35,422 |
| एसटी | 1,64,804 | 3,20,943 |

**बिहार राज्य कोटा**

बिहार के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में वर्ष 2025 की काउंसेलिंग में विभिन्न श्रेणियों के लिए कॉलेजवार कटऑफ जारी किये गये थे. इनमें पीएमसीएच, आइजीआइएमएस, एनएमसीएच, डीएमसीएच, जीएमसी बेतिया, एसकेएमसीएच, डीएमसीएच, एएनएमएमसीएच, जेएलएनएमसीएच, जीएमसी पूर्णिया, जेएमकेटीएमसीएच मधेपुरा व पीसीएमएच सहित सभी मेडिकल कॉलेजों की अंतिम रैंक का विवरण शामिल है.

**झारखंड राज्य कोटा**

झारखंड के रिम्स रांची, एमजीएम जमशेदपुर, एसएनएमएमसीएच धनबाद, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग, पलामू मेडिकल कॉलेज, पीजेएम मेडिकल कॉलेज दुमका, एमजीएमसी लातेहार सहित विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के लिए भी श्रेणीवार अंतिम चयनित रैंक जारी की गयी थी.

### दानापुर के रविकांत को 720 में से 695 अंक

**पटना.** एनटीए द्वारा घोषित नीट यूजी परीक्षा में बिहार के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखायी है. दानापुर निवासी रविकांत दिवाकर ने 720 में से 695 अंक प्राप्त कर एआइआर 55 हासिल किया. रविकांत ने कहा कि वह दिल्ली एम्स से एमबीबीएस करना चाहते हैं, रविकांत की पढ़ाई पटना से हुई है. उन्होंने दसवीं में 97 प्रतिशत व 12वीं में 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किया था. रविकांत को पहले प्रयास में नीट में सफलता मिली है, रविकांत ने बताया कि वह रूटीन के अनुसार पढ़ाई करते थे. कभी समय नहीं देखते थे. उनके बड़े भाई भी पीएमसीएच से एमबीबीएस कर रहे हैं.

**नेहा गुप्ता को मिले 604 अंक :** सिपारा निवासी नेहा को एआइआर 8700 व 604 अंक हासिल हुआ है. बताया कि वह मोबाइल का यूज नहीं करती थी. सेल्फ स्टडी और कोचिंग से मिली किताब से पढ़ाई करती थी.

**अंकित को 638 अंक, दूसरे प्रयास में सफलता :** दीघा निवासी अंकित को दूसरे प्रयास में सफलता मिली है. उसे 638 अंक मिले हैं. बताया कि सेल्फ स्टडी और कोचिंग के शिक्षकों के मार्गदर्शन से सफलता मिली है.

**केवी खगौल के शाश्वत को रैंक 232 :** केवी खगौल के छात्र शाश्वत तिवारी ने ऑल इंडिया रैंक 232 हासिल की है. उन्हें 681 अंक मिले हैं. पिता अजीत कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि शाश्वत की कड़ी मेहनत का परिणाम है.

### एक सवाल हटाया, एक के दो विकल्प सही

**पटना.** एनटीए ने नीट-यूजी 2026 की संशोधित अंतिम उत्तर कुंजी में एक प्रश्न को पूरी तरह हटा दिया गया है, जबकि एक अन्य प्रश्न के दो विकल्पों को सही उत्तर माना गया है. बुकलेट कोड-50 में प्रश्न संख्या 26 को हटाया गया है, जबकि प्रश्न संख्या 38 के विकल्प दो और तीन दोनों को सही उत्तर माना गया है. बुकलेट कोड-60 में प्रश्न संख्या 43 हटायी गयी है और प्रश्न संख्या 36 के विकल्प एक और 4 सही माने गये हैं. इसी तरह, बुकलेट कोड-70 में प्रश्न संख्या 40 हटायी गयी है, जबकि प्रश्न संख्या 22 के विकल्प तीन और चार को सही माना गया है. बुकलेट कोड-80 में प्रश्न संख्या दो हटायी गयी है और प्रश्न संख्या पांच के विकल्प एक और दो दोनों को सही उत्तर माना है. इस बदलाव का लाभ हजारों अभ्यर्थियों को मिला है. एनटीए के अनुसार, हटाये गये प्रश्न के लिये सभी परीक्षार्थियों को अंक दिये गये हैं, जबकि जिस प्रश्न के दो उत्तर सही माने गये हैं, उसमें दोनों में से किसी एक विकल्प का चयन करने वाले अभ्यर्थियों को अंक प्रदान किये गये हैं.

**99 प्रतिशत सफल अभ्यर्थियों की उम्र 17 से 19 वर्ष :** इस वर्ष सफल अभ्यर्थियों में लगभग 99 प्रतिशत की आयु 17 से 19 वर्ष के बीच है. परीक्षा में 705 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष 17 रैंकर्स आठ राज्यों से हैं.

### इग्नू : जुलाई सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**पटना.** इग्नू ने जुलाई 2026 शैक्षणिक सत्र में नये प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई कर दी है. यह सुविधा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) व ऑनलाइन दोनों माध्यमों से संचालित पाठ्यक्रमों के लिए है. सूचना के अनुसार ओडीएल कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को ओडीएल एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा. वहीं ऑनलाइन संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अलग ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर आवेदन लिये जा रहे हैं.

### इग्नू के शिकायत निवारण शिविर में 166 की समस्याएं सुलझीं

**पटना.** इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र पटना में जुलाई माह का आमने-सामने शिकायत निवारण शिविर लगा. इसमें 166 शिक्षार्थियों की शिकायतों का संबंधित अनुभागों ने मौके पर ही निस्तारण किया. इस दौरान 18 शिक्षार्थियों को माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, 11 को डिग्री प्रमाण-पत्र व सात को बोनाफाइड प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये. कार्यक्रम की शुरुआत सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. नीलू शर्मा ने शिक्षार्थियों का स्वागत कर की. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिकायत निवारण शिविर छात्र सहायता सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है.

## गोल के कमल को 671 व केशव को 660 अंक

संवाददाता, पटना



**मेडिकल** प्रवेश परीक्षा नीट में गोल इंस्टीट्यूट के छात्र रवि कांत दिवाकर ने 720 में 695 अंक प्राप्त कर जेनरल एआइआर 55 व केटेगरी एआइआर 3 हासिल किया है. कमल नयन ने 671 अंक के साथ जेनरल एआइआर 460, केशव कुमार ने 660 अंक के साथ जेनरल एआइआर 901, अनुष्का कश्यप ने 660 अंक के साथ जेनरल एआइआर 937 व सृष्टि राज ने 652 अंक प्राप्त कर जेनरल एआइआर 1290 हासिल किया है. संस्थान के 500 से अधिक विद्यार्थियों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश मिलने की संभावना है. विद्यार्थियों के परिणामों का संकलन अभी जारी है. गोल इंस्टीट्यूट के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल अंकों और रैंक की सफलता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अभिभावकों के विश्वास और गोल की पूरी शैक्षणिक टीम के सामूहिक समर्पण का परिणाम है. रविकांत दिवाकर सहित हमारे सभी सफल विद्यार्थियों ने सिद्ध किया है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन व निरंतर अभ्यास से देश की कठिनतम परीक्षाओं में भी श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया जा सकता है. हमारा उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल बनाना नहीं, बल्कि उन्हें संवेदनशील, जिम्मेदार और उत्कृष्ट चिकित्सक बनने के लिए तैयार करना है.

### इंस्पायर अवार्ड के लिए आवेदन शुरू, छठी से 12वीं के विद्यार्थी ले सकते हैं भाग

संवाददाता, पटना

**जिले** के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा छह से 12वीं के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इंस्पायर अवार्ड दिया जाता है. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित इंस्पायर अवार्ड के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. इच्छुक विद्यालय 15 सितंबर तक अपने छात्रों के अभिनव विचारों को पोर्टल पर जमा कर सकते हैं. प्रत्येक स्कूल से अधिकतम पांच मौलिक और तकनीकी रूप से व्यावहारिक आइडिया शॉर्टलिस्ट कर भेजा जा सकता है. इस बात का ख्याल रखना होगा कि आईडिया समाज की किसी न किसी आवश्यकता को पूरा करता हो. शॉर्टलिस्ट किये गये विद्यार्थियों को केवल जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों और परियोजनाओं की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा. बल्कि देश के प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों द्वारा उनके विचारों एवं प्रोटोटाइप को और बेहतर बनाने के लिये प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा. इच्छुक विद्यार्थी एमआईएएस वेब पोर्टल www.inspireawards-dst.gov.in या इसके मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

**आवश्यक सूचना**

बिहार राज्य वक्फ न्यायाधिकरण, पटना के वाद E.A. No.-24/20 में पारित आदेश दिनांक 06.10.2025 (मिर्जा हैदर अली को भारतीय डाक के माध्यम से दिनांक- 13.02.2026 द्वारा तामीला कराया जा चुका है) के अंश में- "It is also made here clear that the present Mutawalli Mirza Haider Ali @ Vicky in no case should be made ad-hoc Mutawalli for this purpose as his appointment has been held to be illegal, null & void." का उल्लेख किया गया है।

अतः उक्त न्यायाधिकरण आदेश के आलोक में मिर्जा वजीर हुसैन वक्फ इस्टेट, बोर्ड पंजीयन सं0-230 / पटना के मोतवल्ली पद से आपको तत्काल प्रभाव से हटाया जाता है, साथ ही आपको निदेश दिया जाता है कि उक्त वक्फ इस्टेट से संबंधित बैंक खाता का पासबुक, कैशबुक, लेजर एवं अन्य कागजात 10 दिनों के अन्दर बोर्ड कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

**नोटः-** उक्त पत्र हैदर अली को भारतीय डाक द्वारा कार्यालय पत्रांक- 245 दिनांक - 13.03.2026 को भेजा गया था जो भारतीय डाक की टिप्पणी "फरार है तीन चार महीने से" दिनांक - 17.03.2026 के साथ अवितरित लौटा दिया गया है।

आदेशानुसार, मुख्य कार्यपालक पदा०
बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड, पटना ।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/08 दिनांक- 17.07.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026 BCECE (LE)–2026 [(Engg.) Degree Course] के Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/06 एवं 2026/07 दिनांक- 12.07.2026 के क्रम में BCECE(LE)-2026 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के अभियंत्रण संस्थानों में स्नातक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक- वि.प्रा.(VI)फा०-01/2020(पार्ट)-4082 दिनांक 17.07.2026 के आलोक में एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर के पार्श्विक प्रवेश के विभिन्न पाठ्यक्रमों के वर्त्तमान प्रदर्शित सीटों की संख्या में वृद्धि हो गयी है। तद्नुसार सीटों की उक्त वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थीहित में BCECE(LE)-2026 के Online Choice Filling की तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है;

| Sl. Programme | Re-Scheduled Date |
|---|---|
| (i) Updated Seat Matrix posting on website ....... : | 17.07.2026 |
| (ii) Last date of Online Choice filling for seat allotment & locking ....... : | 23.07.2026 |

2. संशोधित सीटों की Updated Seat Matrix पर्षद के website पर उपलब्ध करा दिया गया है।

3. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2026/06 दिनांक- 12.07.2026 की अन्य शर्तें एवं कार्यक्रम/नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

केनरा बैंक Canara Bank
औरंगाबाद शाखा | सिंडिकेट Syndicate

**कब्जा सूचना [धारा 13 (4)] (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (नियम 2002 के 54) (एतद्पश्चात अधिनियम के रूप में संदर्भित) एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋणी – मे. जय अम्बे राइस मिल औद्योगिक विकास केंद्र, औरंगाबाद, इसके मालिक– श्री दिनेश कुमार सिंह पिता– श्री इन्द्रदेव सिंह के द्वारा प्रतिनिधित्व (एतद्पश्चात "ऋणी" के रूप में संदर्भित), को बकाया राशि के प्रतिदाय के लिए दिनांक–07.05.2026 को एक मांग सूचना जारी किया था जिसमें उल्लिखित रकम रू. 62,12,037.34 (रु. बासठ लाख बारह हजार सैंतीस एवं चौंतीस पैसे मात्र) दिनांक 07.05.2026 तक, साथ ही उसके आगे का ब्याज एवं अन्य खर्चे अलग से, को 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने को कहा गया था।

ऋणी द्वारा रकम की अदायगी न करने के कारण ऋणी, जमानतदार एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 17 जुलाई 2026 को ले लिया है।

ऋणी एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि वे संबंधित परिसम्पत्ति की खरीद–फरोख्त न करें तथा इस परिसम्पत्ति के किसी भी क्रय–विक्रय अंकित रकम रू. 62,12,037.34 (रु. बासठ लाख बारह हजार सैंतीस एवं चौंतीस पैसे मात्र) दिनांक 07.05.2026 तक, एवं उसके आगे का ब्याज एवं अन्य खर्चे अलग से, केनरा बैंक, के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 (8) के अन्तर्गत आमंत्रित है।

अचल संपत्ति का विवरणः– औद्योगिक संपत्ति के सभी भाग एवं खंड का मौजा– जसोईया, वार्ड सं.–01, औद्योगिक प्लाट सं.–ए–12, सर्वे प्लॉट सं.– 426(पी) एवं 427 (पी) थाना–औरंगाबाद, थाना सं.– 264, सह–निबंधन कार्यालय –औरंगाबाद, जिला–औरंगाबाद, बिहार में अवस्थित। पंजीकृत लीज डीड सं. 14478 दिनांक 19.10.2013 के अनुसार, 22.10.2013 को पंजीकृत औद्योगिक संपत्ति का सामयिक बंधक मौजा–जसोया, वार्ड सं. 01, औद्योगिक प्लॉट सं. ए–12, सर्वे प्लॉट सं. 426(पी) एवं 427 (पी) थाना – औरंगाबाद, थाना सं.–264 सह–निबंधन कार्यालय – औरंगाबाद, जिला– औरंगाबाद, बिहार, रकवा–5000 वर्ग फीट, चौहद्दी– उत्तर – औद्योगिक प्लॉट सं. ए–13, दक्षिण – औद्योगिक प्लॉट सं. ए–11, पूरब – औद्योगिक सड़क 40'0", पश्चिम– औद्योगिक प्लॉट सं. एनएस–4, CERSAI ID : 200009229718, सम्पत्ति के मालिक का नाम – मे. जय अम्बे राइस मिल, इसके मालिक – श्री दिनेश कुमार सिंह पिता – श्री इन्द्रदेव सिंह के द्वारा प्रतिनिधित्व औद्योगिक विकास केंद्र, औरंगाबाद.

दिनांकः 17.07.2026 स्थानः औरंगाबाद | वाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। | प्राधिकृत अधिकारी (केनरा बैंक)

केनरा बैंक Canara Bank
पटना पाटलिपुत्र कॉलोनी शाखा | सिंडिकेट Syndicate

**कब्जा सूचना [धारा 13 (4)] (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (नियम 2002 के 54) (एतद्पश्चात अधिनियम के रूप में संदर्भित) एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता 1) मेसर्स ओम ट्रेडिंग कंपनी, एक पार्टनरशिप फर्म, जिसका प्रतिनिधित्व इसके पार्टनर i) श्री पिंकू कुमार पिता– ओम प्रकाश साव एवं ii) श्री राजीव रंजन, पिता–जीतेन्द्र साह, एवं 1) श्री पिंकू कुमार पिता– ओम प्रकाश साव एवं 2) श्री राजीव रंजन, पिता–जीतेन्द्र साह एवं 3) श्रीमती गुड्डी कुमारी, पति– अनिल कुमार, ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता, को बकाया राशि के प्रतिदाय के लिए दिनांक–05.05.2026 को एक मांग सूचना जारी किया था जिसमें उल्लिखित रकम रू. 4,74,03,698.67 (रु. चार करोड़ चौहत्तर लाख तीन हजार छह सौ अट्ठानवे एवं सड़सठ पैसे मात्र) दिनांक 30.04.2026 तक, साथ ही उसके आगे का ब्याज एवं अन्य खर्चे अलग से, को 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने को कहा गया था।

ऋणी द्वारा रकम की अदायगी न करने के कारण ऋणी, जमानतदार एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 15 जुलाई 2026 को ले लिया है।

ऋणी एवं जनसाधारण को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि वे संबंधित परिसम्पत्ति की खरीद–फरोख्त न करें तथा इस परिसम्पत्ति के किसी भी क्रय–विक्रय अंकित रकम रू. 4,74,03,698.67 (रु. चार करोड़ चौहत्तर लाख तीन हजार छह सौ अट्ठानवे एवं सड़सठ पैसे मात्र) दिनांक 30.04.2026 तक, एवं उसके आगे का ब्याज एवं अन्य खर्चे अलग से, केनरा बैंक, के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) के अन्तर्गत आमंत्रित है।

अचल संपत्ति का विवरणः–

1. व्यवसायिक/औद्योगिक इमारत के सभी भाग एवं खंड, जिसमें सभी जमीन, बनी हुई इमारत एवं सुविधायें शामिल हैं, जो मौजा– हसनपुर, थाना सं.– 473, खाता सं.–11, वर्तमान थाना– राजगीर, हलका – नहुब, तौजी – बिहार सरकार, खेसरा/ प्लॉट सं.–247, एसआरओ–राजगीर, जिला एसआरओ – नालंदा बिहार शरीफ, बिहार में अवस्थित, रकवा– 2.75 डिसमील, चौहद्दीः–उत्तर– अनिल प्रसाद, दक्षिण – सड़क, पूरब– खरीददार, पश्चिम – शैलेश कुमार, रजिस्टर्ड सेल डीड सं.– 727 दिनांक 22.02.2014 के अनुसार, संपति के मालकिन का नाम – पिंकू कुमार, पिता – ओम प्रकाश साव, 2. व्यवसायिक/औद्योगिक इमारत के सभी भाग एवं खंड, जिसमें सभी जमीन, बनी हुई इमारत एवं सुविधायें शामिल हैं, जो मौजा– हसनपुर, थाना सं.– 473, खाता सं.–19, वर्तमान थाना –राजगीर, हलका सं.–07, तौजी – बिहार सरकार, खेसरा/प्लॉट सं.– 246,एसआरओ–राजगीर, जिला एसआरओ – नालंदा बिहार शरीफ, बिहार में अवस्थित, रकवा– 12 डिसमील, चौहद्दीः–उत्तर– रवींद्र प्रसाद, दक्षिण – अनिल प्रसाद एवं शैलेश कुमार, पूरब– खरीददार, पश्चिम – गजेंद्र कुमार, रजिस्टर्ड सेल डीड सं.–4735 दिनांक 17.06.2022 के अनुसार, संपत्ति के मालकिन का नाम – पिंकू कुमार, पिता – ओम प्रकाश साव, 3. व्यवसायिक/औद्योगिक इमारत के सभी भाग एवं खंड, जिसमें सारी जमीन, बनी हुई इमारत एवं सुविधायें शामिल हैं, जो मौजा– हसनपुर, थाना सं.– 473, खाता सं.– 7, वर्तमान थाना – राजगीर, हलका सं.– 07, तौजी – बिहार सरकार, खेसरा/प्लॉट सं.–371, एसआरओ–राजगीर, जिला एसआरओ – नालंदा बिहार शरीफ, बिहार में अवस्थित, रकवा–3 डिसमील, चौहद्दी : – उत्तर – जगदीश शर्मा, दक्षिण – फरीक दीन, पूरब – पईन, पश्चिम – खरीददार इमरोजा अरविंद कुमार एवं अन्य, रजिस्टर्ड सेल डीड सं. 596 दिनांक 22.02.2011 के अनुसार, संपत्ति के मालकिन का नाम – गुड्डी कुमारी, पति– अनिल कुमार, CERSAI id of above properties:-400081375019, 400081375829, 400081379184

दिनांकः 15.07.2026 स्थानः पटना | वाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। | प्राधिकृत अधिकारी (केनरा बैंक)

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम | A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

(वित्तीय आस्तियों एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन एवं प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण अधिनियम 2002 (अधिनियम सं.–2 सन् 2002) की धारा 13 (3) एवं 13 (8) के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना) **मांग सूचना**

निम्न वर्णित ऋणी/जमानतदार को मांग सूचना जारी की गई थी कि उन्होंने ऋण का लाभ उठाया है एवं उनका ऋण खाता अनर्जक संपत्ति के रूप में वर्गीकृत हो गया है जिसको चुकाने के लिए बैंक द्वारा आपको 60 दिनों का समय दिया जा रहा है। सूचना भेजा गया लेकिन स्वीकृति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। यदि ऋणी/जमानतदार ने 60 दिनों के दिए गए समय के भीतर बकाया का भुगतान करने में विफल रहे तो हमने निम्न वर्णित सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के लिए हमारे इरादे का संकेत दिया है। ऋणी/जमानतदार को यह सूचित किया जाता है कि सरफेसी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई से बचने के लिए इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर निम्न वर्णित बकाया राशि का भुगतान कर दें। आपको यह सलाह दी जाती है कि आप विस्तृत सूचना हमारे कार्यालय से ले सकते हैं।

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | ऋण सं. / ऋण की प्रकृति / स्वीकृत राशि (लाख में) | संपत्ति का विवरण | एनपीए की तारीख /मांग सूचना की तारीख | कुल बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुआरी बुजुर्ग शाखा, ऋणी – भारतेंदु कुमार, द्वारा – उमेश प्रसाद शुक्ला, मकान सं.– 27, कुआरी बुजुर्ग, हाजीपुर, जिला–वैशाली – 844101 | 161002463907 Canara Vehicle रू. 17,00,000/- | मॉडल का नाम – Creta 1.5 MPI IVT SX Tech, निर्माता का नाम – Hyundi Motor India Ltd, रंग – Abyss Black Pearl, बॉडी टाइप – Station Wagon, चेसिस संख्या – MALPC812TRM789396, इंजन मोटर संख्या – G4FLRV784819, संपत्ति के मालिक का नाम – श्री भारतेंदु कुमार | 08.04.2026 / 07.07.2026 | रू. 14,57,200/- दिनांक 06.07.2026 |
| 2. | कुआरी बुजुर्ग शाखा, ऋणी – श्री जीतेन्द्र कुमार, पिता– उदय नारायण राय, द्वारा–राजेश कुमार, देवी स्थान लेन, चिरैयाटांड़, करबिगहिया पोस्टल पार्क, पटना – 800001 | 170006500500 Loan to MSME Service रू. 4,60,000/- | मॉडल का नाम – MAHINDRA 265 DI MKM DLX, निर्माता का नाम – Mahindra & Mahindra Limited, रंग – Red, बॉडी टाइप – Commercial Tractor Open, चेसिस संख्या – MBNABACAANRE10672, इंजन मोटर संख्या – RNE2BBN1041, संपत्ति के मालिक का नाम – श्री जीतेन्द्र कुमार | 01.05.2025 / 07.07.2026 | रू. 3,11,334.56 दिनांक 06.07.2026 |
| 3. | बानपुरा शाखा, ऋणी – राजन कुमार मांझी, पिता – बिश्वनाथ मांझी, बसतपुर, हुस्सेपुर, सारण, बिहार – 841220 | 170000520291 Canara Vehicle रू. 4,00,000/- | मॉडल का नाम – Maruti Eco Ambulance, निर्माता का नाम – Maruti Suzuki India Ltd., रंग – Superior white, चेसिस सं.– MA3ERLF1S00925977, इंजन मोटर संख्या – G12BN941B37, संपत्ति के मालिक का नाम – श्री राजन कुमार मांझी | 11.05.2022 / 07.07.2026 | रू. 6,34,623.98 दिनांक 06.07.2026 |
| 4. | हलालपुर मदार शाखा, ऋणी – शांति कुमारी, द्वारा – राज कुमार सिंह, 21–2 सांचीपट्टी, हाजीपुर, वैशाली, बिहार – 844101 | 170011079092 Loans to MSME Services रू. 1,50,000/- | ई–रिक्शा, निर्माता का नाम – SRD Renewables, निर्माता – SRD, बैठने की क्षमता – 5, मोटर की क्षमता (KW) – 1.27, इंजन में इस्तेमाल होने वाला ईंधन – इलेक्ट्रिक (BOV), निर्माण का महीना/साल– 07/2023, रंग – Grey, संपत्ति के मालिक का नाम – शांति कुमारी | 09.03.2025 / 07.07.2026 | रू. 1,21,863.85 दिनांक 06.07.2026 |

हमारे पक्ष में उपयुक्त दस्तावेज कार्यान्वित करने के कारण, यहाँ पर अनुसूची में और विशेष रूप से वर्णित उपरोक्त ऋण/ उधार सुविधा सामान्यतः जायदाद के बंधक के रूप में सुरक्षित है। चूंकि आपने बैंक के बकाया राशि जैसा कि नियम एवं शर्तों के अनुसार निर्देशित था, नहीं चुकता कर पाने पर आपके खाते को अनर्जक परिसम्पत्ति के रूप में उपरोक्त वर्णित दिनांक को वर्गीकृत कर दिया गया। अतः हमलोग धारा 13 (2) विषय के कानून के तहत यह सूचना जारी कर रहें हैं कि आपकी उपरोक्त वर्णित पूरी देयता पूरा एवं न्यूनतम ब्याज, अन्य खर्चे के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर जमा करें। चूक हो जाने पर हमलोग धारा 13 (4) के तहत प्रदत सभी या कोई भी अधिकार का प्रयोग आपके विरुद्ध करेंगे। बिना हमारे पूर्व अनुमति के अनुसूची में वर्णित कोई भी प्रकार से सुरक्षित सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन नहीं कर सकते हैं। यह सूचना कानून के अन्तर्गत उपलब्ध अधिकारों विषय कानून एवं /या कोई अन्य कानून जो प्रचलन में है के तहत बिना किसी पूर्वाग्रह के जारी किया गया है। सुरक्षित परिसम्पत्ति को छुड़वाने के लिए सरफेसी कानून की धारा 13 के उपधारा (8) के अन्तर्गत आपका ध्यान आमंत्रित है। आपके अन्तिम ज्ञात पते पर बैंक के द्वारा मांग सूचना पावती निबंधित डाक से भेजा गया था।

वाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। | प्राधिकृत अधिकारी (केनरा बैंक)

**आंकड़ों में राज्य** वित्तीय वर्ष 2026-27 में वार्षिक स्कीम का बजट अनुमान 122155.42 करोड़ रुपये है.



## प्रश्नोत्तर का जवाब समय पर दें अधिकारी : स्पीकर



विधान मंडल के मॉनसून सत्र को लेकर आयोजित बैठक में स्पीकर डॉ प्रेम कुमार, उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव व सभापति अवधेश नारायण सिंह.

संवाददाता, पटना

**विधान** मंडल के मॉनसून सत्र की तैयारियों के लिए शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई. बैठक में सुरक्षा, ट्रैफिक, चिकित्सा, सफाई, पार्किंग व सीसीटीवी सहित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिये गये. अध्यक्ष ने जनहित के कार्यों की त्वरित निकासी के लिए विभागों को प्रश्नोत्तर के उत्तर समय पर देने व समितियों में अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. किसी सदस्य द्वारा किसी अधिकारी को फोन करने पर शीघ्र उत्तर देने तथा यदि विभागीय मीटिंग में व्यस्त हों तो बाद में वापस फोन करने की कार्य संस्कृति अपनाने पर भी बल दिया गया.बैठक में संसदीय कार्य विभाग को सदस्यों के प्रोटोकॉल संबंधी निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया. सभा सचिवालय व संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों का सम्यक निष्पादन सुनिश्चित करने का भी आदेश आया. अध्यक्ष ने हाल ही में बिपार्ड, गयाजी में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद भी किया. बैठक में विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, अपर मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन) बी राजेंद्र, प्रधान सचिव (संसदीय कार्य) आरएल चोंग्थू, अपर पुलिस मुख्यालय के सुनील कुमार, पटना के डीएम, एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक के बाद विधानसभा की प्रेस सलाहकार समिति की बैठक में सत्र के व्यापक प्रचार–प्रसार पर चर्चा हुई. इसके बाद दलीय नेताओं की बैठक में सत्र के शांतिपूर्ण संचालन पर सहमति बनी. शून्यकाल (ऑनलाइन) के लिए सुबह आठ बजे से नौ बजे तथा ध्यानाकर्षण के लिए नौ बजे से 10 बजे समय निर्धारित करने के प्रस्ताव को समर्थन मिला. सभी दलों ने सदन के सुचारू संचालन में सहयोग का आश्वासन दिया.

## पंचायत चुनाव तय समय पर ही होंगे, टालने का फैसला नहीं: दीपक

अभिनंदन पांडेय, पटना

**पंचायत** चुनाव को लेकर सोशल मीडिया और आम लोगों के बीच चल रही तरह-तरह की अटकलों पर विराम लग गया है. इस संबंध में स्थिति साफ करते हुए पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि पंचायत चुनाव अपने तय समय पर ही होंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की पूरी कोशिश है कि चुनाव इसी साल के अंत तक संपन्न करा लिए जाएं और इसे टालने का अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है.

### खास बातचीत

### नये परिसीमन से बदलेगा कई पंचायतों का भूगोल



सरकार ने इस बार ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद क्षेत्र के चुनाव नये परिसीमन के आधार पर कराने का निर्णय लिया है. यह नया परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर होना है. गौरतलब है कि पिछले 36 वर्षों से पंचायतों का परिसीमन नहीं हुआ है. नये परिसीमन के लागू होने से कई पंचायतों की भौगोलिक और राजनीतिक स्थिति बदल जायेगी. इसका सीधा असर चुनाव में भाग्य आजमाने वाले उम्मीदवारों पर पड़ेगा, क्योंकि कई सीटों के आरक्षण (आरक्षित और महिला वर्ग के लिए सुरक्षित) के समीकरण बदल सकते हैं.

जानकारों का दावा है कि यदि नये परिसीमन के आधार पर चुनाव कराये जाते हैं, तो इस साल चुनाव होना मुश्किल है. जानकारों के मुताबिक, यदि अगस्त 2026 से परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होती है, तो इसे पूरा होने में अप्रैल 2027 तक का समय लग सकता है. इसके बाद आरक्षण संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने में भी वक्त लगेगा. हालांकि, अगस्त से परिसीमन शुरू होने के सवाल पर मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी या आदेश नहीं है. उन्होंने दोहराया कि अफवाहों के विपरीत सरकार की प्राथमिकता इसी साल के अंत तक चुनाव संपन्न कराने की है.

**2021 में कोरोना के कारण टले थे चुनाव**

बिहार में इससे पहले साल 2021 में कोरोना महामारी के कारण पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो सके थे. उस दौरान विशेष परिस्थितियों को देखते हुए चुनावों को आगे बढ़ाया गया था और पंचायतों के कामकाज को सुचारू रखने के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था की गयी थी, लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह सामान्य है और सरकार समय पर ही चुनाव कराने के पक्ष में है.

## पुलिस को मिले 84 नये वाहन, सीएम ने कहा-और मजबूत होगी पुलिसिंग

**आयोजन**

संवाददाता, पटना

### पुलिस को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित कर रही सरकार



पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व अन्य.

**मुख्यमंत्री** सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार बिहार पुलिस को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करने के लिए लगातार काम कर रही है. कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस बल को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री ने यह बातें शुक्रवार को बिहार पुलिस के उपयोग के लिए 48 पुलिस बस, 30 चार पहिया वाहन और छह एंबुलेंस का लोकार्पण करने के बाद कहीं. इस दौरान मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस वाहनों को रवाना किया. इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' के सामने बने मंच से किया गया. मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पहले उसकी कार्यप्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली. उन्होंने कहा कि इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता के साथ दक्षता और बढ़ेगी. साथ ही विधि-व्यवस्था को मेंटेन करने में और सहूलियत होगी. नये वाहनों से अपराध नियंत्रण, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई और जनसुरक्षा को और मजबूती मिलेगी. इन नये वाहनों के शामिल होने से पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी, गश्ती व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी. मौके उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, डीजीपी विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, गृह विभाग के सचिव कुंदन कुमार, पुलिस महानिदेशक, निगरानी जेएस गंगवार, पुलिस महानिदेशक अभियान कुंदन कृष्णन आदि उपस्थित थे.

### पीएम के नेतृत्व में हो रहा रेलवे का आधुनिकीकरण : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन समारोह में शामिल हुए

**पटना .** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया. इसमें भागलपुर-साहेबगंज रेलखंड पर स्थित शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन भी शामिल रहा. इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए.

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेलवे निरंतर आधुनिक, सुरक्षित एवं यात्री-केंद्रित परिवहन व्यवस्था के रूप में विकसित हो रही है. रेलवे अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण काम किये जा रहे हैं. अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास केवल भवनों के आधुनिकीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की एक व्यापक पहल है.



जनसुनवाई कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र यादव व मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा.

## विपक्ष पूरी तरह मुद्दाविहीन और निष्क्रिय : बिजेंद्र यादव

**जनसुनवाई**

संवाददाता, पटना

**उपमुख्यमंत्री** बिजेंद्र प्रसाद यादव ने विपक्षी दलों के बारे में कहा है कि वे पूरी तरह मुद्दाविहीन और निष्क्रिय हो चुके हैं. उन्होंने कहा कि बांकीपुर एनडीए की जीती हुई सीट है और उपचुनाव में भी ऐतिहासिक मतों से एनडीए की ही जीत होगी. उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने यह बातें शुक्रवार को जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहीं. इस दौरान मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा मौजूद रहे. इससे पहले दोनों मंत्रियों ने जनसुनवाई में पहुंच फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया.

**खजाना खाली के आरोप पूरी तरह निराधार :** इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे खजाना खाली के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया. उन्होंने कहा कि इन आरोपों में कोई दम नहीं है. विपक्ष पूरी तरह मुद्दाविहीन और निष्क्रिय हो चुका है, इसलिए वे केवल भ्रामक आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं.

**अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी :** पत्रकारों से बातचीत में मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि अपराध के प्रति एनडीए सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है. अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है. उन्होंने जनसुराज पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भी बड़े-बड़े दावे किये गये थे, लेकिन आज उनकी वास्तविकता जनता के सामने है. उन्होंने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है.

### सिटी बाइट्स



### दिल्ली एम्स में बशिष्ठ नारायण से मिले श्रवण कुमार

**पटना .** जदयू के पूर्व सांसद बशिष्ठ नारायण सिंह से शुक्रवार को दिल्ली एम्स में ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने मुलाकात कर हाल जाना. बशिष्ठ नारायण सिंह पिछले आठ जुलाई से दिल्ली एम्स में इलाज के लिए भर्ती हैं. डॉक्टरों ने बशिष्ठ नारायण सिंह की हालत में पहले की तुलना में सकारात्मक सुधार बताया है. मौके पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी भी मौजूद रहे.

### किसान सभा के राज्य पदाधिकारियों की बैठक

**पटना.** बिहार राज्य किसान सभा के राज्य पदाधिकारियों की बैठक राज्य अध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई.अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त सचिव अवधेश कुमार ने बताया कि अमेरिका लगातार क्यूबा पर हमला करने की धमकी दे रहा है. बैठक में निर्णय हुआ कि 22 जुलाई को भारत अमेरिका कृषि आधारित ट्रेड डील के खिलाफ पीएम और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला जलाया जाये.

### 2,807 किमी लंबाई में 2392 सड़कें हुईं पूरी

**पटना.**राज्य में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत अब तक 2,392 ग्रामीण सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया गया है. इन सड़कों की कुल लंबाई 2,807.97 किलोमीटर है. योजना के तहत कुल 6,078 ग्रामीण सड़कों को 8,035.81 किमी लंबाई में प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी. शेष स्वीकृत सड़कों पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है. सूत्रों के अनुसार निर्माण कार्य के मामले में पूर्वी चंपारण सबसे आगे है.

### राजस्व संबंधी लंबित काम 31 तक करें पूरा : सचिव

**पटना .** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा कर 31 जुलाई तक सर्वेक्षण कार्य से जुड़े सभी लंबित चरणों को हर हाल में पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है. साथ ही 15 अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सर्वेक्षण कार्य हर हाल में करने के लिए कहा है. उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण काम में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जायेगा. सभी अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें. सचिव श्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अरवल, जहानाबाद, शेखपुरा, लखीसराय और शिवहर जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गयी. बैठक में भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी अनुपम प्रकाश सहित विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे.

## बाढ़ से सुरक्षा के लिए हर किमी पर तैनात होंगे तटबंध श्रमिक

### जल संसाधन विभाग ने अधिकारियों और अभियंताओं को दिया निर्देश

संवाददाता, पटना

**राज्य** में बाढ़ के दौरान तटबंधों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए जल संसाधन विभाग ने बड़ा फैसला लिया है. विभाग के सभी तटबंधों पर प्रत्येक एक किलोमीटर की दूरी पर एक तटबंध श्रमिक की तैनाती की जायेगी. राज्य में जल संसाधन विभाग के अधीन तटबंध की लंबाई करीब 3745 किलोमीटर है. ऐसे में करीब 3745 तटबंध श्रमिकों की तैनाती की जायेगी. ये श्रमिक अपने-अपने निर्धारित क्षेत्र में चौबीसों घंटे निगरानी करेंगे. विभाग का मानना है कि तटबंधों पर प्रत्येक किलोमीटर पर एक श्रमिक की मौजूदगी से बाढ़ के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का समय रहते पता लगाया जा सकेगा. यदि कहीं तटबंध में रिसाव, कटाव, दरार, पानी का अत्यधिक दबाव या अन्य कोई असामान्य स्थिति दिखाई देती है, तो तटबंध श्रमिक तत्काल संबंधित अभियंता, वरीय अधिकारियों और नियंत्रण कक्ष को सूचना देंगे. इसके साथ ही प्रारंभिक बचाव काम भी तुरंत शुरू कराया जायेगा. इससे संभावित क्षति को रोका जा सकेगा.

**आपात स्थिति में तुरंत शुरू होगा बचाव कार्य**

जल संसाधन विभाग ने सभी कार्यपालक अभियंताओं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सामग्री पहले से उपलब्ध रखी जाये. तटबंधों के संवेदनशील स्थलों पर बालू से भरी बोरियां, बोल्डर, जियोटेक्सटाइल, बांस, रस्सी और अन्य जरूरी उपकरणों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जा रहा है. इससे आपात स्थिति में बगैर देरी के मरम्मत और बचाव कार्य शुरू किया जा सकेगा.

**होगी नियमित गश्ती**

विभागीय अधिकारियों के अनुसार निगरानी व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखने के लिए नियमित गश्ती, निरीक्षण और स्थानीय स्तर पर समन्वय भी बढ़ाया जायेगा.

### पीरपैंती थर्मल पावर परियोजना के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**पटना.** पटना हाइकोर्ट ने बिहार की लगभग 28,000 करोड़ रुपये की लागत वाली 2400 मेगावाट (3×800 मेगावाट) क्षमता की पीरपैंती थर्मल पावर परियोजना को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है. मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय एवं न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव की खंडपीठ याचिकाकर्ता और बिहार के महाधिवक्ता एस डी संजय को सुनने के बाद यह आदेश दिया. खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिका में लगाए गए आरोप अस्पष्ट, सामान्य तथा ठोस साक्ष्यों से रहित हैं.

## अब हर लघु खनिज के मिलेंगे अधिकतम दो पट्टे

संवाददाता, पटना

**खान एवं भूतत्व**

**खान** एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को कहा है कि खनन क्षेत्र में बड़े सुधार की ओर बिहार सरकार ने कदम बढ़ाया है. साथ ही संशोधित खनिज नियमावली को मंजूरी दी गयी है. इससे रोजगार और राजस्व दोनों में बढ़ोतरी होगी. उन्होंने बताया कि बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2026 को मंजूरी मिलने से खनन क्षेत्र को अधिक व्यावहारिक, पारदर्शी और निवेश-अनुकूल बनाया जायेगा. नयी व्यवस्था के तहत अब किसी भी व्यक्ति को प्रत्येक विशिष्ट लघु खनिज के लिए अधिकतम दो खनन पट्टे प्राप्त करने की अनुमति होगी. पहले सभी लघु खनिजों को मिलाकर अधिकतम दो पट्टों की सीमा थी. अब यदि कोई व्यक्ति दो बालू घाटों का संचालन कर रहा है तो वह पत्थर के भी दो खनन पट्टे लेकर उनका संचालन कर सकेगा. सरकार का मानना है कि इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और व्यवसाय विस्तार के नए अवसर खुलेंगे.पत्थर खनन क्षेत्रों में क्रशर स्थापना से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए भी नियमों में संशोधन किया गया है. अब खनन लीज क्षेत्र से 500 मीटर के बजाय दो किलोमीटर तक की दूरी पर क्रशर स्थापित किए जा सकेंगे. इससे खनन गतिविधियों का संचालन अधिक सुगम होने के साथ उद्योगों को आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी.रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पत्थर भूखंडों को छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित कर उनकी बंदोबस्ती करने का प्रावधान किया गया है. इससे अधिक उद्यमियों को खनन कार्य में भागीदारी का अवसर मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे.

## आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे में 30 फीसदी हुआ काम

### एक्सप्रेसवे के दिसंबर 2027 तक पूरा होने की संभावना

संवाददाता, पटना

**आमस-दरभंगा** एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य दिसंबर 2027 तक पूरा होने की संभावना है. परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए विभिन्न पैकेजों में एक साथ काम किया जा रहा है. ताजा जानकारी के अनुसार परियोजना का लगभग 30 प्रतिशत निर्माण काम पूरा हो चुका है, जबकि कई हिस्सों में मिट्टी भराई, पुल, फ्लाइओवर और मुख्य सड़क निर्माण का काम जारी है. पहले कुछ पैकेज का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन अब एक साल बाद एक साथ सभी पैकेज का निर्माण अगले साल तक पूरा होने की संभावना है. करीब 189 किलोमीटर लंबे आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे को बिहार का पहला एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे माना जा रहा है. यह एक्सप्रेसवे गया, जहानाबाद, पटना, वैशाली, समस्तीपुर और दरभंगा समेत कई जिलों को जोड़ते हुए उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच तेज और सुगम सड़क संपर्क उपलब्ध करायेगा.

**किस पैकेज में कितना हुआ काम :** परियोजना को चार पैकेजों में बांटकर निर्माण कराया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार पहले पैकेज में आमस से जहानाबाद की ओर लगभग 55 किलोमीटर हिस्से में करीब 31 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. दूसरे पैकेज में जहानाबाद से पटना और वैशाली की दिशा में लगभग 54 किलोमीटर हिस्से में भी करीब 31 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा किया गया है. तीसरे पैकेज में वैशाली से समस्तीपुर की ओर लगभग 47 किलोमीटर हिस्से में करीब 24 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है. चौथे पैकेज में समस्तीपुर से दरभंगा तक सड़क, पुल और अन्य संरचनाओं का निर्माण तेजी से चल रहा है.

## पीएचइडी 1730 नये चापाकल लगायेगा

### चापाकल लगाने के लिए 14.48 करोड़ जारी, जिलों को दो महीने का लक्ष्य

संवाददाता, पटना

**बिहार** में सामान्य से कम बारिश के कारण कुछ जिलों में भू-जल स्तर में गिरावट अब भी बरकरार है. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग(पीएचइडी) ने 1730 नये चापाकल लगाने का निर्णय लिया है. विभाग के मुताबिक पहले से लगे चापाकलों के बंद होने या काम नहीं करने के कारण इस बार इंडिया मार्क-टू हैंडपंप चापाकल लगाये जायेंगे. वैसे भूगर्भीय जलस्तर व संरचना के आलोक में स्थानीय आवश्यकता के अनुसार नलकूपों का प्रकार बदला जा सकता है.विभाग ने इसके लिए 14 करोड़ 48 लाख 64 हजार जारी कर दिये गये हैं. जिलों को दो महीने में चापाकल लगाने का लक्ष्य दिया गया है.

पीएचइडी के मुताबिक कम बारिश के कारण कई जिले में पेयजल संकट कायम हो गया है. इस कारण विभाग ने सभी चापाकल के समीप के साथ ही उसका प्लेटफॉर्म, नाली, सोख्ता भी बनाने का निर्णय लिया है. चापाकलों का निर्माण वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा.

**कहां कितने नये चापाकल**

अभियंता प्रमुख इस योजना के नियंत्री पदाधिकारी होंगे. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने सीतामढ़ी के लिए 50 चापाकल, दरभंगा 50, भागलपुर 100, बांका 100, मुंगेर 150, शेखपुरा 50,लखीसराय 75, मुजफ्फरपुर 100, वैशाली 150, शिवहर 40, सीवान 60, गोपालगंज 40, पूर्वी चंपारण 80, पश्चिम चंपारण 50, मधुबनी 120, समस्तीपुर 85, सहरसा 40, सुपौल 30, मधेपुरा 40, पूर्णिया 70, कटिहार 40, अररिया 70, किशनगंज 40 और बेगूसराय को 100 चापाकल आवंटित किया गया है.जिलों को दो महीने में चापाकल लगाने का लक्ष्य दिया गया है.

**आइसीडीएस निदेशालय ने जेरोधा और वेदांता के साथ किया एमओयू**

## राज्य में 1050 नये आंगनबाड़ी केंद्र होंगे विकसित

- बच्चे और महिलाओं को पोषण की सेवाएं होंगी बेहतर

संवाददाता, पटना

**बिहार** में महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास तथा पोषण सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ी पहल की गयी है. इसके तहत समाज कल्याण विभाग के आइसीडीएस निदेशालय ने वेदांता लिमिटेड और जेरोधा ब्रोकिंग लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस साझेदारी के तहत राज्य में 1050 नये और आधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र विकसित किए जायेंगे, जिससे निजी क्षेत्र के सहयोग से बच्चों और महिलाओं को उत्कृष्ट देखभाल सेवाएं मिल सकेंगी.

**प्रारूप और जिम्मेदारियां**

**वेदांता ग्रुप:** राज्यभर में 1000 आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर 'नंदघर' के रूप में विकसित करेगा.

**जेरोधा ब्रोकिंग:** दरभंगा जिले के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण का जिम्मा संभालेगा.

**केयर इकोनॉमी और नीतिगत बदलाव पर जोर**

समाज कल्याण मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि भविष्य में केयर सर्विसेज की मांग तेजी से बढ़ने वाली है, इसलिए इसे औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ना बेहद जरूरी है. उन्होंने सामाजिक सोच में बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है, इसमें पुरुषों की भी समान भागीदारी होनी चाहिए. इसी क्रम में राजस्व पर्षद की अध्यक्ष हरजोत कौर बम्हरा ने एक महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि बच्चों की देखभाल के लिए पुरुषों के लिए भी 'चाइल्ड केयर ली'(बाल देखभाल अवकाश) की व्यवस्था पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए.

**विशेषज्ञों का मिला मार्गदर्शन**

कार्यशाला में आइजीआइएमएस पटना, यूएन वीमेन, यूनिसेफ, यूएनएफपीए इंडिया, डेलॉयट, हेल्पएज इंडिया, के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया. इसमें केयर इकोनॉमी' नीति तैयार करने, केयरगिविंग को सम्मानजनक रोजगार मॉडल में बदलने और बुजुर्गों व दिव्यांगों की देखभाल को एकीकृत करने पर सुझाव दिये गये. कार्यशाला का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास निगम की प्रबंध निदेशक डॉ प्रीति के स्वागत भाषण से हुआ.समाज कल्याण विभाग के एसीएस एचआर श्रीनिवास ने इसके नीतिगत रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की.




## बिहार पर्यटन विभाग की पहल

*बिहार पर्यटन विभाग श्रावणी मेले को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए भव्य आयोजन कर रहा है. कांवरियों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ ही, युवाओं को मेले की ब्रांडिंग के लिए पुरस्कृत करने की पहल की गयी है. इसके लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक विशेष वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. 25,000 फॉलोअर्स वाले कोई भी क्रिएटर्स इसमें भाग ले सकते हैं. बेहतरीन वीडियो बनाने वाले विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा जायेगा.*

# श्रावणी मेले पर बनाइए वीडियो और जीतिए तीन लाख रुपये तक का इनाम

लाइफ रिपोर्टर@पटना

**श्रावणी** मेले का भव्य आयोजन 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक किया जायेगा. पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा यह वीडियो प्रतियोगिता विशेष रूप से उन इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से बिहार की धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को दुनिया भर में पहुंचाने का दम रखते हैं. उन्होंने युवाओं और क्रिएटर्स से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है.

### बनाना होगा रील्स और वीडियो

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का भारतीय नागरिक होना, उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक होने के साथ फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब पर कुल मिलाकर 25000 फॉलोअर होना जरूरी है. प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों को श्रावणी मेला (मुंगेर, बांका एवं भागलपुर स्थित कांवरिया पथ) से संबंधित वीडियो और रील तैयार कर प्रस्तुत करना होगा.

*वीडियो की अवधि न्यूनतम 30 सेकंड तथा अधिकतम 2 मिनट निर्धारित की गयी है, और प्रस्तुत की जाने वाली सामग्री पूर्णतः श्रावणी मेला से संबंधित होनी चाहिए; अन्यथा प्रविष्टि अयोग्य मानी जायेगी.*

**25,000** फॉलोअर्स वाले इन्फ्लूएंसर्स व कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता में ले सकते हैं भाग.

**01** जियोटैग्ड वीडियो अपलोड करना अनिवार्य होगा, जरूरत पड़ने पर रॉ फुटेज भी देना होगा.

**04** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब) के कुल फॉलोअर्स की गणना की जायेगी.

### कब बनाएं वीडियो और कब जमा करें?

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिभागियों को प्रथम सोमवारी, अर्थात 03.08.2026 के बाद अपने सोशल मीडिया चैनलों पर वीडियो प्रसारित करना होगा. दूसरी सोमवारी 10 अगस्त के बाद दो दिनों के अंदर 13 अगस्त तक संबंधित वीडियो विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा. प्रतियोगिता में प्रस्तुत सामग्री के संबंध में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वीडियो में किसी प्रकार की आपत्तिजनक, विवादित अथवा थर्ड पार्टी अधिकारों का उल्लंघन करने वाली सामग्री नहीं होनी चाहिए.

### इस तरह लें... प्रतियोगिता में भाग

सभी प्रविष्टियां गूगल फॉमर्स के माध्यम से भेजी जायेंगी, जिसका लिंक पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट tourism.bihar.gov.in पर उपलब्ध कराया जायेगा. प्रतिभागियों को नाम, पता, जन्मतिथि, संपर्क विवरण, वैध पहचान पत्र तथा प्रत्येक वीडियो के साथ हिंदी या अंग्रेजी में अधिकतम 50 शब्दों का संक्षिप्त विवरण भी देना होगा. विभाग द्वारा यह भी निर्धारित किया गया है कि वीडियो एचडी गुणवत्ता का हो तथा उसका आकार 100 एमबी से एक जीबी के बीच हो. वीडियो का जियोटैग्ड होना अनिवार्य होगा तथा चयनित प्रतिभागियों को विभाग की मांग पर रॉ फुटेज भी उपलब्ध कराना होगा.

## इवेंट्स @ सिटी

### पीडब्ल्यूसी में जनसंपर्क दिवस पर हुआ व्याख्यान



**पटना.** पटना वीमेंस कॉलेज के जनसंचार विभाग ने विश्व जनसंपर्क दिवस पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया. द गोल्डन एज ऑफ स्ट्रैटेजिक पीआर विषय पर हुए व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को तेजी से बदलते संचार परिदृश्य में जनसंपर्क की विकसित होती भूमिका से अवगत कराना था. कार्यक्रम की शुरुआत में जनसंचार विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ अपराजिता पाठक ने किया. डॉ निखिल आनंद गिरि ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के कठपुतली शो अभियान को जनजागरूकता व व्यवहार परिवर्तन संचार का प्रभावी उदाहरण बताया. मौके पर जनसंचार विभागाध्यक्ष रोमा, डॉ. अपराजिता पाठक सहित अन्य मौजूद रहे.

### हड्डी के जटिल रोगों के उपचार का मिला प्रशिक्षण

**पटना.** आइजीआइएमएस के ऑर्थोपेडिक विभाग में शुक्रवार को पीजी छात्रों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ संतोष कुमार ने किया, जबकि उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो (डॉ) बिंदे कुमार, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य डॉ राजीव रंजन, प्रो (डॉ) मनीष मंडल और बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अमूल्य कुमार सिंह ने किया. विशेषज्ञों ने छात्रों को हड्डी के जटिल रोगों की पहचान, जांच और आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी दी. कार्यक्रम में दिल्ली, चंडीगढ़, गोरखपुर, भुवनेश्वर, पटना और गया के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों ने भाग लिया.

### यज्ञ में भक्तों ने सुना श्रीराम विवाह प्रसंग



**पटना सिटी.** मच्छरहट्टा गली स्थित प्राचीन श्री काले हनुमान मंदिर में चल रहे रामचरित मानस नवाह परायण यज्ञ में शनिवार को भक्तों ने श्रीराम कथा का श्रवण किया. मथुरा निवासी आचार्य मथुरानाथ चतुर्वेदी के व्यासत्व में यजमान संजय दूबे और ममता देवी ने पूजा-अर्चना कर अनुष्ठान की शुरुआत की. 11 भूदेवों ने श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग का पाठ किया. इस अवसर पर प्रभु श्रीराम की बारात निकाली गयी. शाम को भजन-कीर्तन और प्रवचन हुआ. वक्ता भक्ति प्रवाह ने विवाह प्रसंग के माध्यम से मर्यादा, त्याग और कर्तव्य का संदेश दिया. अनुष्ठान 23 जुलाई तक चलेगा.

### दादी मंदिर का मनाया गया 26वां स्थापना दिवस

**पटना.** बैंक रोड स्थित दादी मंदिर का 26वां स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया गया. मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, मंगल पाठ, भजन-कीर्तन व दादी जी का भव्य शृंगार हुआ. फिर महाआरती एवं प्रसाद वितरण का किया गया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किये और सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की. एमपी जैन, गीता जैन व मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर दादी मंदिर की स्थापना हुई थी. पिछले 26 वर्षों से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है.

**उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में चल रहा हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम**

बिहार के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान ने छह माह का नि:शुल्क हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है. 13 जुलाई से शुरू हुए इस प्रशिक्षण में प्रतिभागी दिसंबर तक 18 पारंपरिक शिल्प विधाओं की बारीकियां सीखेंगे. खास बात यह है कि प्रशिक्षण के साथ सभी जरूरी सामग्री भी पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध करायी जा रही है, ताकि हुनर सीधे रोजगार और स्वरोजगार का रास्ता बन सके...

# सपनों को उड़ान देगा... हाथों का हुनर

## शिल्प कला की बारीकियां सीख रहे युवा

हिमांशु देव@पटना

बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प को नयी पहचान देने में 'उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान' अहम भूमिका निभा रहा है. उद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित संस्थान ने जुलाई से दिसंबर 2026 सत्र के लिए छह माह के हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है.

प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल पारंपरिक कला को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि युवाओं और महिलाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाना भी है. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को 18 पारंपरिक शिल्प विधाओं की तकनीकी बारीकियां सिखायी जा रही हैं. साथ ही आधुनिक बाजार की जरूरतों, उत्पाद डिजाइन, गुणवत्ता, ब्रांडिंग और उद्यमिता से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी भी दी जा रही है, ताकि प्रशिक्षु अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें और स्थानीय कला को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचा सकें.

**मुफ्त प्रशिक्षण के साथ मिल रही है आर्थिक मदद :** इस छह माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है. संस्थान की ओर से सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण सामग्री भी मुफ्त उपलब्ध करायी जाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी भी बिना किसी बाधा के अपनी कला को निखार सकें. प्रशिक्षण के दौरान कुल 18 पारंपरिक हस्तशिल्प विधाओं में विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक शिक्षा दी जा रही है. प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक प्रशिक्षु को 1,000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति भी दी जाती है. वहीं, पटना नगर निगम क्षेत्र से बाहर से आने वाले प्रशिक्षुओं को भोजन और आवास के लिए 2,000 रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि मिलती है. संस्थान के छात्रावास में रहने वाली महिला प्रशिक्षुओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह की अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है, जिससे वे निश्चिंत होकर प्रशिक्षण पूरा कर सकें.





*'उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान' में हस्तशिल्प का प्रशिक्षण लेते युवा.*

### प्रशिक्षक और प्रशिक्षुओं ने कहा



"मैं राज्य पुरस्कार विजेता हूं और संस्थान में करीब 25 युवाओं को पारंपरिक गोदना कला सिखा रहा हूं. वर्तमान में हम इन्हें पेपर शीट पर बेसिक डिजाइन और इसके इतिहास की जानकारी दे रहे हैं, ताकि नयी पीढ़ी इस लोक कला की जड़ों को गहराई से समझ सके और इसे आगे बढ़ा सके.

**- शिव कुमार पासवान**, प्रशिक्षक



"मैंने इंस्टाग्राम के माध्यम से उपेन्द्र महारथी संस्थान के इस कोर्स के बारे में जानकारी ली और तुरंत नामांकन कर लिया. टिकुली कला मुझे हमेशा से आकर्षित करती रही है. फिलहाल मैं प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में मानव आकृतियों के स्ट्रक्चर, बारीक डिजाइन और कला की तकनीकें सीख रही हूं. यहां का माहौल सीखने और रचनात्मकता को निखारने के लिए बेहद बेहतर है.

**- डॉली कुमारी**, प्रशिक्षु



"मैं पहले घर पर ही अपने स्तर से थोड़ी-बहुत पेंटिंग और आर्ट की प्रैक्टिस करती थी. जब मुझे इस सरकारी और निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का पता चला, तो मुझे लगा कि यह अपने हुनर को पेशेवर रूप देने का सबसे अच्छा अवसर है. यहां आकर मेरी कला में काफी निखार आ रहा है.

**- शिल्पी कुमारी**, प्रशिक्षु

### आर्ट के नामचीन कलाकार युवाओं को दे रहे ट्रेनिंग

#### मधुबनी पेंटिंग की बारीकियां सिखा रहीं विभा लाल



बिहार की विश्वप्रसिद्ध लोक कलाओं को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी देश के नामचीन कलाकारों ने संभाली है. मिथिलांचल की पहचान बन चुकी मधुबनी पेंटिंग का प्रशिक्षण राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कलाकार विभा लाल दे रही हैं. उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षु प्राकृतिक रंगों के इस्तेमाल, पारंपरिक बॉर्डर, पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, लोक आकृतियों और मिथिला संस्कृति से जुड़े प्रतीकों को कैनवास पर उकेरने की बारीकियां सीख रहे हैं.

#### कमला देवी दे रहीं सुजनी कला का प्रशिक्षण



राज्य पुरस्कार विजेता कमला देवी सुजनी कला का प्रशिक्षण दे रही हैं. वे प्रशिक्षुओं को इस प्राचीन लोककला के इतिहास, सांस्कृतिक महत्व और पारंपरिक शैली से परिचित कराने के साथ-साथ पेपर कटिंग, प्रारंभिक डिजाइन और सिलाई की मूल तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रही हैं. युवा भी इन दुर्लभ कलाओं को सीखने के लिए उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं.

#### राजस्थान के गोपाल क्ले मॉडलिंग की दे रहे ट्रेनिंग



राजस्थान के उदयपुर से आये प्रसिद्ध शिल्पकार गोपाल कृष्ण दामोर संस्थान में टेराकोटा और सेरामिक कला का प्रशिक्षण दे रहे हैं. उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षु क्ले मॉडलिंग के जरिए देवी-देवताओं की प्रतिमाओं से लेकर आधुनिक सजावटी मूर्तियां तैयार करना सीख रहे हैं.

#### रद्दी पेपर से कलाकृतियां बनाने का हुनर दे रहे योगेंद्र



पेपरमेशी कला के अनुभवी प्रशिक्षक योगेंद्र युवाओं को बेकार कागजों से टिकाऊ और आकर्षक कलाकृतियां बनाने की तकनीक सिखा रहे हैं. इस प्रक्रिया में कागज को कई दिनों तक पानी में गलाकर, उसे पीसकर मुल्तानी मिट्टी और विशेष गोंद के साथ तैयार किये गये मिश्रण से ऐसी आकृतियां बनायी जाती हैं, जो मजबूत होने के साथ बेहद आकर्षक भी होती हैं.

## नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' को मंच पर किया जीवंत

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

**प्रेमचंद** रंगशाला में सांस्कृतिक संस्था इमैजिनेशन द्वारा नाटककार मोहन राकेश के नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' की प्रस्तुति की गई. वरिष्ठ रंगनिर्देशक कुंदन कुमार के निर्देशन में मंचित इस नाटक ने प्रेम, सृजन, महत्वाकांक्षा, त्याग व मानवीय संबंधों की जटिलताओं को संवेदनशीलता के साथ जीवंत किया. यह नाटक महाकवि कालिदास व मल्लिका के निश्छल प्रेम के माध्यम से कलाकार के उस अंतर्द्वंद्व को सामने लाता है, जहां उसे प्रेम और प्रतिष्ठा तथा संवेदना और महत्वाकांक्षा के बीच कठिन चुनाव करना पड़ता है. नाटक में दिखाया गया कि उज्जयिनी के राजदरबार का आकर्षण और राजकवि की प्रतिष्ठा कालिदास को अपनी जन्मभूमि और मल्लिका से दूर ले जाती है.



**इन कलाकारों की रही खास भूमिका :** कालिदास को प्रेरित करने वाली मल्लिका के हिस्से सिर्फ प्रतीक्षा और अकेलापन आता है. समय के साथ दोनों की दिशाएं बदलीं, पर उनका भावनात्मक जुड़ाव जीवंत रहा. नाटक में सत्यम सिंह (कालिदास) व जानवी (मल्लिका) ने अपने संवेदनशील अभिनय से दर्शकों को मुग्ध किया. विशाल (विलोम) और गरिमा (अम्बिका) का अभिनय सशक्त रहा. रीतिका, पीयूष, कुणाल, सौरभ, रूपाली और शिवम ने भी अपनी भूमिकाएं बखूबी निभायीं.

## तारामंडल : ऑब्जर्वेटरी डोम से दिखेगी अंतरिक्ष की दुनिया, बनेगा एस्ट्रो पार्क

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

**इंदिरा** गांधी विज्ञान परिसर एवं तारामंडल को और अधिक आधुनिक और ज्ञानवर्धक बनाने की कवायद तेजी से चल रही है. अब तारामंडल की छत पर खगोलीय घटनाओं और अंतरिक्ष के दृश्यों का सीधा अवलोकन करने के लिए एक विशेष ऑब्जर्वेटरी डोम के साथ आधुनिक टेलिस्कोप स्थापित किया जाएगा. इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 99.71 लाख रुपये तय की गयी है. इसके चालू होने से पटना और बिहार के खगोल प्रेमियों, छात्रों और आम लोगों को अंतरिक्ष को बेहद करीब से समझने का मौका मिलेगा.

**परिसर में बनेगा अनूठा एस्ट्रो पार्क, लगेंगे 11 मॉडल :** तारामंडल परिसर आकर्षक रूप देने के लिए यहां एस्ट्रो पार्क स्थापित किया जा रहा है. इस



पार्क की कुल अनुमानित लागत 32.56 लाख रुपये है. पार्क का मुख्य उद्देश्य खेल-खेल में बच्चों और लोगों को विज्ञान और खगोलशास्त्र के सिद्धांतों से रू-ब-रू कराना है. एस्ट्रो पार्क में कुल 11 इंटरैक्टिव साइंस मॉडल लगाये जाने हैं, जिनमें से 2 विशेष मॉडल इंटरैक्टिव सूर्यघड़ी और ऊर्ध्वाधर सूर्यघड़ी परिसर में इंस्टॉल किए जा चुके हैं. बाकी बचे नौ मॉडलों के लिए भवन निर्माण विभाग द्वारा सिविल कार्य कराया जा रहा है.

**प्राचीन व आधुनिक समय गणना का मिश्रण हैं स्थापित मॉडल :** **इंटरैक्टिव सूर्यघड़ी:** तारामंडल में स्थापित सूर्यघड़ी के मॉडल प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीक का सुंदर मिश्रण हैं. इंटरैक्टिव सूर्यघड़ी सूर्य की छाया के आधार पर समय बताती है. इसमें छाया बनाने वाले त्रिकोणीय धातु उपकरण को नोमोन कहा जाता है. हैंडल और गोलाकार चकती को समायोजित करने पर बनने वाली पूरी गोलाकार छाया से सटीक समय निर्धारित किया जाता है.

**ऊर्ध्वाधर सूर्यघड़ी:** यह प्राचीन समय गणना पद्धति को दर्शाती है. इसमें डायल और धातु स्तंभ नोमोन होता है, जिसे पटना के अक्षांश के अनुसार कोण पर स्थापित किया गया है, जिससे छाया के जरिए सही समय जाना जा सकता है.

## तीन दिवसीय आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना नाट्य महोत्सव 27 से

**पटना.** प्रेमचंद रंगशाला में 27 से 29 जुलाई 2026 तक तीन दिवसीय 'आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना नाट्य महोत्सव' का आयोजन होगा. इसका उद्देश्य रंगकर्म को बढ़ावा देना, युवा कलाकारों को मंच देना और समाज में सकारात्मक विचारों का प्रसार करना है. 27 जुलाई को विमला फाउंडेशन की नारी सशक्तिकरण पर आधारित प्रस्तुति 'या देवी सर्वभूतेषु' से होगा. ममता मेहरोत्रा लिखित इस कहानी का नाट्य रूपांतरण व निर्देशन आशुतोष कुमार ने किया है, जबकि सह-निर्देशक गौतम गुलाल हैं. नाटक में संगीत राजू मिश्रा का और प्रकाश व्यवस्था अजीत कुमार की है. महोत्सव के दूसरे दिन रंग गुरुकुल और तीसरे दिन कला जागरण की प्रस्तुति होगी, जिसका निर्देशन सुमन कुमार करेंगे. आयोजक ममता मेहरोत्रा और सहयोगी रोहित कुमार ने कला प्रेमियों से शामिल होने की अपील की है.

## निजी और सरकारी सहयोग से कला संस्कृति को मिलेगी रफ्तार

- बिहार संग्रहालय और एनजीएमए के बीच हुआ एमओयू

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

**बिहार** संग्रहालय ने संग्रहालयों में निजी एवं सरकारी सहभागिता विषय पर पटना संग्रहालय सभागार में शुक्रवार को परिचर्चा की. मुख्य वक्ता के रूप में बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह और इमामी आर्ट कोलकाता की सीइओ ऋचा अग्रवाल मौजूद रही. मॉडरेटर की भूमिका बिहार संग्रहालय की उपनिदेशक मौमिता घोष ने निभायी. ऋचा अग्रवाल ने कहा कि निजी और सरकारी संग्रहालय मिलकर काम करें, तो कला-संस्कृति के क्षेत्र का तेजी से विकास होगा. वहीं अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि चौथा म्यूजियम बिनाले अगले साल सात अगस्त से शुरू होगा, जो पूरी तरह दुनियाभर की लोक कलाओं पर केंद्रित रहेगा.



**प्रदर्शनियों और कला संरक्षण पर रहेगा फोकस:** बिहार संग्रहालय और राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा (एनजीएमए), नयी दिल्ली के बीच कला-संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग को लेकर एमओयू हुआ. समझौते पर एनजीएमए के महानिदेशक डॉ संजीव किशोर गौतम और बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने हस्ताक्षर किये. इसके तहत आधुनिक व समकालीन भारतीय कला, बिहार की सांस्कृतिक विरासत और कला अनुसंधान को बढ़ावा दिया जायेगा.

# अध्यात्म/ज्योतिष

## आत्म-जागृति

### सत्संग से संवरता है जीवन

सुनील कुमार माथुर

आज इंसान का स्वभाव दूसरों में दोष ढूंढ़ने का हो गया है. वह भूल जाता है कि जब हम किसी की तरफ एक उंगली उठाते हैं, तो बाकी चार उंगलियां हमारी अपनी कमियों की ओर इशारा कर रही होती हैं. संसार में कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं है. इसलिए दूसरों के अवगुण देखने के बजाय उनकी अच्छाइयों को खोजना और उन्हें अपने जीवन में उतारना ही बुद्धिमानी है. हमें लोक-निंदा की परवाह किये बिना निरंतर सत्य और श्रेष्ठ कर्म के मार्ग पर बढ़ते रहना चाहिए.

**पुरानी लोककथा :** एक बार एक चोर दिन के समय चोरी की नीयत से निकला. रास्ते में उसने एक जगह कथा होते देखी. भीड़ देखकर वह भी वहां बैठ गया. उस समय संत सत्य की महत्ता पर प्रवचन दे रहे थे. चोर ने सोचा कि क्यों न आज सच की ताकत को आजमाया जाये!

रात में वह चोरी करने के लिए राजा के महल में घुस गया. पहले मुख्य द्वार पर जब संतरी ने पूछा, 'कौन हो?' तो चोर ने साफ कह दिया, 'मैं चोर हूं और चोरी करने आया हूं.' संतरी को लगा कि यह राजा का कोई करीबी है, जो मजाक कर रहा है, उसने उसे अंदर जाने दिया. इस तरह सच बोलते हुए उसने सातों दरवाजे पार किये, तिजोरी साफ की और आराम से निकल गया.



सुबह जब चोरी का पता चला, तो राजा ने सभी संतरियों से पूछताछ की. सबने सच उगल दिया. तब राजा ने घोषणा करवाई कि जो चोर खुद आकर सच बतायेगा, उसे माफ कर दिया जायेगा. चोर दरबार में हाजिर हुआ और पूरी ईमानदारी से अपनी कहानी सुना दी. सच की ताकत देखकर राजा सहित पूरी सभा दंग रह गयी. उस दिन से चोर ने चोरी छोड़ दी और हमेशा के लिए सत्य का मार्ग अपना लिया. वास्तव में, सत्य के पथ पर चलने वाले को कभी पराजय का मुंह नहीं देखना पड़ता.

**कथा की महत्ता :** शास्त्रों में सच्चे साधु-संतों की संगति और नित्य कथा-श्रवण पर बल दिया गया है. कथा का पंडाल साक्षात परमात्मा की गोद है, जहां केवल असीम आनंद की अनुभूति होती है. कथा गंगा की तरह पवित्र होती है. इसे मंच पर लाता तो कोई एक व्यक्ति (वक्ता) है, लेकिन इसकी ज्ञान-गंगा में डुबकी हजारों श्रद्धालु लगाते हैं. कथा सुनने का सौभाग्य भी हर किसी को नहीं मिलता. कई बार पड़ोस में कथा होने पर भी लोग आलस या अन्य व्यस्तताओं के कारण नहीं जा पाते. अत: जो लोग समय निकालकर कथा सुनने जाते हैं, वे बेहद भाग्यशाली हैं. यह मानना चाहिए कि उन पर ईश्वर की विशेष कृपा है, क्योंकि जीवन का हर शुभ कार्य ईश्वर की मर्जी से ही संपन्न होता है.

- सुमन सागर




## आस्था और प्रकृति का अनूठा संगम

# मिनी बाबा धाम शिवगादी

पवित्र श्रावण मास की शुरुआत होने वाली है. श्रद्धालुओं में 'बाबा धाम' की यात्रा को लेकर उत्साह चरम पर है. यदि आप भी इस पावन महीने में महादेव के जलाभिषेक की तैयारी कर रहे हैं, तो देवघर के साथ-साथ झारखंड के ही एक और चमत्कारी शिव धाम का रुख कर सकते हैं. प्राकृतिक सौंदर्य और असीम श्रद्धा का यह अनूठा केंद्र है, जिसे श्रद्धालु 'मिनी बाबा धाम' भी कहते हैं. राजमहल की पहाड़ियों के बीच प्राकृतिक गुफा में स्थापित बाबा के शिवलिंग पर प्रकृति स्वयं चौबीसों घंटे बूंद-बूंद जल बरसाती है. आइए, इस सावन की शुरुआत से पहले चलते हैं आस्था के इस अद्भुत धाम की यात्रा पर...

निर्मल कुमार दे, जमशेदपुर

प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे झारखंड में एक ऐसा शिवालय है, जिसे श्रद्धालु 'मिनी बाबा धाम' के रूप में पूजते हैं. साहिबगंज जिले के बरहेट से महज 6 किलोमीटर दूर राजमहल की पहाड़ियों के बीच स्थित है- 'शिवगादी धाम'. सावन और महाशिवरात्रि के दौरान यहां उमड़ने वाला आस्था का सैलाब इसकी महत्ता को बयां करता है. पहाड़ की एक संकरी चट्टानी गुफा के भीतर स्थापित बाबा के पीतांबरी शिवलिंग पर सालों भर मानो प्रकृति स्वयं बूंद-बूंद पानी से जलाभिषेक करती है.

**पौराणिक इतिहास : गजासुर के वध की कथा**
शिव पुराण के अनुसार, इस स्थल का संबंध 'गाजेश्वर धाम' से है. माना जाता है कि महिषासुर के पुत्र गजासुर ने कठिन तपस्या कर भगवान शिव से अपार शक्तियां पा ली थीं. शक्तियों के अहंकार में जब वह दुराचारी हो गया, तब महादेव ने नंदी पर सवार होकर उसका वध किया. मृत्यु के क्षणों में गजासुर ने भगवान शिव की स्तुति की, जिससे प्रसन्न होकर आशुतोष ने वरदान दिया कि यह स्थल उसके नाम पर 'गाजेश्वर धाम' (शिवगादी) कहलायेगा.

**नंदी के चरण चिह्न :** मान्यता है कि गजासुर का वध करते समय नंदी अपने दो पैरों पर खड़े हो गये थे. पहाड़ पर आज भी नंदी के पैरों के दो निशान मौजूद हैं, जिनमें सालभर पानी भरा रहता है. यहां चट्टानी दीवार पर एक वटवृक्ष भी है, जिसे 'अक्षयवट' और 'कल्पतरु' कहा जाता है.

**श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं और विकास :** बरसों से इस मंदिर की पूजा-अर्चना का दायित्व स्वर्गीय रामेश्वर ठाकुर के वंशज संभालते आ रहे हैं. स्थानीय भक्तों और समाज के सहयोग से मंदिर के संरक्षण में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं.

राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से इस स्थल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है. बरहेट से मंदिर तक पक्की सड़क, बिजली की व्यवस्था, धर्मशालाएं, सार्वजनिक स्नानागार और विश्राम स्थल बनाये गये हैं, जिससे महिला श्रद्धालुओं और दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों को काफी सहूलियत होती है. पहाड़ी की तलहटी पर लगने वाले मेले में खाने-पीने और पूजा-सामग्री की पर्याप्त दुकानें तथा वाहनों के लिए बड़ी पार्किंग की पूरी सुविधा है.

इस सावन आप भी सपरिवार शिवगादी धाम आकर पुण्य लाभ अर्जित करें और राजमहल की पहाड़ियों के अनुपम सौंदर्य का आनंद लें.

(लेखक बरहेट प्रखंड के पंचकठिया गांव के मूल निवासी हैं.)





तस्वीरें : नवीन और मलिक अख्तर



### आसपास प्रमुख दर्शनीय स्थल

यदि आप शिवगादी आ रहे हैं, तो इसके आसपास स्थित इन ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सैर भी कर सकते हैं :

**मोती झरना (महाराजपुर) :** पहाड़ों से गिरता पानी मन मोह लेता है.

**ऐतिहासिक धरोहरें :** राजमहल का सिंघी दालान और गंगा तट पर स्थित कन्हैया स्थान.

**धार्मिक स्थल :** साहिबगंज का वायसी काली मंदिर और बरहरवा का प्रसिद्ध बिंदुधाम.

**ऐतिहासिक स्थल :** पंचकठिया का क्रांति स्थल (200 वर्ष पुराना बरगद पेड़) और सिदो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह व फूलो-झानो पार्क.

**फरक्का ब्रिज :** गंगा नदी पर बना यह विशाल पुल भी पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण है.

### कैसे पहुंचें शिवगादी धाम

कांवरिये राजमहल, साहिबगंज और फरक्का गंगा घाट से पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए यहां पहुंचते हैं. दुमका, गोड्डा और देवघर आने वाले श्रद्धालु भी अपनी यात्रा पूरी कर बाबा शिवगादी के दर्शन के लिए जरूर आते हैं. मंदिर से निकटतम बाजार बरहेट है, जो मात्र 6 किलोमीटर की दूरी पर है.

**सड़क मार्ग से दूरी (बरहेट से) :** गोड्डा (60 किमी), दुमका (100 किमी), साहिबगंज (105 किमी) और देवघर (136 किमी).

**निकटतम रेलवे स्टेशन :** बरहरवा जंक्शन (बरहेट से दूरी मात्र 20 किमी), जहां से टोटो, ऑटो या टैक्सी आसानी से मिल जाती हैं.

## सद्गुरु ज्ञान

### पौरुष पर भरोसा



रीतिकालीन कवि रत्नाकर की रचना है-

**ईश के शीश पै वास करूं,**
**लक्ष्मी भगिनी भगवंत को सारो।।**
**रत्नाकर सागर हौ जो पिता**
**विष अमृत हैं दोउ बन्धु हमारे।।**
**आप बखान कहां लौ करूं ,**
**सब देवन हों लगत नात हमारो।।**
**आई कै राहु चपै जब ही,**
**तब होत न कोउ सहाय हमारो।।**

मान्यता है कि देवासुर संग्राम के समय समुद्र मंथन से चौदह रत्नों की उत्पत्ति हुई थी. इसमें अन्य के अतिरिक्त चंद्रमा, लक्ष्मीजी, अमृत, हलाहल विष आदि थे. समुद्र से उत्पन्न होने के कारण ये सब भाई-बहन हुए.

यहां प्रकृति (चंद्रमा) के माध्यम से कवि ने बहुत ही महत्त्वपूर्ण शिक्षा दी है, साथ ही साथ प्रारब्ध की प्रबलता पर बल दिया है.

चंद्रमा कह रहा है कि 'मैं शंकर जी के शीश पर निवास करता हूं, लक्ष्मीजी मेरी बहन हैं, मैं भगवान विष्णु का साला हूं, रत्नाकर समुद्र मेरे पिता हैं, विष और अमृत मेरे दो भाई हैं. अरे, अपनी प्रशंसा मैं कहां तक करूं, सभी देवता मेरे रिश्तेदार हैं. लेकिन जब राहु आकर मुझे ग्रस लेता है ( चंद्र ग्रहण के समय) तब हमारी कोई सहायता नहीं करता. हमें स्वयं ही उस पीड़ा से गुजरना होता है. अर्थात् इतने प्रभावशाली लोगों से संबंध होते हुए भी प्रारब्धानुसार जो कष्ट मुझे प्राप्त होता है, उसमें मेरी उपर्युक्त प्रभावशाली संबंधीगण मेरा कोई सहयोग नहीं करते. उसे मुझे स्वयं ही झेलना पड़ता है.'

इसलिए व्यक्ति को सदैव अच्छे कर्म करने का प्रयास करना चाहिये और संकट के समय अपने पौरुष पर भरोसा रखना चाहिये.

- महामहोपाध्याय आचार्य डॉ सुरेंद्र कुमार पाण्डेय

# पटना प्रभात

## सिटी बाइट्स

### नालंदा डीएम का आदेश रद्द, पीड़ित को एक लाख रुपये मुआवजा देने का हाइकोर्ट ने दिया निर्देश

**पटना.** हाइकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि केवल पुराने आपराधिक मामलों के आधार पर किसी को 'असामाजिक तत्व' घोषित नहीं किया जा सकता. अदालत ने कहा कि ऐसी कार्रवाई किसी नागरिक की प्रतिष्ठा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रभावित करती है, इसलिए इसे कानून में निर्धारित सभी अनिवार्य शर्तों के पालन के बाद ही किया जा सकता है.न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और कुमार मनीष की खंडपीठ ने इसे संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन बताया. कोर्ट ने बिहार कंट्रोल ऑफ क्राइम्स एक्ट, 2024 की अनिवार्य शर्तों का उल्लंघन करने पर नालंदा डीएम द्वारा राजेश कुमार के खिलाफ जारी आदेश को रद्द कर दिया. अदालत ने सामान्य पुलिस रिपोर्ट पर की गयी इस कार्रवाई को अनुचित माना और राज्य सरकार को पीड़ित को एक लाख रुपये मुआवजा व 10 हजार रुपये मुकदमा खर्च देने तथा इसकी वसूली दोषी अधिकारियों से करने का निर्देश दिया. अदालत ने नालंदा जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी कड़ी टिप्पणी की.

### नीतीश ने दिल्ली में सरकारी घर में किया गृह प्रवेश

**पटना.** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में अपने नये सरकारी आवास में गृह प्रवेश कर लिया. इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ, विधान पार्षद संजय सिंह उर्फ गांधी जी, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, सांसद लवली आनंद, सांसद लक्ष्मी कुशवाहा प्रमुखता से मौजूद रहे.गौरतलब है कि नीतीश कुमार को सुनहरी बाग रोड स्थित बंगला नंबर-9 आवंटित किया गया है. यह बंगला केंद्र सरकार की सबसे उच्च श्रेणी की टाइप-8 आवासीय श्रेणी का है.सुनहरी बाग इलाका पहले से ही देश के सबसे हाइ-प्रोफाइल और सुरक्षित इलाकों में शामिल है.

### ताड़ी पीने के जुर्म में बर्खास्त पीटीसी को मिली राहत

**पटना.** हाइकोर्ट ने ताड़ी पीने के जुर्म में सेवा से बर्खास्त पीटीसी (लेखक, कांस्टेबल) को एक बड़ी राहत दी है. कोर्ट ने सेवा से बर्खास्तगी संबंधी सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया. न्यायमूर्ति हरीश कुमार की एकलपीठ ने पीटीसी सिपाही राम प्रवेश सिंह की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया. कोर्ट ने कहा कि विभागीय कार्रवाई के दौरान न तो ब्रेथ एनेलाइजर रिपोर्ट को पेश किया गया और न ही ब्रेथ एनेलाइजर करने वाले व्यक्ति का परीक्षण किया गया और उसी के आधार पर आवेदक को दोषी करार देते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया. कोर्ट ने कहा कि शराब के सेवन के आरोप को सिद्ध किये बिना बर्खास्तगी आदेश जारी कर दिया गया. याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार गिरि ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता नवादा जिले के पाकरिबारवान पुलिस थाना में पीटीसी (लेखक,कांस्टेबल) के पद पर पदस्थापित था.

### नीट पेपर लीक के आरोपी बबलू को जमानत

**पटना.** हाइकोर्ट ने बहुचर्चित नीट पेपर लीक मामले के आरोपी अश्विनी कुमार उर्फ बबलू उर्फ बबलू भूमिहार को नियमित जमानत दे दी है. न्यायमूर्ति अशोक कुमार पांडेय की एकलपीठ ने अश्वनी कुमार उर्फ बबलू द्वारा दायर नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया. आरोपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता का नाम मूल प्राथमिकी (एफआइआर) में नहीं है. उसका नाम केवल सह-अभियुक्त के कथित स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर सामने आया है. बचाव पक्ष का कहना था कि आरोपी के विरुद्ध कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है और उसे गलत तरीके से इस मामले में फंसाया गया है.

## जिला अस्पतालों में रात में भी मिलेगी इमरजेंसी सेवा

**नयी व्यवस्था**

संवाददाता, पटना

**बिहार** सरकार जिलों से रेफर होने वाले मरीजों का इलाज जिला अस्पतालों में बेहतर ढंग से कराने के लिए डॉक्टरों की संख्या बढ़ायेगी. स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि देर रात में जिला अस्पतालों में इमरजेंसी मरीजों का इलाज करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो.इस कारण जिला अस्पतालों में भी रात मे नियमित इमरजेंसी चिकित्सा सेवा मरीजों को मिलेगी. रेफरल पॉलिसी लागू होने के पूर्व इस व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया है ,ताकि देर रात गंभीर रूप से बीमार व दुर्घटना के शिकार मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा.

**डॉक्टर रोस्टर के मुताबिक करेंगे डियूटी, दवा- जांच की भी होगी सुविधाः** स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक नयी व्यवस्था के तहत जिला अस्पतालों में जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग और स्त्री एवं प्रसुति रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी.साथ प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी, आवश्यक तकनीकी कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे. अस्पतालों में आवश्यक दवाएं, जांच सुविधाएं तथा जीवनरक्षक उपकरण भी उपलब्ध कराये जायेंगे, ताकि आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपचार शुरू किया जा सके.

**रेफर नहीं होंगे मरीजः** समीक्षा के दौरान पाया गया है कि वर्तमान में कई जिलों में रात के समय विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को पटना या अन्य बड़े शहरों के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का रुख करना पड़ता है. इस कारण से कई बार मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है, लेकिन नये नियम के बाद इस समस्या का निदान होगा.

**गंभीर मरीजों का होगा इलाज**
विभाग के मुताबिक सड़क दुर्घटना, हार्ट अटैक, प्रसव या बच्चों के बीमार पड़ने पर शुरुआती घंटों का इलाज सबसे महत्वपूर्ण होता है. ऐसे में जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से मरीजों की जान बचाने में काफी मदद मिलेगी. इससे मेडिकल कॉलेज अस्पतालों पर भी अनावश्यक दबाव कम होगा और गंभीर मरीजों को अपने ही जिले में बेहतर इलाज मिल सकेगा. स्वास्थ्य विभाग जिला अस्पतालों में रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवाओं की नियमित निगरानी भी करेगा.

## नर्सिंग शिक्षा की आधारभूत संरचना होगी बेहतर : सचिव

संवाददाता, पटना

**स्वास्थ्य** विभाग के सचिव कुमार रवि की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक में बिहार में नर्सिंग शिक्षा एवं बिहार नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल को बेहतर बनाने के लिये निर्णय लिये गये.जिसमें नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता, आधारभूत संरचना, मानव संसाधन, डिजिटल निगरानी प्रणाली तथा संस्थागत सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गयी. बैठक में निर्णय लिया गया कि आवश्यकता, उपलब्ध संसाधनों के आधार पर एएनएम स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से जीएनएम स्कूलों में तथा पात्र जीएनएम स्कूलों को भारतीय नर्सिंग परिषद के मानकों के अनुरूप बी. एससी. नर्सिंग कॉलेजों में उन्नत किया जायेगा. नर्सिंग संस्थानों की प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों एवं कौशल प्रयोगशालाओं के उन्नयन का कार्य भी किया जायेगा.

**498 स्वीकृत नर्सिंग फैकल्टी पदों पर शीघ्र नियुक्ति होगीः** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 498 स्वीकृत नर्सिंग फैकल्टी पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित की जायेगी तथा 270 ट्यूटर पदों पर प्रतिनियुक्ति की जायेगी.

## गूगल की मदद से किसानों को बाजार तक जोड़ा जायेगा : मंत्री

**पटना.** गूगल के सहयोग से किसानों को बीज से लेकर बाजार तक जोड़ा जायेगा.



फार्मर आइडी के आधार पर किसानों को डिजिटल तकनीक से जोड़ा जा रहा है. ये बातें शुक्रवार को गूगल और कृषि विभाग की बैठक में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कही. गूगल के गवर्नमेंट बिजनेस हेड आशीष वट्टल के साथ बैठक हुई. बैठक के बाद कृषि मंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि भारत की विकास यात्रा में किसानों का योगदान सदैव सर्वोपरि रहा है. जय जवान, जय किसान के बाद अब जय अनुसंधान आज कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, नवाचार और डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से किसानों के जीवन में परिवर्तन का आधार बन रहा है. प्रत्येक किसान की फार्मर आइडी बन रहा है. इसमें किसान को मिलने वाली उर्वरक एवं कीटनाशी की उपलब्धता, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त सब्सिडी, कृषि उपज की खरीद सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां एकीकृत रूप से उपलब्ध रहेंगी.

## संविदा सहायक प्राध्यापक भर्ती का इंटरव्यू 20 जुलाई से, 8034 अभ्यर्थियों को बुलावा

- छह विषयों के लिए 40 हजार से अधिक आवेदन

संवाददाता, पटना

**बिहार** राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी) ने संविदा आधारित सहायक प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार कार्यक्रम जारी कर दिया है. आयोग ने शुक्रवार को सभी विषयों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया पूरी कर अभ्यर्थियों के कॉल लेटर समर्थ पोर्टल पर अपलोड कर दिये. आयोग ने संशोधित अधिसूचना जारी करते हुए सभी छह विषयों में 422-422 पद निर्धारित किये हैं. इस प्रकार कुल 2,532 पदों पर ही नियुक्ति की जायेगी.

आयोग के अनुसार इन छह विषयों के लिए 40 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे. स्क्रीनिंग के बाद कुल 8,034 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है. यह भर्ती बिहार के विश्वविद्यालयों और सरकारी डिग्री कॉलेजों में संविदा आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए की जा रही है. साक्षात्कार 20 जुलाई से पटना के विभिन्न केंद्रों पर शुरू होंगे. आयोग ने बताया कि अभ्यर्थी अपने यूजर प्रोफाइल में लॉगिन कर आवेदन की स्थिति देख सकते हैं और वहीं से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. सभी अभ्यर्थियों को कॉल लेटर में अंकित तिथि, समय और केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा. जारी सूचना के अनुसार पहली पाली के अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे और दूसरी पाली के अभ्यर्थियों को दोपहर 12 बजे रिपोर्ट करना होगा. छह विषयों में 422-422 अभ्यर्थियों को नियुक्त किया जायेगा.

## बिहार में 'न्यायश्रुति' प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट ट्रायल सफल

**पटना.** बिहार में नये आपराधिक कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया. नये कानून के प्रावधानों के तहत् न्यायिक प्रक्रियाओं को डिजिटल और त्वरित बनाने की दिशा में गृह सचिव कुंदन कुमार की निगरानी में बिहार में 'न्यायश्रुति' प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट का पहला सफल मॉक ट्रायल आयोजित किया गया.विशेष ट्रायल के लिए पटना की जिला एवं अपर सत्र न्यायधीश-23 गौरव कुमार की अदालत के एक मामले को चयनित किया गया था. इस ट्रायल प्रक्रिया में आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी स्तंभो को एक साथ जोड़कर 'न्यायश्रुति' का ट्रायल किया गया, जो पूर्णरूपेण सफल रहा. पूरी ट्रायल प्रक्रिया का सफल संचालन एनआइसी पटना द्वारा किया गया.'न्यायश्रुति' प्रणाली का मुख्य उद्देश्य अदालती कार्यवाही में होने वाले समय एवं संसाधनों के खर्च को रोकना है. इसके तहत गवाह पुलिस पदाधिकारियों, जेल के कैदियों और वैज्ञानिक विशेषज्ञों को भौतिक रूप से न्यायालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी. वे सुरक्षित और प्रमाणित डिजिटल माध्यम से अपनी गवाही दर्ज करा सकेंगे. इससे लंबित मुकदमों का त्वरित निष्पादन कराया जा सकेगा. इसके साथ ही, आम जनमानस को त्वरित एवं सुलभ न्याय भी मिल सकेगा.

## बिहार में बढ़े सीएसआर निवेश, शिक्षा-स्वास्थ्य संस्थान खोलें कॉरपोरेट

### कर्नाटक के सीएसआर कॉन्क्लेव में बिहार के शिक्षा मंत्री ने किया आह्वान

संवाददाता, पटना




कर्नाटक के सत्य साई ग्राम में सीएसआर कॉन्क्लेव में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी.

**बिहार** में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और कौशल विकास के क्षेत्र में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने देश की प्रमुख औद्योगिक और सामाजिक संस्थाओं से आगे आने का आग्रह किया है. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कर्नाटक के मुद्देनहल्ली स्थित सत्य साई ग्राम में आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में सीएसआर के तहत अपेक्षाकृत कम निवेश होता है, जबकि यहां सामाजिक विकास के क्षेत्र में काम करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों को सरल बनाया है और संस्थाओं को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है. ऐसे में देश की अग्रणी संस्थाएं बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में आगे आकर नई मिसाल कायम कर सकती हैं.

**दो करोड़ विद्यार्थियों को मिल सकता है लाभः** मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बिहार के करीब 97 हजार विद्यालयों में दो करोड़ से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं. यदि सीएसआर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित होती हैं तो इसका सीधा लाभ लाखों परिवारों तक पहुंचेगा.

**कर्नाटक की तर्ज पर बिहार में भी संस्थान खोलने का आग्रह**
शिक्षा मंत्री ने वन वर्ल्ड वन फैमिली मिशन के संस्थापक सद्गुरु मधुसूदन साई से बिहार में भी कर्नाटक की तर्ज पर शैक्षणिक, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी संस्थान स्थापित करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि मिशन लंबे समय से बिहार में अवसर तलाश रहा है और अब राज्य सरकार स्वयं उन्हें आमंत्रित कर रही है. उन्होंने कहा, जैसे आपने दक्षिण भारत में समाज सेवा का उत्कृष्ट मॉडल विकसित किया है.

## सिटी बाइट्स

### पांच साल की अपहृत बच्ची को गया जंक्शन के पास होटल से मुक्त कराया, तीन गिरफ्तार

**रांची/गया जी.** रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के दलादली ओपी स्थित सपारोम गांव से 16 जुलाई को अगवा हुई पांच वर्षीया बच्ची को पुलिस ने 12 घंटे में सकुशल बरामद कर लिया. बच्ची बिहार के गयाजी स्टेशन के पास स्थित होटल से मिली. इस मामले में तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में रमेश कुमार मिश्रा और सचिन कुमार, दोनों कोंच थाना क्षेत्र गया जिले के निवासी हैं, जबकि तीसरा आरोपी मोनू कुमार मखदुमपुर, जहानाबाद का है. अपहरणकर्ताओं ने बच्ची की रिहाई के बदले परिजनों से तीन लाख रुपये मांगे थे. आरोपियों ने अलग-अलग नंबरों से पांच हजार रुपये भी मंगवाये थे. घटना के बाद रांची पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर रखा था.

### बेतिया में बाढ़ के पानी में पांच डूबे, दो की मौत

**बेतिया.** लगातार बारिश और बाढ़ के कारण पश्चिम चंपारण में पानी से भरी नदियों और गड्ढों में दो घटनाओं में पांच लोग डूब गये. इनमें दो की मौत हो गयी. दो को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एक बच्ची अब भी लापता है. सिकटा के हसनपुरा गांव में गुरुवार को बाढ़ के पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से दो मौसेरी बहनों की मौत हो गयी. 12 वर्षीया जिया को डूबता देख उसकी 17 वर्षीया मौसेरी बहन गुलशन उसे बचाने के लिए पानी में कूद गयी. इस दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गयी.वहीं, नरकटियागंज की धूमनगर पंचायत स्थित गदीयानी टोला के समीप शुक्रवार को हड़बोड़ा नदी में नहाने गयी तीन बच्चियां डूब गयीं. स्थानीय गोताखोरों ने 9 वर्षीया रानी कुमारी और 8 वर्षीया रौशनी कुमारी को बचा लिया, जबकि 12 वर्षीया प्रियंका लापता है.

### कोर्ट परिसर में हार्ट अटैक से दारोगा का निधन

**मोतिहारी.** पूर्वी चंपारण के राजेपुर थाने में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) दीप नारायण प्रसाद का हार्ट अटैक आने से निधन हो गया. दीप नारायण शुक्रवार को सरकारी कार्य से मोतिहारी व्यवहार न्यायालय पहुंचे थे. इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई. उन्हें तेज हार्ट अटैक आया. मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए ले जाने का प्रयास किया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

### अपराधियों ने सब इंस्पेक्टर को चाकू मार बाइक लूटी

**मधुबनी.** रहिका थाना क्षेत्र के सब इंस्पेक्टर रुपक रंजन पर गुरुवार की रात अपराधियों ने हमला कर दिया व पुलिस की बाइक लूट ली. काफी देर तक अकेले ही तीन अपराधियों से सब इंस्पेक्टर की हाथापाई हुई. इसी बीच एक अपराधी ने उनकी जांघ में धारदार हथियार से वार किया. इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये. इसी बीच अपराधी सब इंस्पेक्टर की बाइक लेकर भाग गये.

## बोरवेल में फंसे मासूम के रेस्क्यू ऑपरेशन की रोमांचक कहानी

# एनडीआरएफ की 'अंकुशी' तकनीक से बची बोरवेल में फंसे बच्चे की जान

अरविंद कुमार, फतेहपुर

**गया** के फतेपुर प्रखंड के रंगुनगर गांव में बोरवेल में गिरे मासूम पीयूष के रेस्क्यू ऑपरेशन की रोमांचक कहानी सामने आयी है. एनडीआरएफ की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के बाद गुरुवार देर रात करीब दो बजे बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. इससे पहले गुरुवार की शाम 6.28 बजे पीयूष मोबाइल देखते हुए अपनी मां के साथ जा रहा था. इसी दौरान इस दौरान वह 300 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया था और 35 फुट पर फंस गया था. उसे बचाने के लिए कई तरह के प्रयास जारी थे.

बचाव के तहत पटना के बिहटा से एनडीआरएफ की टीम गुरुवार रात 12 बजे घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया. शुरू में टीम ने पाइप से बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन बोरवेल की बनावट से यह तरीका कारगर साबित नहीं हुआ. इसके बाद एनडीआरएफ ने विशेष तकनीक का इस्तेमाल किया. जवानों के पास खास हुकनुमा डिवाइस था, जिसे स्थानीय भाषा में 'अंकुशी' कहा जाता है. इसका उपयोग मलबे या तंग जगहों में फंसी वस्तुओं को निकालने के लिए होता है. जवानों ने इस डिवाइस को बोरवेल में डाला, जो नीचे जाकर बच्चे के कपड़ों में सुरक्षित रूप से फंस गया. इसके बाद बेहद सावधानी से धीरे-धीरे खींचकर पीयूष को बाहर निकाला गया.

### गया के रंगुनगर गांव में खुशी का माहौल



बच्चे के साथ एनडीआरएफ की टीम.

### बड़की मम्मी ने बढ़ाया मासूम का हौसला

रेस्क्यू के दौरान बच्चा भयभीत नजर नहीं आया. वह करीब सात घंटे तक मोबाइल हाथ में थामे रहा. एनडीआरएफ जवानों ने पहले बच्चे को हाथ पकड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, लेकिन वह मोबाइल छोड़ने को तैयार नहीं हुआ. इसके बाद उसकी बड़की मम्मी को बुलाया गया. उन्होंने बोरवेल के मुंह के पास जाकर आवाज लगायी और कहा, बेटावा पकड़ ले बाबू, तुमको बिस्कुट देंम. अपनों की आवाज सुनकर बच्चे को हिम्मत मिली, लेकिन उसने मोबाइल नहीं छोड़ा. उसने सिर्फ बड़की मम्मी से पानी मांगा. इसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने अपने कौशल का परिचय देते हुए सफलतापूर्वक रेस्क्यू पूरा किया.

### बोरवेल की बनावट बनी फंसने की वजह

इस हादसे के पीछे बोरवेल की बनावट और सुरक्षा में बरती गयी लापरवाही प्रमुख कारण रही. आमतौर पर बोरवेल की खुदाई के दौरान ऊपरी हिस्से का व्यास 10 इंच होता है. जैसे-जैसे गहराई बढ़ती है, नीचे की चौड़ाई कम होती जाती है और यह घटकर छह से सात इंच तक रह जाती है. बोरवेल का ऊपरी हिस्सा 10 इंच चौड़ा होने से बच्चा नीचे चला गया. लेकिन, नीचे व्यास कम होकर छह इंच रह गया था, जहां बच्चा अटक गया. एक और दिलचस्प घटना यह रही कि जब बच्चा बोरवेल में गिरा, तब उसके हाथ में मोबाइल फोन था. पूरे रेस्क्यू के दौरान मोबाइल पकड़े रहा, लेकिन बाहर निकाले जाने के अंतिम समय में मोबाइल हाथ से छूट गया.

# आरा में राज्यपाल को नहीं सौंप पाये मांगपत्र तो, छात्रों ने काली पट्टी बांध कर किया हंगामा

- वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का कैंपस बना अखाड़ा, पुलिस और छात्रों के बीच तीखी नोकझोंक

**आरा.** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को उस वक्त भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब छात्र संगठन आइसा ने राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन से अपनी समस्याओं से जुड़ा 23 सूत्री मांगपत्र सौंपने का प्रयास किया. आइसा का आरोप है कि राज्यपाल का काफिला विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से बिना रुके सीधे निकल गया और उन्होंने मांगपत्र स्वीकार नहीं किया. इससे नाराज होकर सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर कुलाधिपति के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की.मांगपत्र स्वीकार नहीं किये जाने से भड़के प्रदर्शनकारी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन और कुलपति कार्यालय की ओर बढ़ गये. इस दौरान पुलिस प्रशासन ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की, तो पुलिस और छात्रों के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई.



वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में प्रदर्शन करते छात्र.

### उच्च शिक्षा में दिखेंगे बड़े बदलाव : राज्यपाल

**पटना.** कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा है कि बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था में अगले चार से छह महीनों के भीतर कई सकारात्मक बदलाव दिखायी देंगे. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए नीतिगत सुधार, नये नियम और प्रशासनिक पहल तेजी से लागू किये जा रहे हैं. राज्य सरकार और बिहार लोक भवन इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं. राज्यपाल शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में छात्रों एवं शिक्षकों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर विद्यार्थियों और शिक्षकों से सीधे संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त करना था .राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में प्रभावी सुधार तभी संभव है, जब छात्रों और शिक्षकों के अनुभव, समस्याएं और सुझाव नीति निर्माण का हिस्सा बनें. उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य के विश्वविद्यालय भी शैक्षणिक उत्कृष्टता के राष्ट्रीय केंद्र बनें.

### लूट का विरोध करने पर आभूषण दुकानदार को मारी गोली

**समस्तीपुर.** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंधिया घाट के पंचवटी चौक के समीप स्थित दिनेश ज्वेलर्स एंड संस में गुरुवार की देर रात धावा बोल हथियारबंद बदमाशों ने लूटपाट की कोशिश की. विरोध करने पर बदमाशों ने दुकानदार दिनेश साह को गोली मार दी. इसी दौरान बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वारदात में करीब सात हथियारबंद बदमाश शामिल थे.

## लखीसराय में शराब के नशे में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व चालक गिरफ्तार

**लखीसराय.** शहर के पूर्वी कार्यानंद नगर से टाउन थाना पुलिस ने खगड़िया के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को नशे की हालत में उनके चालक के साथ गिरफ्तार किया है. प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की कार से पुलिस ने पांच बियर की बोतलें और पांच अंग्रेजी शराब की बोतलें भी बरामद की है. मामले को लेकर लखीसराय थाना में प्राथमिक की दर्ज की गयी है. लखीसराय थाना के अपर थानाध्यक्ष ज्योतिष प्रकाश ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया, वहीं घर के समीप खड़ी जिला प्रशासन लिखा वाहन की तलाशी ली तो वाहन के पीछे वाली सीट से 600 एमएल की बियर की पांच बोतलें और 750 एमएल की अंग्रेजी शराब की पांच बोतलें बरामद की गयी.

## मुजफ्फरपुर : जेसीबी की ठोकर से फटी गैस पाइपलाइन, सात छात्राएं बेहोश

**मुजफ्फरपुर .** मुशहरी थाना क्षेत्र के रोहुआ मिडिल स्कूल के पास शुक्रवार को जेसीबी का बॉकेट से पीएनजी (पाइप नेचुरल गैस) की मुख्य पाइपलाइन अचानक तेज धमाके के साथ फट गयी. पाइपलाइन फटते ही पूरे इलाके में गैस का गुबार फैल गया और कुछ देर के लिए दृश्यता शून्य हो गई. इस हादसे की चपेट में आने से रा.कृ.श्री विश्राम सिंह प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, रोहुआ की सात छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं. घटना के बाद करीब आधे घंटे तक इलाके में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय स्कूलों के प्रबंधन ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बच्चों को सुरक्षित निकाला.

**एसकेएमसीएच रेफर :** गैस रिसाव के वक्त प्लस टू स्कूल कैंपस में साइकिल स्टैंड के पास खड़ी सात छात्राएं उसकी तीव्र गंध और गैस के गुबार की चपेट में आ गईं. ऑक्सीजन की कमी और दम घुटने से सातों छात्राएं वहीं अचेत हो गईं. बेहोश होने वाली छात्राओं में कक्षा 10वीं की दिव्या, हिंद, अमृता, राखी और कक्षा 11वीं की विशाखा, सरस्वती कुमारी, श्रुति सुमन शामिल थी. घटना के तुरंत बाद स्कूल के प्राचार्य स्वामी सुधीर और अन्य शिक्षकों ने छात्राओं को अपनी बाइकों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया. जब छात्राओं को होश आया, तो जिला प्रशासन के निर्देश पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया. डॉक्टरों के मुताबिक, लड़कियां दहशत और दम घुटने के कारण बेहोश हुई थी, फिलहाल उनकी स्थिति में सुधार है.

**इंडियन ऑयल ने कहा : स्थिति नियंत्रित :** वहीं इंडियन ऑयल ने कहा कि दुर्घटनावश पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है. इंडियन ऑयल की टीम ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए मुख्य वाल्व को बंद किया व रिसाव को रोका. घबराहट के कारण अस्वस्थ हुई छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया जहां वे पूरी तरह सुरक्षित हैं.


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, अरवल

अति–अल्पकालीन अवधि विस्तार सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक–632 (अनु0), दिनांक–18.05.2026 द्वारा आमंत्रित की गई **राष्ट्रीय / स्पर्द्धा ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01 / अरवल / 2026–27 जिसका पी0आर0सं0**–003698(BCD)2026-27, 004735(BCD)2026-27, 005914(BCD)2026-27 एवं 007236(BCD)2026-27 का अपरिहार्य कारणवश अवधि विस्तार किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:–

**कार्य का नाम :– अरवल जिलान्तर्गत जिला निबंधन कार्यालय, अरवल का निर्माण कार्य (विद्युत कार्य सहित)।**

| क्र0 | विवरण | निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि | पूर्व में संशोधित तिथि | पूर्व में संशोधित तिथि | पुनः संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र (डाउनलोड) एवं निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.06.2026 से 23.06.2026 को 3.00 बजे अप0 तक। | 15.06.2026 से 07.07.2026 को 3.00 बजे अप0 तक। | 06.07.2026 28.07.2026 को 3.00 बजे अप0 तक। | 15.07.2026 से 07.08.2026 को 3.00 बजे अप0 तक। | 23.07.2026 से 14.08.2026 को 3.00 बजे अप0 तक। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान एवं निविदा प्राप्ति का स्थान | वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर। | वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर। | वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर। | वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर। | वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर। |
| 4 | प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | 1. दिनांक–08.06.2026 को अप0 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया। 2. दिनांक–15.06.2026 को अप0 3.00 बजे मुख्य अभियंता(द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | 1. दिनांक–19.06.2026 को अप0 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया। 2. दिनांक–22.06.2026 को अप0 3.00 बजे मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | 1. दिनांक–13.07.2026 को अप0 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया। 2. दिनांक–16.07.2026 को अप0 3.00 बजे मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | 1. दिनांक–20.07.2026 को अप0 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया। 2. दिनांक–24.07.2026 को अप0 3.00 बजे मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | 1. दिनांक–27.07.2026 को अप0 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया। 2. दिनांक–30.07.2026 को अप0 3.00 बजे मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 25.06.2026 को 3.30 बजेअप0 तक। | 09.07.2026 को 3.30 बजेअप0 तक। | 30.07.2026 को 3.30 बजेअप0 तक। | 10.08.2026 को 3.30 बजेअप0 तक। | 17.08.2026 को 3.30 बजेअप0 तक। |
| 6 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय | तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात्। | | | | |

शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, अरवल

PR. No. 008039 (BCD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग




पशुओं पर प्लास्टिक/पोलिथीन का दुष्प्रभाव

पोलिथीन को पशुओं के शरीर में प्रवेश करने के स्त्रोत

- बचे हुए भोजन, फल, सब्जियों के पत्ते एवं अन्य किचेन वेस्ट को पोलिथीन के थैले में बाँधकर कूड़ेदान या सड़क के किनारे फेंक देना।
- पशुओं के द्वारा खाद्य एवं अखाद्य पदार्थों को अलग नहीं कर पाना।
- पोलिथीन का चिकना एवं स्वादरहित होना जिससे पशु आसानी से अन्य खाद्य सामग्रियों के साथ इसे भी निगल लेते है।



पोलिथीन का पशुओं के शरीर में दुष्प्रभाव

पोलिथीन पशुओं के पेट/आँत में जाकर धीरे–धीरे जमा हो जाता है एवं कड़ा गेंद या रस्से का रूप ले लेता है। फलतः पशुओं को पाचन संबंधी समस्याएँ जैसे भूख न लगना, दस्त, गैस (अफरा) एवं पेट दर्द की समस्याएँ उत्पन्न होने लगती है। पोलिथीन पशुओं के लिए साइलेन्ट किलर (Silent Killer) के रूप में कार्य करता है।



उपचार

अन्य बीमारियों की तरह इसका कोई दवा, सूई, गोली या चूरण आदि से उपचार नहीं किया जा सकता है। पोलिथीन एवं इसके साथ अन्य सामग्रियों को ऑपरेशन के द्वारा पेट से निकालना ही इसका एकमात्र ईलाज होता है।




सुझाव

हमें अपने चारों तरफ पोलिथीन मुक्त समाज बनाने की आवश्यकता है। खाद्य पदार्थों, हरी सब्जी के छिलके आदि को पोलिथीन में बंद कर सड़क किनारे, रेल पटरी के किनारे या खेत–खलिहान, नदी–तालाब में या उनके किनारे नहीं फेंकना चाहिए। पोलिथीन के कैरी बैग एवं लिफाफे पर कानूनी रूप से लगाए गए प्रतिबंध का पालन किया जाना चाहिए।




इस तरह पोलिथीन मुक्त समाज बनाकर हम अपने पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा कर पाएँगें एवं पशुधन विकास के साथ नए भारत का निर्माण कर पाएँगें।

PR No.- 008129 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD



बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

गर्मी के मौसम में पोल्ट्री फार्म को सुरक्षित और उत्पादनशील बनाए रखने के लिए मुर्गीपालकों को सलाह

गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने से मुर्गियों के अंडे एवं मांस उत्पादन में कमी, मृत्यु दर में वृद्धि और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन समस्याओं से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतेंः

तापमान नियंत्रण
- शेड में उचित वेंटिलेशन (हवादारी) रखें।
- छत पर घास या टाट बिछाकर ऊपर पानी छिड़कें।
- कूलर, फैन, या वाटर फॉगिंग सिस्टम का उपयोग करें

प्रबंधन
- दिन में 2-3 बार पानी की टंकियों को भरें और उन्हें छाया में रखें।
- इलेक्ट्रोलाइट्स (ORS) व विटामिन सी पानी में मिलाएं ताकि डिहाइड्रेशन न हो।

आहार प्रबंधन
- सुबह और शाम के ठंडे समय में दाना दें।
- एनर्जी रिच (ऊर्जा युक्त) आहार दें, लेकिन हाई प्रोटीन से बचें।

स्वास्थ्य प्रबंधन
- गर्मी में तनाव कम करने वाले सप्लीमेंट्स दें।
- टीकाकरण और डि-वॉर्मिंग शेड्यूल का पालन करें।
- बीमार मुर्गियों को तुरंत अलग करें।

सफाई और स्वच्छता
- फार्म को सूखा और साफ रखें।
- नियमित रूप से कीट-नाशक छिड़काव करें।



विषम परिस्थिति में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें या 1962 पर कॉल कर समस्या का समाधान प्राप्त करें

PR No.- 008042 (Animal)D. 2026-27

## बिहार सरकार

समाहरणालय, नवादा
नवादा–805110
(जिला राजस्व शाखा)

### :–अल्पकालीन आम सूचना:–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिला के अकबरपुर पशु हाट की बन्दोवस्ती वित्तीय वर्ष 2026–27 में 01 अगस्त 2026 से 31 मार्च 2027 के लिए खुली डाक द्वारा किया जाना है, उक्त पशु हाट की बन्दोवस्ती हेतु दिनांक 28.07.2026 एवं 29.07.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन में जिला स्तर पर बन्दोवस्ती की जायेगी। यदि किसी कारणवश उक्त निर्धारित तिथि को बन्दोवस्ती नही होती है तो दिनांक 30.07.2026 को निर्धारित समय पर बन्दोवस्ती की जायेगी।

सैरात का पूर्ण विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र | सैरात का नाम | अंचल | समानुपातिक सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) माह–01 अगस्त 26 से 31 मार्च 2027 तक | डाक का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अकबरपुर साप्ताहिक पशु हाट सैरात | अकबरपुर | 243333 | समाहरणालय, सभागार, नवादा |

यह विवरणी www.nawada.bih.nic.in पर देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
नवादा

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.007991 (District) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

---

बिहार सरकार

## समाहरणालय, गया
(जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय)

### निविदा आमंत्रण सूचना

दिनांक–17.08.2026 को कला, कला एंव संस्कृति विभाग, बिहार, पटना एवं जिला प्रशासन, गया के संयुक्त तत्वाधान में मोहड़ा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–गेहलौर में दशरथ मांझी महोत्सव का आयोजन निर्धारित है। इस अवसर पर स्टेज, पंडाल, लाईट एण्ड साउण्ड, जेनरेटर, कुर्सी, टेबुल इत्यादि के अधिष्ठापन हेतु प्रतिष्ठित फर्म/संस्थान/संवेदक इत्यादि से निम्नलिखित शर्तो के अनुरूप SEAL बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

पीएम मोदी ने हरियाणा के जींद में शुक्रवार को जींद में और सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रेलवे जैसे अत्यधिक ऊर्जा-खपत वाले क्षेत्र में जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में एक मील का पत्थर है. भारत के ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु लक्ष्यों में हाइड्रोजन की दीर्घकालिक भूमिका सस्ती ग्रीन हाइड्रोजन उपलब्ध होने पर निर्भर करेगी. पीएम मोदी ने इसे 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक सफल उदाहरण बताया. भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जहां हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें परिचालन में हैं.

## जियो के 'लियो' ने पास किया इन-स्पेस का टेक्निकल टेस्ट

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**भारत** जल्द ही अंतरिक्ष में अपना स्वदेशी निम्न कक्षा उपग्रह जाल विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा सकता है. अंतरिक्ष मामलों की देखरेख करने वाली सरकारी संस्था इन-स्पेस ने रिलायंस जियो की करीब 1,600 निम्न कक्षा के उपग्रहों की योजना को तकनीकी रूप से उपयुक्त माना है. इस प्रस्ताव का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और दूरसंचार विभाग की संबंधित इकाई ने भी विस्तृत परीक्षण किया.

**सुरक्षा और संचार दोनों को मिलेगा नया बल :** इस फैसले से अब भारत का अंतरिक्ष में अपना खुद का पहला सैटेलाइट नेटवर्क (लोकल लियो कॉन्स्टेलेशन) तैयार होने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है. यह नेटवर्क देश की सुरक्षा और मिलिट्री की रणनीतिक जरूरतों के लिए बेहद जरूरी और मददगार साबित होगा.

## संसद का मॉनसून सत्र 20 से, सात विधेयक होंगे पेश

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**संसद** का आगामी मॉनसून सत्र 20 जुलाई को शुरू होगा और 13 अगस्त तक चलेगा. यह सत्र राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है. इस सत्र में जहां सरकार जहां अपने व्यापक विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने की तैयारी में है, वहीं विपक्ष ने भी सरकार को घेरने के लिए कमर कस ली है. सत्र से पहले शुक्रवार को कर्तव्य भवन में राजग के मंत्रियों के समूह की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेता शामिल हुए. बैठक में केंद्रीय मंत्रियों और राजग के सहयोगी दलों के नेताओं ललन सिंह (जदयू), जयंत चौधरी (रालोद) और के राममोहन नायडू (टीडीपी) ने हिस्सा लिया.

**आ सकता है महिला आरक्षण (संशोधन) और परिसीमन विधेयक :** इस सत्र में सरकार संसद में पारित कराने के लिए महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन और परिसीमन विधेयक भी ला सकती है. पहला विधेयक 17 अप्रैल को लोकसभा में पारित नहीं हो सका था, क्योंकि सरकार इसे पास कराने के लिए जरूरी दो-तिहाई बहुमत नहीं जुटा पायी थी. राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 को पहले राज्यसभा में पेश किये जाने की संभावना है.

## देश में 60% लोग एआइ से कर रहे ऑनलाइन सर्च

खास

नेशनल कंटेंट सेल



**इंटरनेट** पर जानकारी सर्च करने का तरीका तेजी से बदल रहा है. कभी हर सवाल का जवाब खोजने के लिए लोग सीधे सर्च इंजन का सहारा लेते थे, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है. एआइ भारतीयों की डिजिटल जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है. यूगॉव इंडिया की ताजा रिपोर्ट हाउ एआइ इज चेंजिंग ऑनलाइन डिस्कवरी इन 2026 बताती है कि भारत में लोग अब सिर्फ वेबसाइटों के लिंक नहीं, बल्कि सीधे और सटीक जवाब चाहते हैं. रिपोर्ट साफ करती है कि एआइ ने सर्च इंजन की जगह नहीं ली है, बल्कि दोनों मिल कर इंटरनेट सर्च के नये दौर की शुरुआत कर रहे हैं.

**पूर्व मध्य रेल**
**शुद्धि पत्र**
टेंडर नंबर TRD-OT-07-CYBER-SEC-26-27 (जिसकी अंतिम तारीख 31.07.2026 है) के टेंडर पेपर में सुधार/संशोधन किया गया है। अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS पोर्टल देखें।
मंडल रेल प्रबंधक /क०वि०
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0577/डीएचएन/टीआरडी/कोरिजेंडम/26-27/16

**पूर्व मध्य रेल**
**निविदा सूचना**
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि. / पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई-निविदा के रूप में खुली ई-निविदा आमन्त्रित किया जाता है :- **निविदा संख्या एवं तिथि : ई.एल.-टी.आर.डी.-ई.टी.-04-2026-27, 1. कार्य का नाम तथा स्थान :** ललितग्राम (LLP) में एक शंटिंग नेक और दो स्टेबलिंग लाइन बनाने से संबंधित OHE में संशोधन कार्य। **2. समापण अवधि:** 12 माह, **3. कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,43,58,589.86/-, **4. बयाने की राशि :** ₹ 2,87,200.00/-, **5. निविदा बंद होने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारिख 10.08.2026 को समय 12.00 बजे। **6. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (वि.-क.वि. /कार्यालय/समस्तपुर।
**नोट :** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संबोधन / परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाषित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि.
पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर
पीआर/0563/एसपीजे/ईएलईसीटी/टी/26-27/36

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-ऑक्शन सूचना**
**ई-ऑक्शन सूचना सं.: C/470/निविदा/सोन/26**
मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, सोनपुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनकी तरफ से, सोनपुर मंडल में केटरिंग यूनिट (GMU/SMU) के संचालन हेतु पाँच (05) वर्षों की अवधि के अनुबंध प्रदान करने के लिए विज्ञापन के संबंध में ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं।
**क्र.सं. 1. निविदा का प्रकार :** केटरिंग यूनिट (GMU/ SMU), **स्टेशन का नाम :** Kurhani, **लॉट संख्या :** Catg- SEE-KHI-GMU-410-26-1, **क्र.सं. 2. निविदा का प्रकार :** केटरिंग यूनिट (GMU/ SMU), **स्टेशन का नाम :** Akshaywat Rai Nagar, **लॉट संख्या :** Catg-SEE-AYRN-GMU-418-26-1, **क्र.सं. 3. निविदा का प्रकार :** केटरिंग यूनिट (GMU/ SMU), **स्टेशन का नाम :** Nayagaon, **लॉट संख्या :** Catg-SEE-NYO-GMU-421-26-1, **क्र.सं. 4. निविदा का प्रकार :** केटरिंग यूनिट (GMU/ SMU), **स्टेशन का नाम :** Manhar Road, **लॉट संख्या :** Catg-SEE-MNO-GMU-419-26-1, **क्र.सं. 5. निविदा का प्रकार :** केटरिंग यूनिट (GMU/ SMU), **स्टेशन का नाम :** Chakmakrand, **लॉट संख्या :** Catg-SEE-CKRD-GMU-420-26-1, **क्र.सं. 6. निविदा का प्रकार :** केटरिंग यूनिट (GMU/ SMU), **स्टेशन का नाम :** Parukhas, **लॉट संख्या :** Catg-SEE-PUKS-SMU-415-26-1, **क्र.सं. 7. निविदा का प्रकार :** केटरिंग यूनिट (GMU/ SMU), **स्टेशन का नाम :** Pasraha, **लॉट संख्या :** Catg-SEE-PSR-SMU-417-26-1, **क्र.सं. 8. निविदा का प्रकार :** केटरिंग यूनिट (GMU/ SMU), **स्टेशन का नाम :** Narayanpur, **लॉट संख्या :** Catg-SEE-NNR-SMU-411-26-1.
**क्र.सं. 1 से 8 के लिए :- निविदा की अवधि :** 5 years, **ई-आक्शन का दिनांक एवं समय :** 21.07.2026 at 11:00 hrs.
**Catalogue No.- (1) C-470-JUNE-26**
**वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in**
**नोट -** (1) ई-नीलामी IREPS (E-Auction leasing portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाइन होगी। (2) ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक बैंक द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10000/- + GST (non-refundable) ऑनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, जमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाइन उसी खाते से होगी। (3) ई-नीलामी (E-Auction) से संबन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing section में उपलब्ध है।
मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर
पीआर/0567/एसईई/सीओएमएमएल/ईएन/26-27/64

**पूर्व मध्य रेल**
**निविदा सूचना**
**बैच संख्या: 15/26 दिनांक: 17.07.2026**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदा का आमंत्रण किया जाता है:
**क्रम संख्या :** 1, **निविदा संख्या :** 04260176, **संक्षिप्त विवरण :** अर्थिंग केवल कम्पलीट फॉर व्हील सेट अर्थिंग इक्विपमेंट 95 स्क्वेयर एमएम (लॉन्ग) फॉर फिएट बोगी, **मात्रा :** 3314 नग, **निविदा खुलने की तिथि :** 03.08.26, **निविदा खुलने की समय :** 14:00
**क्रम संख्या :** 2, **निविदा संख्या :** 14264871, **संक्षिप्त विविरण :** 4.5 केडब्ल्यू अंडरस्लंग कॉन्स्टेंट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमरजेंसी बैटरी, **मात्रा :** 77 नग, **निविदा खुलने की तिथि :** 10.08.26, **निविदा खुलने की समय :** 14:00
**क्रम संख्या :** 3, **निविदा संख्या :** 03260960, **संक्षिप्त विविरण :** मेंटेनेंस किट फॉर वेरियस न्यूमेटिक वल्वस प्रोवाइड इन 3-फेज लोको, **मात्रा :** 78 सेट, **निविदा खुलने की तिथि :** 10.08.26, **निविदा खुलने की समय :** 14:00
**नोटः** उपर्युक्त सभी निविदाएं ई-टेंडर हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं के सभी संशोधन भी केवल IREPS वेबसाइट पर ही ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएंगे। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट देखें।
स.सा.प्रबंधक सह-सचिव प्र.मु.सा.प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर
पीआर/0579/एचक्यू/सामग्री/टी/26-27/44

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंड के संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :-
**AA/1,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी : गया रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-PARK-2WGAYA, ई-नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-GAYA-TW-19-26-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 28.07.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। वेबसाइट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं॰ दीन दयाल उपध्याय
पीआर/0570/डीडीयू/वा./एन/26-27/28

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सूचना सं. SPJW-26-TRAVERSER-35T**
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पू. म. रेल, समस्तीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम निविदाकारों से भारतीय रेलवे के IREPS वेब पोर्टल पर ई-निविदा माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किए जाते हैं :- **01. कार्य का नाम :** यांत्रिक कारखाना समस्तीपुर में सरफेस ट्रैवर्सर (क्षमता - 35 टन) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा मौजूदा पिट टाइप ट्रैवर्सर साइट को सरफेस टाइप ट्रैवर्सर में परिवर्तित करने के लिए सिविल कार्य। **02. कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,57,24,141.35, **03. बयाने की राशि :** ₹ 3,14,500.00, **04. निविदा बंद होने की तारीख और समय :** 05/08/2026 15:00 Hrs., **05. ई-निविदा के लिए वेबसाइट का विवरण, जहाँ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है, इत्यादि :** www.ireps.gov.in
मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पू. म. रेल, समस्तीपुर
पीआर/0564/एसपीजे/एमईसीएच/टी/26-27/28

**पूर्व मध्य रेल**
**अधिसूचना**
वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं॰ दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं॰ दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पहलेजा हॉल्ट एवं खुर्माबाद-हॉल्ट पर टिकट बिक्री हेतु हॉल्ट ठेकेदार की चयन हेतु 05 (पाँच) वर्षों के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है।
अधिसूचना संख्या-काम/हॉल्ट/डी.डी.यू./26, दिनांक 16.07.2026, 1. कार्य का विवरण : पं॰ दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पहलेजा हॉल्ट एवं खुर्माबाद हॉल्ट पर अनारक्षित टिकटों की बिक्री हेतु हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति, 2. कार्य की अवधि : (05) पाँच वर्षों, 3. आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान : आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथों हाथ दिनांक 17.07.2026 को 11.00 बजे से दिनांक 05.08.2026 को 12.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्व मध्य रेल, पं॰ दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। बंद लिफाफा दिनांक 05.08.2026 को 12.30 बजे खोले जायेंगे, 4. वेबसाइट का पता - जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता www.ecr.indianrailways.gov.in (Division-DDU, Department-commercial) पर उपलब्ध है।
नोट : सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
मंडल रेल प्रबन्धक (वा.)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0575/डीडीयू/वा./एन/26-27/44

**पूर्व मध्य रेल**
**निविदा सूचना**
**सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./टेली/2026/5**
**दानापुर, दि. 14.07.2026**
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :- **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** DRM ऑफिस (DNR) और दानापुर स्टेशन के संबंधित ऑफिस में सभी IT एप्लीकेशन के वर्कलोड को संभालने और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए फाइबर-बेस्ड नेटवर्क (Gigabit Passive Optical Network - GPON) के जरिए रेल-नेट कनेक्टिविटी को अपग्रेड करना; रेल आश्रय करबिगहिया, पटना के पास अतिरिक्त सुविधाओं के निर्माण के साथ ऑडियो-विजुअल सिस्टम की व्यवस्था करना; और दानापुर डिवीजन में UTN नेटवर्क पर PRS आधुनिकीकरण के लिए पैन-इंडिया रोल-आउट से संबंधित टेलीकॉम का काम करने संबंधी कार्य। **2. अनुमानित रकम :** रूपये 36735618.79, **3. बयाना राशि :** रूपये 734700.00, **4. निविदा पस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 07.08.2026 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 07.08.2026 को 15:00 बजे। **6. वेबसाईट विवरण : www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जता सकती है :** वरीय मंडल संकेत दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।
**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।
मं० सं० एवं दूर सं० अभि०, पूर्व मध्य रेल/दानापुर
पीआर/0562/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/26-27/44

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
जिला-सारण, (बिहार)-841221
ई-निविदा सूचना सं०. एस/आरडब्ल्यूपी/ई/2026-27/13, दिनांक: 17.07.2026
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट www.ireps.gov.in के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाईन (ई खुली निविदा) आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बंद होने का समय 14.00 बजे है।
**क्र.सं. 1. निविदा सं. :** 01261038B, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** Pouring Tube Ceramic, **मात्रा :** 2981 Nos., **निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि :** 13/08/2026 at 14.00 Hrs., 1. वेबसाईट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, www.ireps.gov.in है।
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेपका/बेला
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2026-27/50

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
खुली ई-निविदा सूचना सं.-टीआरडी-ओ.टी.-12-आईएनएस-कोट-26-27
नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैदयुतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
1. कार्य का नाम और स्थान : डीडीयू डिविजन में ओएचई के साथ कम क्लीयरेंस वाले ओवरलाईन स्ट्रक्चर के नीचे कम्पोजिट हाई वोल्टेज इंसुलेटेड कोटिंग/इंसुलेटिंग शीट की सप्लाई और उसे लगाने का काम, 2. अनुमानित रकम : 3,47,14,554.29, 3. बयाना राशि : 6,94,300/-, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:दिनांक 06.08.2026 को 15.00 बजे तक, 5. वेबसाईट का विवरण जहां ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in
वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि./
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0569/डीडीयू/टीआडी/टी/26-27/24

**पूर्व मध्य रेल**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**खुली ई-निविदा सूचना सं० - सोनपुर 2026-27-(81, 83-88, 91 एवं 93)**
मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०) / सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। ई-निविदा की अंतिम तिथि **07.08.2026 को 13:00 बजे** निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है। **81. कार्य का नाम :** वसेइ/कार्य/सोनपुर के अधीन सोनपुर स्थित कर्मचारी आवासों के मरम्मत एवं रंग-रोगन का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 64,99,985.69, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,30,000.00, **83. कार्य का नाम :** हाजीपुर में नये प्रशासनिक भवन के तीसरी एवं चौथी मंजिल की गैलरी का नवीनीकरण एवं इलेक्ट्रिकल एवं एसएंडटी केबल एडजस्टमेंट कार्य के साथ अन्य इंटीरियर कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 69,99,969.74, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,40,000.00, **84. कार्य का नाम :** सोनपुर में आरपीएफ कर्मचारियों के लिए स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट भवन के साथ 20 बेड वाले आरपीएफ महिला बैरक का निमार्ण। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 2,21,69,756.94, **बयाने की राशि (रू. में) :** 4,43,400.00, **85. कार्य का नाम :** सोनपुर मंडल : एलएचएस पर जल निकासी व्यवस्था मे सुधार (1) हाजीपुर से छपरा कचहरी के बीच एलएचएस सं० 35 व 36 पर मॉनसून के दौरान एवं उसके बाद पानी जमा होने से रोकने के लिए जलनिकासी व्यवस्था ठीक करने के उपाय। (2) हाजीपुर से छपरा कचहरी के बीच एलएचएस सं० 37 व 38 पर मॉनसून के दौरान एवं उसके बाद पानी जमा होने से रोकने के लिए जलनिकासी व्यवस्था ठीक करने के उपाय। (3) हाजीपुर से छपरा कचहरी के बीच एलएचएस सं० 29 व 34 पर मॉनसून के दौरान एवं उसके बाद पानी जमा होने से रोकने के लिए जलनिकासी व्यवस्था ठीक करने के उपाय। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 7,00,69,833.94, **बयाने की राशि (रू. में) :** 14,01,400.00, **86. कार्य का नाम :** हाजीपुर - छपरा ग्रामीण - सेस मरम्मत (3 मी०) 18.08 टी० किमी एवं हाजीपुर बछवाड़ा और पहलेजा घाट - सोनपुर - परमानंदपुर : टीबीआर टर्नआउट 35 सेट (केवल सेस मरम्मत)। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 4,60,17,453.01, **बयाने की राशि (रू. में) :** 9,20,400.00, **87. कार्य का नाम :** समइ/भूमि / सोनपुर के अधीन सोनपुर (मिला) से हाजीपुर (छोड़) तक ब्लॉक सं० 326 ए के पास न्यू ऑफिसर्स कॉलोनी एवं रेलवे गैस गोदाम से वसेइ/पुल गोदाम से दक्षिण एवं नार्थ/06 बी 25 (छोड़) तक के रेल भूमि पर 36 माह की अवधि के लिए जलनियंत्रण एवं मतस्यपालन का अधिकार (अवधि 01.04.2026 से 31.03.2029 तक)। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 4,14,707.00, **बयाने की राशि (रू. में) :** 41,500.00, **88. कार्य का नाम :** सोनपुर:- (1) मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल अस्पताल, अधिकारी क्लब, चिल्ड्रेन पार्क, स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया, अधिकारियों के बंगले, कर्मचारी आवास आदि के पार्को के विशेष रखरखाव का कार्य। (2) रेलवे कैंपस एवं कॉलोनी में मौजूद स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई एवं गाद निकालना। (3) रेलवे कॉलोनी में नियमित रूप से जंगल की सफाई। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 79,99,007.01, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,60,000.00, **91. कार्य का नाम :** सोनपुर स्टेशन में 04 अदद टाइप VI आवासो का निमार्ण। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 4,10,93,426.38, **बयाने की राशि (रू. में) :** 8,21,900.00, **93. कार्य का नाम :** सोनपुर मंडल - सोनपुर मंडल के स्टेशनों पर एसएम पैनल रूम का नवीनीकरण। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,85,26,338.02, **बयाने की राशि (रू. में) :** 3,70,500.00
उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार किसी भी निविदा को स्थगित करने / निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा।
पीआर/0566/एसईई/ईएनजीजी/टी/26-27/96 मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

## रविवार को होने वाले विश्व कप फाइनल से पहले फीफा की बड़ी घोषणा

# पहली बार विजेता को मिलेगी ‘चैंपियनशिप रिंग’

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**फीफा** वर्ल्ड कप 2026 के विजेता खिलाड़ियों को इस बार एक खास सम्मान मिलेगा. विश्व कप के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनने वाली टीम के खिलाड़ियों व स्टाफ को ट्रॉफी-गोल्ड मेडल के साथ-साथ चैंपियनशिप रिंग भी दी जायेगी. रविवार को अर्जेंटीना और स्पेन के बीच खिताबी जंग होगी. फीफा ने बताया कि रिंग अमेरिकी खेलों की मशहूर परंपरा से प्रेरित है. रिंग के एक तरफ फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी बनी होगी, जबकि दूसरी तरफ विजेता टीम के अनुसार खास डिजाइन तैयार किया जायेगा. हर रिंग पर अलग नंबर होगा, उसे खिलाड़ी के हिसाब से तैयार किया जायेगा और उसके साथ असली होने का प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा. फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद विजेता टीम के कप्तान और हेड कोच को अस्थायी रिंग दी जायेगी. बाद में उनके माप के अनुसार दी जायेगी.



### बिक्री भी की जायेगी

फीफा ने बताया कि इस रिंग का कुल 2,026 पीस का लिमिटेड एडिशन बनाया जायेगा. इनमें से 30 रिंग विश्व चैंपियन टीम को मिलेंगी, जबकि बाकी 1,996 रिंग दुनिया भर के फुटबॉल फैंस के लिए आधिकारिक लाइसेंस प्राप्त उत्पाद के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी.

### विजेता को मिलेगा 490 करोड़ का इनाम भी

इस बार फुटबॉल वर्ल्ड कप चैंपियन को 51 मिलियन डॉलर करीब 490 करोड़ रुपये मिलेंगे. पहली बार विश्व चैंपियन को इतनी बड़ी रकम मिलेगी. फीफा ने इस बार 871 मिलियन डॉलर यानी करीब 83,866 रुपए की इनामी राशि बांटने का ऐलान किया है.

## अंधविश्वास के कारण विश्व कप फाइनल देखने नहीं जायेंगे अर्जेंटीना के राष्ट्रपति

**अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप रहेंगे मौजूद**

**ब्यूनस आयर्स.** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने कहा कि वह अंधविश्वास के कारण विश्व कप फाइनल देखने के लिए न्यू जर्सी नहीं जायेंगे और उनकी टीम का रविवार को स्पेन के खिलाफ होने वाला खिताबी मुकाबला घर में बैठकर ही देखेंगे. अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप मौजूद रहेंगे. अर्जेंटीना के पिछले सातों मैच भी घर से ही देखे थे. इन मैच के दौरान मिलेई ने एक खास जैकेट पहनी थी और उन्होंने कहा कि फाइनल के दिन भी वह इसी जैकेट को पहनकर मैच देखेंगे. अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के लिए इस मैच में खेलेगा. अर्जेंटीना के राष्ट्रपति लंबे समय से विश्व कप के महत्वपूर्ण मैचों में शामिल होने से बचते रहे हैं. यह अंधविश्वास 1990 के टूर्नामेंट से चला आ रहा है, जब तत्कालीन राष्ट्रपति कार्लोस मेनेम कैमरून के हाथों शुरुआती मैच में हार से ठीक पहले अर्जेंटीना की टीम से मिले थे. मेनेम को तब ‘मुफा’ यानी मनहूस करार दिया गया था. तब से अर्जेंटीना के किसी भी राष्ट्रपति ने स्टेडियम में जाकर राष्ट्रीय टीम का मैच नहीं देखा.

## तीसरे स्थान के लिए भिड़ंत आज : इंग्लैंड व फ्रांस में श्रेष्ठता की जंग



**मियामी.** फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में हार झेलने वाली यूरोप की दो दिग्गज टीमें फ्रांस और इंग्लैंड अब तीसरे स्थान के लिए आमने-सामने होंगी. मियामी स्टेडियम में होने वाला यह मैच दोनों टीमों के लिए केवल तीसरे स्थान पर आने और कांस्य पदक जीतने का नहीं होगा, बल्कि टूर्नामेंट का समापन सम्मानजनक तरीके से करने का भी मौका होगा. फ्रांस को सेमीफाइनल में स्पेन ने 2-0 से हराया था, जबकि इंग्लैंड को अर्जेंटीना ने 2-1 से हराया. अब दोनों टीमें तीसरे स्थान के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगी. यह मुकाबला व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिहाज से भी बेहद अहम है. फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे के पास गोल्डन बूट जीतने का अंतिम अवसर होगा. टूर्नामेंट में आठ गोल कर चुके एम्बाप्पे अगर इस मैच में गोल करते हैं, तो वह लियोनेल मेसी को पीछे छोड़ सकते हैं.दूसरी ओर इंग्लैंड के हैरी केन और जूड बेलिंगम भी छह-छह गोल के साथ गोल्डन बूट की दौड़ में बने हुए हैं.फ्रांस ने इस विश्व कप में आक्रामक अंदाज में शुरुआत की थी.

आंकड़े कभी झूठ नहीं बोलते..

# जिस रोहित को बाहर करने की तैयारी, वह नंबर-2 स्कोरर

**पिछले 12 महीनों में कोहली के बाद टीम इंडिया की ओर से बनाएं हैं सबसे अधिक रन**



प्रभात खबर खेल डेस्क

**भारतीय** क्रिकेट में इन दिनों रोहित शर्मा के वनडे भविष्य को लेकर चर्चाएं तेज हैं.इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा वनडे उनके करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला हो सकता है, ऐसी अटकलें लगातार लग रही हैं. इन चर्चाओं के बीच आंकड़े एक अलग कहानी बयां कर रही है. पिछले 12 महीनों में भारत के लिए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों क ी सूची म

रोहित शर्मा 589 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं. उनसे आगे कोहली हैं, जिन्होंने 686 रन बनाये हैं. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या भारतीय टीम एक ऐसे बल्लेबाज से आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है,जो अब भी रन बना रहा है.

### क्या उम्र बन गयी है दुश्मन ?

चयन समिति ने पिछले हफ्ते कोच गौतम गंभीर के साथ मिलकर रोहित शर्मा से इस बारे में बात की थी .वे विश्व कप जीतने के लिए कुछ युवाओं को मौका देना चाहते हैं, जिसमें यशस्वी नंबर-1 पर हैं. साई सुदर्शन और अभिषेक के नाम की भी चर्चा की जा रही है. अगले विश्व कप तक रोहित शर्मा की उम्र 40 पार हो जायेगी. चयनकर्ता इसको लेकर चिंतित हैं.

### इंग्लैंड दौरे पर संघर्ष करते दिखे

रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के दो मैचों में 11 और 26 रनों की पारी खेल चुके हैं. गुरुवार को दूसरे वनडे में रोहित शर्मा को इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के खिलाफ अधिक संघर्ष करते देखा गया. रोहित को 26 रन बनाने में 47 गेंद खेलने पड़े. स्ट्राइक रेट 55 .31 रहा, जो वनडे मैचों के लिए काफी खराब माना जा सकता है. इस साल खेले गये आठ मैचों में उन्होंने 241 रन 30 .12 के एवरेज से बनाये हैं.

### वनडे विश्व कप के लिए रोहित कर रहे हैं कड़ी मेहनत

टी-20 से 29 जून, 2024 को और टेस्ट से सात मई, 2025 को संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा का 2027 में वनडे विश्व कप खेलने का सपना है. इसके लिए कड़ी तैयारी कर रहे हैं.

### वनडे में एक साल में भारत से रन बनाने वाले टॉप-10 क्रिकेटर

| क्रिकेटर | मैच | रन | सर्वश्रेष्ठ | स्ट्राइक रेट | शतक |
|---|---|---|---|---|---|
| कोहली | 11 | 686 | 135 | 105.37 | 03 |
| रोहित | 14 | 589 | 121* | 92.03 | 01 |
| शुभमन | 11 | 527 | 154 | 110.71 | 01 |
| लोकेश राहुल | 12 | 357 | 112* | 124.39 | 01 |
| श्रेयस | 11 | 291 | 66 | 81.51 | 00 |
| यशस्वी जायसवाल | 05 | 270 | 116* | 100 | 02 |
| ईशान किशन | 04 | 160 | 125 | 146.78 | 01 |
| अक्षर पटेल | 05 | 133 | 57* | 97.79 | 00 |
| वाशिंगटन | 11 | 116 | 52* | 80 | 00 |
| रुतुराज गायकवाड | 03 | 113 | 105 | 116.49 | 01 |

### लॉर्ड्स में बड़ी पारी खेलने की उम्मीद

टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच कोटक ने रोहित को बेहतर खिलाड़ी बताते हुए कहा कि वह काबिल खिलाड़ी हैं . उन्होंने दो मैचों में रन नहीं बनाए, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे कोई फर्क पड़ता है. अगले मैच में लॉर्ड्स में बड़ी पारी खेलेंगे.

## फील्ड बाइट्स

### बिहार राज्य जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता चार अगस्त अगस्त से

**पटना.** बिहार स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में बिहार राज्य जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी चार से छह अगस्त तक पाटलिपुत्र खेल परिसर स्थित इंडोर हॉल में किया जायेगा. प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों को आठ जोन में विभाजित किया गया है. प्रत्येक जोन की विजेता एवं उपविजेता टीम सहित कुल 16 टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी. बिहार स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष अपूर्व सुकांत और सचिव विपुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 5 नवंबर, 2006 या उसके बाद की होनी चाहिए. खिलाड़ियों का अधिकतम वजन 75 किलोग्राम निर्धारित किया गया है. एसोसिएशन के चेयरमैन कुमार विजय सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर 52वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता के लिए संभावित बिहार टीम का चयन किया जायेगा.

### फर्जी तरीके से खेल कोटे से नौकरी पाने वाले रग्बी खिलाड़ी सुधांशु रंजन निलंबित

**पटना.** 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना के तहत खेल कोटे से सरकारी नौकरी पाने वाले बिहार के रग्बी खिलाड़ी सुधांशु रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. सुधांशु रंजन अनुमंडल कार्यालय, हिलसा, नालंदा में निम्नवर्गीय लिपिक के पद कार्यरत हैं. उन पर गलत तथ्यों और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी कर नौकरी हासिल करने का आरोप लगा है. बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा की गयी जांच में खुलासा हुआ कि सुधांशु रंजन ने 'बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2025' के नियमों को ताक पर रखकर और विभाग को धोखे में रखकर यह नौकरी प्राप्त की थी. जांच में प्रतिकूल रिपोर्ट मिलने के बाद बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेंदर को पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की थी.

### कैम्ब्रिज एकेडमी वीर कुंवर सिंह गोल्ड कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में



**पटना.** खेमनीचक स्थित श्रीकृष्णा क्रिकेट मैदान में आयोजित 8वें बाबू वीर कुंवर सिंह गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी ने एसपीएस सीसी को 90 रन से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए कैम्ब्रिज ने 21 ओवर में छह विकेट पर 142 रन बनाये.जवाब में एसपीएस सीसीसी की पूरी टीम महज 52 रन पर सिमट गयी.दूसरे क्वार्टर फाइनल में थंडर स्ट्राइकर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रन पर सिमट गयी. जवाब में शंख एकादश ने 14.3 ओवर में तीन विकेट पर 84 रन मैच को जीत लिया.

### रणधीर वर्मा इंटर स्कूल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट 25 जुलाई से

**पटना.** रणधीर वर्मा इंटर स्कूल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 25 जुलाई से श्रीकृष्णा क्रिकेट मैदान, खेमनीचक में किया जायेगा. भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने कहा कि रणधीर वर्मा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट पिछले कई वर्षों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मंच प्रदान कर रहा है. टूर्नामेंट के सभी मुकाबले 21-21 ओवर के नॉकआउट प्रारूप में खेले जायेंगे.खिलाड़ियों के के लिए व्यक्तिगत और टीम पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गयी है.

## विश्व कप के लिए सलीमा की कप्तानी में हॉकी टीम घोषित

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**भारत** ने अगले महीने बेल्जियम और नीदरलैंड में होनेवाले विश्व कप के लिए महिला हॉकी टीम में भरोसेमंद खिलाड़ियों पर ही भरोसा दिखाया है तथा इस टूर्नामेंट के लिए भी सितंबर-अक्तूबर में होनेवाले एशियाई खेलों के लिए चुनी गयी 20 सदस्यीय टीम को ही बरकरार रखा है. टीम की घोषणा शुक्रवार को की गयी, जिसकी कप्तानी सलीमा टेटे करेंगी. मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने इसे एक संतुलित टीम बताया है. विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा. अभी बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में भाग ले रही भारतीय टीम अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है. टीम में सविता और बिचु देवी खारीबाम दो गोलकीपर हैं. रक्षापंक्ति में इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम, लालथंतलुआंगी, ज्योति और शिल्पी डबास शामिल हैं.



### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर** : सविता, बिचू देवी खारीबाम. **डिफेंडर** : इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम, लालथंतलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास. **मिडफील्डर** : निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, दीपिका सोरेंग. फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, रुतुजा दादासो पिसल, नवनीत कौर, दीपिका, इशिका, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग.

## एलपीएल के भारतीय सह मालिक रिश्वत देने के प्रयास में गिरफ्तार

**कोलंबो.** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) फ्रेंचाइजी जाफना किंग्स के सह-मालिक और भारत के एक पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर को शुक्रवार को श्रीलंका की खेल भ्रष्टाचार रोधी जांच इकाई ने एक खिलाड़ी को रिश्वत देने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया. यह गिरफ्तारी टूर्नामेंट के छठे चरण के शुरू होने से कुछ घंटे पहले हुई. इसमें संदिग्ध मनजोत कालरा हैं, जिन्होंने 2018 अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में शतक जड़ा था, जिससे टीम यह मैच जीत गयी थी. उन्हें खेलों से जुड़े अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस विशेष जांच इकाई ने गिरफ्तार किया और बाद में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया. सत्ताईस साल के कालरा ने खेल उद्यमिता में कदम रखते हुए इस साल की शुरुआत में जाफना किंग्स फ्रेंचाइजी में निवेश किया था.

## जिस जर्सी ने ब्राजील को दिलाया पहला विश्व कप, उसकी बोली ₹47 करोड़ लगी

- ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले की 1958 विश्व कप की जर्सी हुई नीलाम

एजेंसियां, न्यूयॉर्क

**फुटबॉल** की दुनिया में कुछ चीजें सिर्फ कपड़ा या धातु नहीं होतीं, वे इतिहास का हिस्सा बन जाती हैं. ऐसी ही एक धरोहर न्यूयॉर्क में नीलाम हुई, जब ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले की 1958 विश्व कप फाइनल में पहनी गयी जर्सी 49 लाख डॉलर (करीब 47.15 करोड़ रुपये) में बिक गयी. यह वही जर्सी है, जिसे पहनकर 17 वर्षीय पेले ने दुनिया को अपना परिचय दिया था और ब्राजील को पहला विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभायी थी. स्वीडन के रासुंडा स्टेडियम में 29 जून



1958 को खेले गये फाइनल में ब्राजील ने मेजबान स्वीडन को 5-2 से हराया था. उस मुकाबले में पेले ने दो गोल दागे थे. विश्व कप फाइनल में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी का रिकॉर्ड आज भी उनके नाम दर्ज है. उसी मैच ने पेले को एक प्रतिभाशाली किशोर से वैश्विक सुपरस्टार में बदल दिया था.

**दूसरी सबसे मूल्यवान जर्सी** : यह जर्सी पेले से जुड़ी अब तक की सबसे मूल्यवान स्मृति-वस्तु बन गयी है. जर्सी को लेकर दुनिया भर के संग्रहकर्ताओं में जबरदस्त दिलचस्पी थी, क्योंकि यह केवल एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि विश्व फुटबॉल के एक युग की निशानी मानी जाती है. हालांकि यह फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी जर्सी नहीं है. यह रिकॉर्ड अब भी अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी रहे माराडोन की 1986 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ पहनी गयी ‘हैंड ऑफ गॉड’ जर्सी के नाम है, जो 2022 में 93 लाख डॉलर में बिकी थी.

## हंसिका ने बुडापेस्ट रैंकिंग कुश्ती सीरीज में रजत पदक जीता

**बुडापेस्ट.** अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हंसिका लांबा ने ‘पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोजमा इस्तवान मेमोरियल सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट’ में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता. हंसिका ने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनायी. उन्होंने जर्मनी की अनास्तासिया ब्लेवास के खिलाफ 2-7 से पिछड़ने के बाद वापसी करके 10-7 से जीत हासिल की. लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले में हंसिका यूक्रेन की मजबूत प्रतिद्वंद्वी नतालिया क्लीवचुत्स्का को कड़ी टक्कर देने के बावजूद ‘प्वाइंट्स’ (वीपीओ) के आधार पर 0-5 से हार गयीं, जिससे उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा.

## पीवी सिंधु जापान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं

### पूर्व विश्व चैंपियन ओकुहारा के नाम वापस लेने के बाद अंतिम चार में पहुंचीं सिंधु

एजेंसियां, तोक्यो

**दो** बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु करीब तीन साल में पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी, जब शुक्रवार को जापान ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से पहले पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा ने नाम वापस ले लिया. 2019 विश्व चैंपियन सिंधु आखिरी बार 2023 डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची थी. इस सत्र में



वह मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी. ओकुहारा को प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की अन सि यंग के नाम वापिस लेने के बाद अंतिम आठ में प्रवेश मिला था. सिंधु का सामना अब तोक्यो ओलिंपिक चैंपियन चेन युफेइ से होगा.

**स्मृति शेष : क्रिकेट के दिग्गज ऑलराउंडर गारफील्ड सोबर्स ने 89 की उम्र में ली अंतिम सांस, क्रिकेट जगत ने जताया शोक**

# नहीं रहे छह गेंदों पर छह छक्के जड़नेवाले दुनिया के पहले क्रिकेटर



एजेंसियां, ब्रिजटाउन

**वेस्टइंडीज** के पूर्व कप्तान और क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक और सर गारफील्ड सोबर्स का शुक्रवार को निधन हो गया. वह 89 वर्ष के थे. इस महान क्रिकेटर के निधन की पुष्टि उनके बेटे डैनियल ने की. दस दिन बाद उनका 90वां जन्मदिन होता. सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक सोबर्स ने मार्च, 1954 से अप्रैल 1974 के बीच 93 टेस्ट खेले और 57.78 की औसत से 8,032 रन बनाये. 26 शतक व 30 अर्धशतक जड़े थे. बाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज सोबर्स ने टेस्ट में 235 विकेट लिये. सिर्फ एक वनडे खेले थे व एक विकेट लिया था. वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी थे.

### अपने शानदार खेल से बदल दी क्रिकेट की परिभाषा

सर गारफील्ड सोबर्स का जन्म 28 जुलाई, 1936 को बारबाडोस में हुआ था. उन्होंने अपने शानदार खेल से क्रिकेट की परिभाषा बदल दी. मैदान पर उनकी फुर्ती और शानदार फील्डिंग ने उन्हें अपनी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में भी शामिल किया. बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें क्रिकेट का सबसे संपूर्ण खिलाड़ी बना दिया. महज 17 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया. सोबर्स के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में साल 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गयी नाबाद 365 रन की पारी शामिल है. उस समय यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था. इस पारी ने उन्हें दुनिया के महान बल्लेबाजों की कतार में खड़ा कर दिया.



### मिले कई बड़े सम्मान

क्रिकेट में असाधारण योगदान के लिए उन्हें नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया था. उन्हें विजडन ने क्रिकेटर ऑफ द सेंचुरी चुना. उन्हें आइसीसी हॉल ऑफ फेम में भी शामिल किया गया. आइसीसी का सालाना पुरस्कार उनके सम्मान में ‘सर गारफील्ड सोबर्स’ पुरस्कार के नाम से दिया जाता है. यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है.

### हर ऑलराउंडर के लिए बने मानक

सोबर्स को सिर्फ उनके रिकॉर्ड के लिए ही नहीं, बल्कि उनके खेल की संपूर्णता के लिए याद किया जाता है. छह दशक से अधिक समय बाद भी दुनिया भर के ऑलराउंडरों का आकलन उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है.

**बीसीसीआइ ने दी श्रद्धांजलि »** सुनील गावस्कर जैसे सीनियर क्रिकेटरों से लेकर वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा क्रिकेटरों ने उनके निधन पर शोक जताया है. भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि सोबर्स ऐसी ‘अमर विरासत’ छोड़ गये हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी.नॉटिंघमशर ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने शानदार खेल से इंग्लिश घरेलू क्रिकेट के अपने पहले ही सत्र में नॉटिंघमशर को 15वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंचा दिया था.

वर्ष : 31, अंक 76, रजिस्ट्रेशन : आर एन 66055/96, पोस्टल रजिस्ट्रेशन : पी टी-42/2009, अखबार के स्वामी न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विकाश कुमार द्वारा न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि., प्लॉट संख्या डी-9-10, पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया, पटना (बिहार) - 800013 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक (पटना संस्करण) : रंजीत प्रसाद सिंह*, संपादक (बिहार) : अजय कुमार, प्रधान संपादक : अंकित शुक्ला, फोन : कार्यालय : 0612-2540550, 9264427606, 9264427607, इ-मेल : patna@prabhatkhabar.in (*पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)




## क्विक बाइट्स

### भुवनेश्वर कुमार बने हेल्थओके मल्टीविटामिन के ब्रांड एंबेसडर




**नयी दिल्ली.** मैनकाइंड फार्मा के शुद्ध शाकाहारी मल्टीविटामिन ब्रांड हेल्थओके ने क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार के साथ नया डिजिटल अभियान शुरू किया है. 'दिखावा नहीं, करके दिखाये' थीम वाले इस अभियान का उद्देश्य भरोसे और सही पोषण का संदेश देना है. हेल्थओके में 19 आवश्यक विटामिन और मिनरल्स, साथ ही टॉरिन और जिनसेंग शामिल हैं.

### यूरिया में आत्मनिर्भर बनने की ओर भारत, नयी निवेश नीति का एलान

**नयी दिल्ली.** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 को मंजूरी दे दी है. इसका उद्देश्य देश में नये गैस आधारित यूरिया संयंत्रों में निवेश बढ़ाना और आयात पर निर्भरता कम करना है. नयी नीति में निवेशकों के लिए 12-16 प्रतिशत सुनिश्चित रिटर्न, लागत में पारदर्शिता और विदेशी मुद्रा जोखिम से सुरक्षा जैसे प्रावधान किये गये हैं. प्रत्येक नए संयंत्र से 250 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होगी.

### पीएम ने बारामती समेत 75 रेलवे स्टेशन राष्ट्र को किया समर्पित

**मुंबई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया. इनमें महाराष्ट्र का बारामती स्टेशन भी शामिल है. 11.40 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का आधुनिकीकरण किया गया है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी.

## निवेशक की मृत्यु के बाद म्यूचुअल फंड का पैसा लेना हुआ आसान, सरल हुए नियम

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**म्यूचुअल** फंड में निवेश करने वाले लोगों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने निवेशक की मृत्यु के बाद उसके म्यूचुअल फंड निवेश को नामित व्यक्ति (नॉमिनी) या कानूनी उत्तराधिकारी के नाम पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को पहले से आसान बनाते हुए नाम, पते और हस्ताक्षर में असंगति से जुड़े नियमों में ढील दी है. अब छोटी-छोटी तकनीकी गलतियों के कारण बार-बार दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे और निवेश राशि का हस्तांतरण पहले की तुलना में जल्दी हो सकेगा. एम्फी ने अपनी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में बदलाव किये हैं. नये नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गये हैं. एसओपी का उद्देश्य परिचालन संबंधी बाधाओं को कम करना और मृत यूनिटधारकों के नामित व्यक्तियों को म्युचुअल फंड निवेश राशि का दावा करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है.

**नाम और हस्ताक्षर में अंतर के लिए समान नियम :** अब सभी एएमसी नाम और हस्ताक्षर में मामूली या बड़े अंतर को एक समान प्रक्रिया के तहत जांचेंगी. इसके लिए रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के पहले से तय दिशा-निर्देशों का पालन किया जायेगा.




**सबसे बड़ा फायदा**

- नामित व्यक्ति (नॉमिनी)
- कानूनी उत्तराधिकारी
- मृत निवेशक का परिवार

### पते में अंतर होने पर राहत

यदि मृत निवेशक के दस्तावेजों में अलग-अलग पते दर्ज हैं, तो एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर सबसे नवीन और सही पते को स्वीकार कर सकती है. इसके लिए केवल पते के अंतर के कारण दावा नहीं रोका जायेगा.

## निवेश अनुकूलता सूचकांक में बिहार पीछे

**नयी दिल्ली.** नीति आयोग के निवेश अनुकूलता सूचकांक में बड़े राज्यों की श्रेणी में बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा है. वहीं गुजरात 56.6 अंक के साथ पहले, महाराष्ट्र 53.7 अंक के साथ दूसरे और तमिलनाडु 53.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे. रिपोर्ट में राज्यों का मूल्यांकन बुनियादी ढांचा, कारोबारी माहौल, संसाधन, सरकारी नीतियां, नियामकीय सुगमता, वित्तीय स्थिति और पर्यावरण जैसे मानकों पर किया गया. पहाड़ी एवं पूर्वोत्तर राज्यों में उत्तराखंड शीर्ष पर रहा, जबकि केंद्र शासित प्रदेशों में लक्षद्वीप का प्रदर्शन सबसे खराब रहा. रिपोर्ट जारी करते हुए नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निवेश बढ़ाना जरूरी है.













*All prices are ex-showroom India. All variants showcased are top models. Vehicle body colour may differ due to the printing process. All variants are subject to availability. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of standard equipment and will differ according to the variant. Available in select cities. ~Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance, it is a driver assist system that enhances driving experience and safety. The driver shall remain responsible for safe, vigilant and attentive driving. "The range is as per various test conditions carried at government affiliated agencies. #Performance may vary based on vehicle Battery capacity, environmental conditions, and connected devices. In view of our policy of continuously improving our products, JSW MG Motor India Pvt. Ltd. reserves the right to discontinue any variant or to alter any specifications, features and designs without prior notice and without liability. For any doubts or clarifications, please reach out to your nearest MG dealership to understand the applicable terms and conditions. **Specified range is as per standard MIDC test procedure (Part I + Part 2), carried out by certifying authority. Range may vary depending on various driving behaviour, traffic conditions, speed, vehicle loads etc. ^T&C Apply. Offer and benefits are applicable only on selected / select variants. ^To know more visit https://www.mgmotor.co.in/vehicles/windsor-ev-electric-car-in-india/terms-and-condition for more details.

**Patna:** MG Patna (9240940506), MG Patna Anishabad (9240940462), MG Patna Saguna Road (9240940470) **Siwan:** MG Siwan (9228858943)

Cheil 32400/26

# DailyEpaper.in

One Place. Endless Reading.

INDIA'S MOST TRUSTED
DIGITAL READING PLATFORM
Newspapers . Magazines . Editorials

15K+ Happy Users in Paid Plan | 7 Million+ Readers on Websites | 100% Safe Secure & Ad-Free

# CHOOSE YOUR PERFECT PLAN

All Newspapers. All Magazines. All Editorials. One Subscription.

## 1 ALL HINDI PASS

Perfect For
Hindi Readers, State Govt Aspirants & General Readers

INCLUDES
- 24+ All Hindi Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

24+ HINDI NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹149~~ ₹79 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ ₹279 |
| 1 YEAR | ~~₹799~~ ₹419 |

CLICK HERE

## 2 ALL ENGLISH PASS

Perfect For
UPSC, SSC, Bank, MBA, Professionals & English Readers

INCLUDES
- 25+ All English Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition -Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

25+ ENGLISH NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹169~~ ₹89 |
| 6 MONTHS | ~~₹599~~ ₹289 |
| 1 YEAR | ~~₹899~~ ₹429 |

CLICK HERE

## 3 PREMIUM NEWSPAPER PASS

Perfect For
UPSC, IAS, Professionals & Editorial Readers

INCLUDES
- The Hindu
- The Indian Express
- Business Line
- The News Indian Express
- Daily Editorial

3-DAY TRIAL
₹19 ~~₹49~~

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹129~~ ₹69 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ ₹269 |
| 1 YEAR | ~~₹699~~ ₹399 |

CLICK HERE

## ★ MOST POPULAR ★

## 4 ALL IN ONE PASS

Perfect For
UPSC, SSC, Banking, PCS, Judiciary, CUET, Researchers & Journalists

INCLUDES
- All Hindi Newspapers (24+)
- All English Newspapers (25+)
- Daily Editorial
- International Newspapers (Top Global Newspapers)
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- 2-Year Backup IN PDF (only in Yearly Plan)

3-DAY TRIAL
₹29 ~~₹69~~

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ ₹129 |
| 6 MONTHS | ~~₹899~~ ₹499 |
| 1 YEAR | ~~₹1299~~ ₹749 |

CLICK HERE

## 5 MAGAZINE PASS

Perfect For
Current Affairs, Knowledge, Business & Exam Preparation

INCLUDES
- 125+ Indian Magazines
- 150+ International Magazines
- Daily Update (New Magazines)
- Easy to Read & Download
- All Categories Covered

125+ INDIAN MAGAZINES
150+ INTERNATIONAL MAGAZINES

| DURATION | PRICE |
|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ ₹149 |
| 6 MONTHS | ~~₹1199~~ ₹699 |
| 1 YEAR | ~~₹1799~~ ₹999 |

CLICK HERE

SINGLE EDITIONS All Papers In One Place | DAILY UPDATES After 6 AM Everyday | EASY TO READ Mobile, Tablet & Desktop | DAILY EDITORIALS Excluded in Every Plan | SECURE & AD-FREE 100% Safe Experience | 24X7 SUPPORT Always Here To Help You

PERFECT FOR ASPIRANTS & PROFESSIONALS
UPSC/IAS | SSC | BANKING | PCS/STATE PCS | JUDICIARY | DEFENCE | RESEARCHERS | STUDENTS

LIMITED TIME OFFER!

Save More with 6 Months & 1 Year Plans!
More Duration, More Savings!

100% Safe Payments
Multiple Payment Options
UPI Paytm PhonePe G Pay VISA RuPay

Trusted By Thousands | 7Million+ Reader on Website | Daily Updates | Unmatched Collection | One Subscription | Endless Benefits